वर्ष-31, अंक- 249, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
26 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### सिल्ली में घर में घुसा रॉयल बंगाल टाइगर

**रांची।** रांची के सिल्ली प्रखंड की कोचो पंचायत के मारदु गांव में एक घर में घुस आए बाघ को 14 घंटे बाद रेस्क्यू कर लिया गया है। पलामू के बेतला स्थित पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से पहुंची विशेष टीम उसे घर से निकालकर बुधवार शाम करीब 6:30 बजे पिंजरे में लाने में सफल रही। बताया गया है कि यह रॉयल बंगाल प्रजाति का टाइगर है। सिल्ली का यह इलाका पश्चिम बंगाल से सटा है। जानकारी के अनुसार, रांची के मुरी स्थित हिंडालको के कारखाने में नाइट शिफ्ट का काम करने वाले पूरन चंद बुधवार सुबह 4:30 बजे घर पहुंचने के बाद बकरी को बाहर निकाल रहे थे, तभी बाघ घर के अंदर दाखिल हो गया। घर के एक कमरे में दो बच्चियां सो रही थीं। पूरन चंद सावधानी बरतते हुए दोनों बच्चियों को लेकर दबे पांव जल्दी से बाहर निकले और घर के बाहर लगे लोहे के दरवाजे को बंद कर दिया। घर में बाघ के बंद होने की खबर मिलते ही देखते-देखते गांव में हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पूरे इलाके में सुबह से लेकर शाम तक भय और कौतूहल का माहौल बना रहा। मारदु गांव में बाघ होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी सक्रिय हुई। रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) की सूचना के आधार पर रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता) की धारा 163 के तहत मौजा-मारदु पंचायत-कोचो, आवासीय परिसर पूरन चंद महतो, मुरी ओपी क्षेत्र के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी। पुलिस ने घर के बाहर मौजूद लोगों को दूर हटाया।

## विभागीय जांच में पारदर्शिता व शीघ्र निष्पादन को लेकर प्रत्येक पखवाड़े समीक्षा बैठक का आदेश

- पलामू प्रक्षेत्र के सभी पुलिस मुख्यालयों में विभागीय कार्यवाहियों की स्थिति पर होगी नियमित समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विभागीय कार्यवाही एवं विभागीय जांच में अनावश्यक विलंब के कारण अपचारी पुलिसकर्मी समय पर आर्थिक लाभ, वित्तीय उन्नयन और प्रोन्नति से वंचित रह जाते हैं। इस स्थिति में सुधार लाने और कार्यवाहियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से पुलिस उप-महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र नौशाद आलम द्वारा एक महत्त्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इसके तहत सभी जिला पुलिस मुख्यालयों एवं विशिष्ट पुलिस प्रतिष्ठानों में प्रत्येक पखवाड़े समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।



जिसमें स्पष्ट किया गया है कि समीक्षा बैठक में संबंधित विभागीय जांच/कार्यवाही से जुड़े सभी पक्षों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसमें विभागीय जांच संचालित कर रहे अधिकारी, संबंधित अपचारी कर्मी और यदि आवश्यक हो तो साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले साक्षी भी शामिल होंगे। बैठक के माध्यम से जांच की वर्तमान स्थिति, उसमें आ रही अड़चनों तथा साक्ष्यों के संकलन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की जाएगी, जिससे जांच प्रक्रिया पारदर्शी बने और अनावश्यक देरी से बचा जा सके। अपचारी कर्मी को इस बैठक के दौरान अपना पक्ष रखने और जांच की प्रगति को समझने का अवसर भी मिलेगा। यह व्यवस्था विभागीय अनुशासन और निष्पक्ष कार्यवाही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

इस आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक, वितंतु पर्यवेक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी पुलिस प्रतिष्ठानों में इसकी सुसंगत जानकारी दें और समीक्षा बैठक का नियमित आयोजन सुनिश्चित करें। यह आदेश पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिलों के समस्त पुलिस प्रतिष्ठानों में तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## केरेडारी में अपराधियों ने दो युवकों को गोली मारी

- दोनों गंभीर रूप से घायल, एक के सीने के पास लगी है गोली
- अपराधियों ने दिनदहाड़े की तीन राउंड फायरिंग, लोगों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिले के केरेडारी सीकरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरा पुल के पास दिनदहाड़े फायरिंग की सनसनीखेज घटना से बुधवार को क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक के सीने के पास गोली लगने की सूचना है। दोनों बड़कागांव प्रखंड के लुरुंगा गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक अपने गांव में शूकर फॉर्म चलाते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार और सीकरी ओपी के एसआई संजीव कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार भी वहां पहुंचे। तीनों के संयुक्त प्रयास से घायलों को तुरंत केरेडारी सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए पहुंचाया गया। घायलों में एक युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। हजारीबाग में हो रहे एक के बाद एक अपराधियों के दुस्साहस से आम जनो में भय का माहौल है।

### वर्षों से लंबित ऐतिहासिक परियोजना अब निर्णायक मोड़ पर

# गंगा नदी को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक पहल को मिली गति

- राज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के डीजी ने की बैठक
- प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी की मुलाकात
- डीपीआर शीघ्र तैयार कर परियोजना को जमीन पर उतारने का निर्णय
- डढ़वा नदी के माध्यम से देवघर तक लाई जाएगी गंगा नदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की प्रेरणा से आरंभ हुई गंगा नदी को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक परियोजना अब निर्णायक मोड़ पर है। यह पहल न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी संपूर्ण झारखंड एवं बिहार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही, श्रावण मास में जो श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से जल लेकर 100 किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं, उन्हें भी इस परियोजना के पूर्ण होने पर बहुत राहत मिलेगी।



गंगा नदी को डढ़वा नदी के माध्यम से झारखंड के देवघर तक लाने की वर्षों से लंबित परियोजना को गति देने के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के महानिदेशक (डीजी) बालेश्वर ठाकुर एवं मुख्य अभियंता एनके मांगलिक के कार्यालय आरके पुरम, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में झारखंड से **शेष पेज 11 पर...**

### धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है परियोजना

रांची। गंगा नदी को देवघर तक लाने की परियोजना धार्मिक ही नहीं, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। गंगा को देवघर तक लाने की ऐतिहासिक पहल डढ़वा नदी के माध्यम से की जा रही है। इसका उद्देश्य देवघर शहर में पानी की कमी को दूर करना है। यह योजना जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुरु की गई है। इसमें गंगा नदी से पाइपलाइन के जरिए डढ़वा नदी, कझिया और गेरुआ नदियों में पानी लाया जाएगा। इस परियोजना से देवघर शहर को 24 घंटे साफ पानी उपलब्ध कराने और रीवर फ्रंट बनाने का भी लक्ष्य है। इस परियोजना से देवघर शहर में पानी की कमी को दूर करने के साथ-साथ, पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। डढ़वा नदी के किनारे रीवर फ्रंट बनने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी। इसके अलावा, देवघर एयरपोर्ट और एम्स को भी पानी मिल सकेगा। यह प्रोजेक्ट देवघर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

## झरिया के लिए संशोधित मास्टर प्लान को मंजूरी

- अवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग कर कोयला खनन से पैदा हुआ संकट

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को कोयले के गलत खनन से संकट का सामना कर रहे झरिया के पुनर्वास से जुड़े मास्टर प्लान में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। संशोधित योजना पर कुल 5,940 करोड़ 47 लाख रुपए का वित्तीय परिव्यय आएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 'संशोधित झरिया मास्टर प्लान (जेएमपी)' को मंजूरी दी। झरिया कोयला क्षेत्र में कई परिवार आग, भू-धंसाव तथा अन्य समस्याओं से प्रभावित हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के प्रस्तावों की राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के चरणबद्ध कार्यान्वयन से आग तथा धंसाव से निपटने तथा प्राथमिकता पर प्रभावित परिवारों को अत्यंत विकट स्थलों से सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों के राष्ट्रीयकरण से बहुत पहले कई वर्षों तक अवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करके खनन किया जाता था। इससे दशकों से पूरे झरिया क्षेत्र में भूमिगत आग जल रही है। इससे स्थानीय निवासियों को बहुत परेशानी हो रही है। आग की लपटें अक्सर जमीन से ऊपर उठती हैं और अक्सर जमीन में धंस जाती हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि संशोधित जेएमपी योजना में पुनर्वासित परिवारों की स्थायी आजीविका के साधन सृजित करने पर जोर दिया गया है। पुनर्वासित परिवारों की आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए विशेष कौशल विकास और रोजगार परक उपाय किए जाएंगे। एक लाख रुपए का आजीविका अनुदान और वैध भू-स्वामित्व धारक (एलटीएच) परिवारों और अपंजीकृत भू-धारक (नॉन-एलटीएच) परिवारों- दोनों को तीन लाख रुपए तक संस्थागत ऋण सहायता दी जाएगी।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## 'ऑपरेशन सिंदूर' है शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




गीता दुबे

ऑपरेशन सिंदूर' के वीर सपूतों, आपके अदम्य साहस, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान ने पुनः पूरे विश्व को बता दिया कि जो भारत से टकराएगा, उसका अस्तित्व मिट जाएगा। आपने तिरंगे की शान में अपना लहू बहाकर इतिहास रचा है। आपको कोटि-कोटि नमन। आज मन में आपकी कुबार्नी का वही गीत गूंज रहा है- 'जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी
जो लड़े देश के वास्ते, बन गए अमर कहानी।'

वीर सपूतो, आपने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत न केवल आतंकियों के मंसूबों को विफल किया, बल्कि बल्कि देश की जनता को यह भरोसा भी दिलाया कि भारतीय सैनिक हर परिस्थिति में उनके अटूट रक्षक हैं। आपका बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक अमर गाथा है — शौर्य, समर्पण और देशभक्ति की गाथा। हम वीर जवानों की शहादत को अपने कर्तव्य और निष्ठापूर्ण सेवा के माध्यम से सच्चा सम्मान दे सकते हैं। जब हम अपने कार्यों को ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे, जब हम राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखेंगे, तभी हम वास्तव में उन शहीदों के ऋण को चुकाने की दिशा में एक सार्थक कदम उठा सकेंगे।

## लोहरदगा के कुडू में लेवी वसूलने आए पीएलएफआई के दो उग्रवादी गिरफ्तार

- 30 हजार नकदी, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद,
- दो अलग-अलग मामलों में थी तलाश

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कुडू थाना क्षेत्र में चल रहे एक पुल निर्माण कार्य से लेवी वसूली कर रहे संगठन के दो उग्रवादियों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए उग्रवादियों की पहचान खूंटी निवासी निखिल मुंडा उर्फ पिंटू और सुनील सांगा के रूप में किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लेवी के 30 हजार रुपए नकद, एक मोबाइल फोन और एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस संदर्भ में लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि पलामू के रहने वाले वादी नेयाज अहमद खान के लिखित आवेदन पर पुलिस ने पहले कुडू थाना कांड संख्या 13/25, दिनांक 05.02.2025, धारा 308(2)/308(4) भा.न्या.सं. एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। वादी से पीएलएफआई के नाम पर लेवी की मांग की गई थी, साथ ही वाट्सएप के माध्यम से संगठन का पर्चा भी भेजा गया था। बाद में लेवी की मांग दोबारा की गई, और मांग पूरी नहीं होने पर लावागाई स्थित पुल निर्माण स्थल पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर पीएलएफआई संगठन का पर्चा भी छोड़ा गया। **शेष पेज 11 पर...**

## मनहो चौक पर भीषण सड़क हादसा एक की मौत के बाद सड़क जाम

**लोहरदगा।** जिले के मनहो चौक पर बुधवार को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने एक बार फिर क्षेत्र की सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान खुर्शीद अंसारी के रूप में हुई है। वहीं घायल दीपक उराँव को गंभीर स्थिति में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और गहरी नाराजगी जताते हुए मनहो चौक पर सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की, साथ ही दुर्घटनास्थल पर स्पीड ब्रेकर (ठोकर) लगाने की भी जोरदार मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मनहो चौक अत्यधिक व्यस्त मार्ग है, जहाँ अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ठोकर नहीं होने के कारण चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे जान-माल का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी कई बार ठोकर लगाने की मांग की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद ही ग्रामीणों ने जाम हटाया। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और शीघ्र ही स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने का आश्वासन दिया।

## भारत की नई उड़ान, फ्लोरिडा से एक्सिओम-4 मिशन लांच

- स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला
- मिशन लांच होने के बाद भावुक हुआ परिवार
- शुभांशु के साथ हैं तीन और अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत ने अंतरिक्ष की ओर नई उड़ान भरी है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए बुधवार को रवाना हुए। फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में कांप्लेक्स 39ए से एक्सिओम-4 मिशन को लांच किया गया। शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री एक्सिओम स्पेस के एक मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा पर निकले हैं। सफल लांचिंग के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सोशल मीडिया के जरिए अपडेट दिया। नासा ने 'एक्स' पर लिखा, हमने एक्सिओम मिशन-4 की उड़ान भरी है। एक्स-4 मिशन 25 जून को सुबह 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार, दोपहर 12:01 बजे) पर लांच कांप्लेक्स 39ए से उड़ान भर गया, जिसमें चार निजी अंतरिक्ष यात्री 14 दिनों तक के मिशन के लिए स्पेस स्टेशन पर गए हैं। एक्सिओम स्पेस ने भी पोस्ट किया है, जिसने लिखा, एएक्स-4 के लिए उड़ान। एएक्स-4 का चालक दल स्पेस स्टेशन की ओर बढ़ रहा है। इस मिशन में शामिल स्पेसएक्स ने जानकारी दी कि ड्रैगन फाल्कन 9 के दूसरे चरण से अलग हो गया है। नासा ने अंतरिक्ष यान के अलग होने की पुष्टि की। नासा ने लिखा, अपने स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में स्वतंत्र रूप से उड़ान भरते हुए एएक्स-4 के चालक दल स्पेस स्टेशन की अपनी यात्रा के एक कदम **शेष पेज 11 पर...**

## इंडिया | जबरन नसबंदी भय भरा अनुशासन और ईमानदारी वाला आपातकाल



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

50 साल बीत गए और दो पीढ़ियों के बाद 25 जून, 1975 फिर से चर्चा में है पीएम मोदी सहित कैबिनेट ने दो मिनट का मौन रखकर आपातकाल के मृत और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, यह संविधान हत्या दिवस के देशव्यापी आयोजन के अलावा था । दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि '11 साल से देश में अघोषित आपातकाल है।' आज की युवा पीढ़ी तब के आपातकाल की स्थितियों पर गूगल पर सर्च कर रही है और सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक बात सबसे कम चर्चा में है कि तब नागरिक अधिकारों को भले छीन लिया गया था पर देश की भ्रष्ट सरकारी व्यवस्था मारे भय के सुधर गई थी सभी कार्यालय समय पर खुलते,बिहार में घूसखोरी बंद हो गई थी और ट्रेनों तक का परिचालन समय पर होने लगा था जबकि जबरन नसबंदी का ऐसा भय फैला था कि लोग यात्रा तक करने से डरने लगे थे क्योंकि चर्चा थी कि कुछ अविवाहितों की भी नसबंदी करा दी गई थी । आरोप प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी पर लगे थे हालांकि वे किसी आधिकारिक पद पर नहीं थे पर उन्होंने आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी सहित 600 से अधिक दिग्गज विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कराया। सीएम बंसीलाल की हरियाणा पुलिस दिल्ली में छापेमारी कर राजनेता, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं को निशाने पर लिया। गिरफ़्तारियों की खबर दबाने के लिए दिल्ली के प्रिंटिंग प्रेस की बिजली काटने के आदेश जारी किए, जिससे कई अखबारों का प्रकाशन ही नहीं हो पाया।25 जून को सरकार ने डिफेंस ऑफ़ इंडिया रूल्स लागू किया और संपादकों को 'दिशानिर्देश' दिया गया- कोई आलोचना नहीं, कोई अशांति की रिपोर्ट नही। थोड़े समय तक विरोध जताने के बाद मीडिया ने सरकार की बात मान ली।बीजेपी नेता आडवाणी ने इस नतमस्तक होने पर एक टिप्पणी की थी, जो बड़ी प्रसिद्ध हुई- "जब उनसे झुकने के लिए कहा गया, तो वे रेंगने लगे।"प्रतिरोध के सिर्फ कुछ ही झंडे लहरा रहे थे। 30 जून तक केंद्रीय सेंसरशिप समिति ने सरकार की सख्त नीति तक हर प्रकाशन की छानबीन शुरू कर दी। 27 जून को एक अध्यादेश से संविधान प्रदत्त सुरक्षा बंदी प्रत्यक्षीकरण (हबीज कॉरपस) निरस्त हो गई ।इंडिया टुडे



के अनुसार 1976 के मध्य तक 100,000 कैदी तिहाड़ और बैंगलोर सेंट्रल जैसी जेलों में सड़ रहे थे, जिन्हें कानूनी सहायता नहीं मिल पा रही थी। दिल्ली के तुर्कमान गेट से शुरू हुए झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने के अभियान ने सैकड़ों लोगों को विस्थापित कर दिया गया। जगमोहन द्वारा संचालित इस विध्वंस अभियान ने संजय को आधुनिक शाहजहां का नाम दिया ।इस दौरान संजय गांधी का सपना देश की बढ़ती आबादी को कंट्रोल करना था। पूरे भारत में जबरन नसबंदी शुरू हुई, जिसमें सरकार ने कोटा तय किया। जिसके तहत सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीणों को मजबूर किया गया। डॉक्टरों को अभियान के लिए एक आकर्षक नारा दिया गया था- "जनसंख्या अनुशासन।"1976-77 के दौरान लगभग 62 लाख से एक करोड़ दस लाख नसबंदी की गई। इसमें से अधिकतर पुरुष थे। लेकिन इस कार्यक्रम में खूब जबरदस्ती हुई ।उत्तर प्रदेश में इसके लिए शिविर लगाए गए। इन नसबंदी शिविरों में रोजाना हजारों नसबंदी किए गए। कुछ रिपोर्टों के अनुसार प्रतिदिन 5,500 से ज़्यादा नसबंदियां हुई।

टारगेट पूरा न होने पर शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों को वेतन कटौती जैसे दंड का सामना करना पड़ा। कुछ मामलों में पुलिस ने कथित तौर पर पुरुषों को, अविवाहित या निःसंतान पुरुषों तक को पकड़ा और उनकी जबरन नसबंदी कर दी। हड़बड़ी में हुई नसबंदी के कारण संक्रमण हुए और कुछ लोग मरे भी। संजय गांधी की राजनीतिक सचिव रुखसाना सुल्ताना इस दुःस्वप्न का प्रतीक बन गई। अपने बड़े काले चश्मे और स्टाइलिश सूट के लिए चर्चित सुल्ताना ने जामा मस्जिद के पास पुरानी दिल्ली के दुजाना हाउस में एक कुख्यात नसबंदी केंद्र चलाया। सरकारी बयानों के अनुसार अपनी मुस्लिम पहचान का लाभ उठाते हुए सुल्ताना ने 15,000 लोगों को इस प्रक्रिया के लिए प्रेरित किया। पत्रकार ख्वाजा अहमद अब्बास ने लिखा है कि जनसंख्या नियंत्रण में उनकी भूमिका के लिए उन्हें प्रोत्साहन के रूप में 84,000 रुपये का भुगतान किया गया था ।उस दौर में सुल्ताना अपार शक्तियों की स्वामिनी थी। अब्बास एक घटना का वर्णन करते हैं जब एक टॉप पुलिस अधिकारी उनके इंतजार खड़ा था और सुल्ताना पुरानी दिल्ली में डिनर कर रही थीं ।रुखसाना सुल्ताना बुटीक मालकिन और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। संजय गांधी ने रुखसाना को पुरानी दिल्ली के संवेदनशील क्षेत्र में नसबंदी को प्रोत्साहन देने का जिम्मा सौंपा, जहां उन्होंने हजारों पुरुषों की नसबंदी कराने में योगदान दिया। उन्होंने पुरानी दिल्ली क्षेत्र, विशेष रूप मुस्लिम बहुत इलाकों में इस अभियान को सख्ती से लागू करवाया ।उनकी भूमिका विवादों में घिरी रही। इसकी प्रतिक्रिया में 1977 में इंदिरा गांधी चुनाव हार गई, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तरी राज्यों में अभियान सबसे उग्र था। यहां कांग्रेस पार्टी का वोट प्रतिशत गिर गया और "नसबंदी" शब्द आपातकालीन ज्यादतियों का पर्याय बन गई थी।

## एक नजर

### एके सिंह कॉलेज, जपला के कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया कार्य

**हुसैनाबाद।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के आह्वान पर एके सिंह कॉलेज, जपला के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने बुधवार को काली पट्टी लगाकर नियमित कार्य किया। यह आंदोलन झारखंड सरकार द्वारा स्वीकृत वर्ष 2024-25 की अनुदान राशि अब तक महाविद्यालयों को हस्तांतरित नहीं किए जाने के विरोध में किया गया। महासंघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 17 जून को पत्र देकर 24 जून तक अनुदान राशि स्थानांतरित करने की मांग की थी। हालांकि आश्वासन के बावजूद यह राशि नहीं दी गई, जिससे नाराज होकर शांतिपूर्ण विरोध की रूपरेखा बनाई गई है। आंदोलन के तहत 26 जून को शिक्षक स्थानीय विधायकों को ज्ञापन सौंपेंगे तथा 28 जून को विश्वविद्यालय मुख्यालय में धरना देंगे। इस मौके पर कुल सचिव को सामूहिक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जवाहर पथ की बदहाल सड़क बनी मुसीबत

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित व्यस्ततम जवाहर पथ की सड़क और जल निकासी व्यवस्था वर्षों से नारकीय बनी हुई है। बरसात के आते ही स्थिति और बदतर हो जाती है, जब नालियों का गंदा पानी और कीचड़ सड़क पर बहने लगता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि निजी घरों की नालियों का निकास व्यवस्था विफल हो चुका है। नालियों के संकुचित और जमींदोज हो जाने से गंदा पानी मुख्य सड़क पर फैल जाता है। परिणामस्वरूप लोगों को घरों के ओटों और चबूतरों से होकर गुजरना पड़ता है। निवासियों ने वर्षों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, पर कोई समाधान नहीं हुआ। विनोद वर्मा, आकाश शाहिदेव, अरुण वर्मा, दिलीप अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस मुहल्ले में नया ढक्कनयुक्त नाला निर्माण जरूरी है। लोगों ने विधायक से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से कई बार मांग की, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### फुट ओवरब्रिज अधूरा, रेल लाइन पार करना जोखिम भरा

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन के आधुनिकीकरण और थर्ड लाइन विस्तारीकरण के बाद भी मोहम्मदगंज स्टेशन पर यात्रियों और ग्रामीणों को सुरक्षित आवाजाही की सुविधा नहीं मिल पाई है। अधूरा फुट ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की अनुपस्थिति के कारण लोगों को अब भी रेल पटरियों को पार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि पहले दो ट्रैक पार करना अपेक्षाकृत आसान था, लेकिन अब थर्ड लाइन बनने के बाद हर पांच मिनट में तेज गति से गुजरती मालगाड़ियों के कारण खतरा बढ़ गया है। दिसंबर 2024 में केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने डीआरएम राजेश गुप्ता को निर्देश दिया था कि ओवरब्रिज का पूर्व और पश्चिम दिशा में विस्तार किया जाए, जिससे रामनगर, राजनडीह, झरिवा और नदीपर जैसे गांवों के लोगों को सुविधा मिल सके।

---

**हुसैनाबाद में बिजली चोरी पर कार्रवाई**

# जपला बिजली विभाग ने छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की, इलाके में मचा हड़कंप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला बिजली विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। ये आरोपी लगरकोट, भैरोपुर और गांवखाप गांवों के रहने वाले हैं। छापेमारी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) रांची के निर्देश पर की गई। कार्रवाई की अगुवाई सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने की। उनके नेतृत्व में गठित छापेमारी दल में अशोक मेहता, दशरथ कुमार, संजीत कुमार, राजकुमार यादव सहित मानव बल शामिल थे। छापेमारी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि आगे भी बिजली चोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली का वैध उपयोग करें और चोरी से बचें। विभाग का यह कदम उपभोक्ताओं को विद्युत कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। बिजली चोरी को लेकर सख्ती दिखाते हुए विभाग ने साफ किया है कि भविष्य में पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई और भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। इससे ईमानदार उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

## डीडीसी से मिले शिक्षक, विद्यालय विकास के लिए रखी माँगें




**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा (पलामू)।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के शिक्षक बुधवार को उपविकास आयुक्त (डीडीसी) मोहम्मद जावेद हुसैन से मुलाकात कर उन्हें पौधा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय विकास से संबंधित कई मांगें भी रखीं। शिक्षक ने बताया कि विद्यालय में प्रशिक्षित मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है, लेकिन बाह्य भौतिक संसाधनों की कमी के कारण शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने विद्यालय परिसर में बहुउद्देश्यीय भवन, पीने योग्य जल, साइकिल स्टैंड, करियर मार्गदर्शन केंद्र, खेल मैदान और बाउंड्री वॉल निर्माण की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में चयनित किया गया है और प्रति वर्ष 2000 से अधिक छात्र नामांकित होते हैं। बाउंड्री वॉल के अभाव में विद्यालय परिसर असामाजिक तत्वों के लिए खुला बना हुआ है, जिससे नशा सेवन जैसी गतिविधियाँ भी सामने आ रही हैं। डीडीसी ने शिक्षक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### सांप काटने के झाड़फूंक के बजाय अस्पताल पहुंचाएं - प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

**मोहम्मदगंज।** विषैले जीव-जंतुओं के काटने की घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कदम उठाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने निर्देश जारी कर सभी बीटीटी, सहिया साथी और स्वास्थ्य सहियाओं को कहा है कि झाड़फूंक में समय गंवाने के बजाय पीड़ितों को तुरंत अस्पताल पहुंचाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश हाल ही में सर्पदंश से पीड़ित भुईंया टोला निवासी सुरेश भुईंया की मौत के बाद जारी किया गया। पीड़ित को झाड़फूंक के लिए ले जाने के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाया और उसकी मौत हो गई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता के प्रयास से विभाग ने यह कार्रवाई की। डॉ. कुमार ने कहा कि बरसात के मौसम में सांप काटने जैसी घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में लोगों को जागरूक करना और समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने चेताया कि लापरवाही की स्थिति में संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों की जवाबदेही तय की जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## ए.के. सिंह कॉलेज, जपला में 'योग दर्शन' पर क्विज प्रतियोगिता संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज, जपला में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में योग दर्शन का योगदान' विषय पर तीन घंटे की लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। कॉलेज के प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने बताया कि योग दर्शन विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एकेडमिक इंचार्ज डॉ. रामसुभग सिंह द्वारा वार्षिक क्विज कैलेंडर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि हर माह एक विषय पर प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन योग दिवस (21 जून) को ध्यान में रखते हुए किया गया था। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह और प्रोफेसर रेखा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

## जुलूसों के दौरान नहीं कटेगी बिजली झंडा-डीजे वाहन की ऊंचाई तय

● **हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेबीवीएनएल ने जारी की गाइडलाइन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने पर्व-त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति बनाए रखने और सुरक्षित जुलूस संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार, अब किसी भी धार्मिक आयोजन में शामिल झंडों की ऊंचाई चार मीटर और डीजे वाहन की अधिकतम ऊंचाई 13 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित आयोजकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसओपी के तहत आयोजनों में वालंटियरों की तैनाती, बिजली तारों और उपकरणों से दूरी बनाए रखने, ट्रांसफार्मर पर बेरिकेटिंग और चेतावनी बोर्ड लगाने जैसे निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, 24x7 विद्युत नियंत्रण कक्ष और आवश्यक मेंटेनेंस कार्य भी आयोजन से पहले किए जाएंगे। गौरतलब है कि रामनवमी, मोहर्रम जैसे आयोजनों के दौरान बिजली कटौती से नागरिकों को परेशानी होती थी। अब यह समस्या दूर होने की उम्मीद है। यह गाइडलाइन आम नागरिकों और आयोजकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है।

## न्यूज | बॉक्स

### सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**हरिहरगंज (पलामू)।** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और विशिष्ट अतिथि बीईईओ राकेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम में धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरा के पूर्व प्रधानाध्यापक कृष्णदेव सिंह और सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह ने भी विशेष रूप से भाग लिया। अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय प्रसाद राय ने की, जबकि संचालन शिक्षक डॉ. ओरेन्द्र कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी रॉबर्ट गुप्ता, शिक्षक नागदेव यादव, गोपाल शरण राणा, नीरज कुमार सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह, डॉ. राजकुमार, ऋषिकेश कुमार, कपिल कुमार, विनय त्रिपाठी, अबू साद, सलमा लकड़ा, अंजली कुमारी, राकेश कुमार, राहुल कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### पंचायतों में कंक्रीट चेयर योजना पर सवाल



**नावाबाजार पलामू।** पंचायतों में 15वें वित्त अनुदान मद से कंक्रीट चेयर लगवाने की योजना पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ये चेयर न तो जनोपयोगी हैं और न ही टिकाऊ, बावजूद इसके पंचायतों में लाखों की योजनाएं स्वीकृत की जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, मुखिया को 1.50 लाख रुपये तक की योजनाएं बिना एमबी कराए मंजूर करने का अधिकार है। इसी का फायदा उठाकर पंचायतों में अव्यवस्थित और बेकार जगहों पर कंक्रीट चेयर लगाई जा रही हैं। एक यूनिट चेयर (8 कुर्सियों) की वास्तविक कीमत 3500 रुपये प्रति चेयर है, लेकिन इसे 18900 रुपये प्रति यूनिट दिखाया गया है। इस तरह एक योजना में तीन यूनिट (करीब 1.5 लाख रुपये) की चेयर लगाई गईं और भुगतान भी कर दिया गया, जबकि मापी पुस्तिका तक संधारित नहीं की गई। लोगों का कहना है कि चेयर कुछ ही समय में टूट रही हैं, जिससे गुणवत्ता पर भी सवाल उठता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधि ऐसी योजनाओं को प्राथमिकता दे रहे हैं जो दिखावटी हैं, जबकि पानी, सड़क, जलनिकासी जैसी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। मामले में जांच और पारदर्शिता की मांग की जा रही है।

### बेदौलिया विद्यालय में त्रैमासिक शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी संपन्न

**हुसैनाबाद।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेदौलिया में बुधवार को त्रैमासिक शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा प्रभा देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक जय प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में विद्यालय में सकारात्मक वातावरण निर्माण, लर्निंग गैप कम करने, निपुण भारत, एफएलएन कार्यक्रम, खेलकूद, स्कूल स्कोर कार्ड, छात्रों की उपस्थिति और यूनिफॉर्म वितरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय परिसर की स्वच्छता, नशा मुक्ति, बाल विवाह, पोस्को एक्ट, अभिभावकों की भूमिका, स्वअध्ययन और आस-पास के बच्चों को विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। स्कूल के आसपास नशीली दवाओं के उपयोग पर रोक और कूड़ेदान प्रयोग की अपील की गई। उपस्थित सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन के इन बिंदुओं का समर्थन किया। बैठक में सहायक शिक्षक रामनाथ राम, रसोईया वैजयंती देवी व सुनीता देवी, अभिभावक संतोष कुमार, सूरज कुमार, अखिलेश कुमार, प्रमोद चंद्रवंशी, सोनी देवी, बीणा देवी, शांति देवी, अनीता देवी, रीता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## अग्निशमन विभाग ने दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण



▸ **फायर स्टेशन ने शहर के अस्पतालों में चलाया जागरूकता अभियान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** हुसैनाबाद अग्निशमन कार्यालय द्वारा बुधवार को हरिहरगंज शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। इसमें आयुष हॉस्पिटल, संजीवनी नर्सिंग होम, देवंती एंड अंजू हेल्थ केयर सहित अन्य स्थानों को शामिल किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि आगजनी की घटनाएं अक्सर लापरवाही और जानकारी की कमी से होती हैं। अगर लोग सतर्क रहें और समय पर कदम उठाएं, तो ऐसी घटनाओं को टाला जा सकता है। उन्होंने आग लगने की स्थिति में प्राथमिक प्रतिक्रिया, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग और आपातकालीन बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में हवलदार मोहन चौधरी, संजय कुमार, प्रीतम कुमार, डॉ. सूरज कुमार, डॉ. प्रिया सिंह, निधि सिंह चौहान, जनार्दन यादव सहित दर्जनों चिकित्सक व स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रतिभागियों को अग्निशमन उपकरणों का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉ. अरविंद कुमार ने इस पहल को समाज के लिए जरूरी बताया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता जताई। नागरिकों ने अग्निशमन विभाग की इस जागरूकता पहल की सराहना करते हुए इसे नियमित रूप से चलाने की मांग की।

## शांति समिति की बैठक, ड्रोन से निगरानी और कड़ी सुरक्षा के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को हरिहरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीएम छतरपुर आशिष गंगवार ने की जबकि संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित सभी समुदायों के लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। एसडीएम ने कहा कि जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा और पूरे जुलूस की निगरानी ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस में किसी विदेशी देश या प्रतिबंधित संगठन का झंडा या चिन्ह नहीं रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ मैसेज या विवाद की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित लोगों ने जुलूस मार्ग की सफाई की मांग की। इस मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, एसआई रंजीत कुमार सिंह, अविनाश कुमार, धनंजय गोप सहित प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बीडीसी बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, जनहित को प्राथमिकता देने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को बीडीसी की बैठक का आयोजन प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम विकास, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा की गुणवत्ता, बिजली आपूर्ति, बाल विकास परियोजना और बैंकिंग सेवाओं की स्थिति सहित कई विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही बटाने नदी के पुनः सृजन के मुद्दे पर विशेष चर्चा की गई। प्रमुख कमला देवी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में सभी विभागों का सक्रिय सहयोग और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने कहा कि बैठक में लिए गए निर्णयों को जल्द लागू किया जाएगा और सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने बीडीसी सदस्यों से भी अपने क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में सीओ मनीष कुमार सिन्हा, सीएचसी प्रभारी डॉ. गोपाल प्रसाद, बीईईओ राकेश कुमार, एमओ सह बीएओ ब्रजेश कुमार, बीपीओ अभय दुबे, एसआई धनंजय गोप, जेएसएलपीएस बीपीएम मुकेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, मुखिया और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुखिया की मनमानी से वंचित रह रहे गरीब पंचायतों में अबुआ आवास योजना में भारी गड़बड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के पंचायतों में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। पात्र गरीबों को योजना से वंचित कर सक्षम और सम्पन्न लोगों को लाभ दिया गया है। चेचरिया गांव निवासी रागिनी देवी जैसी कई महिलाएं, जिनका नाम पीएम आवास सूची में शामिल है और जिनका जियो टैग भी हो चुका है, आज तक आवास राशि से वंचित हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसे परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया गया है जिनके पास पहले से पक्का मकान, चारपहिया वाहन, ट्रक और दो मंजिला इमारतें हैं। आरोप है कि पंचायत सचिव और स्वयंसेवक द्वारा पैसे लेकर अपात्र लोगों को लाभ दिलाया गया। खुद स्वयंसेवक भी इस अनियमितता को दबी जुबान स्वीकारते हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लाभुकों की सूची मांगी गई थी, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यह पंचायत और प्रखंड प्रशासन की संलिप्तता को दशार्ता है। अनुज राम ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि अबुआ आवास योजना का लाभ उन्हीं को दिया गया, जिन्होंने पैसे दिए। वहीं जरूरतमंद गरीब बेघर होकर आज भी पंचायत और प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे इस पूरे मामले को लेकर पलामू उपायुक्त से मिलेंगे और जांच की मांग करेंगे। उनका दावा है कि निष्पक्ष जांच होने पर बड़े घोटाले का पदार्फाश होगा।

### लोगों ने जताई गरीब रथ के ठहराव की आस

**मोहम्मदगंज।** रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जुलाई माह में ट्रेनों की नई समय-सारणी जारी होने के साथ ही ठहराव सुनिश्चित करने और किराए में बदलाव पर निर्णय लिया जाता है, ऐसे में इस बार गरीब रथ का ठहराव तय हो सकता है। जनता का कहना है कि सांसद विष्णुदयाल राम ने इस मुद्दे को संसद, रेलमंत्री और रेलवे बोर्ड तक कई बार उठाया है। 19 फरवरी को धनबाद में आयोजित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक और नई दिल्ली में रेलमंत्री से भेंट के साथ-साथ संसद में भी यह मुद्दा उठाया गया था। इन प्रयासों से उम्मीद जगी है कि जल्द ही स्टेशन पर गरीब रथ का ठहराव संभव हो पाएगा। गरीब रथ के ठहराव से आसपास के सीमावर्ती गढ़वा, कैमूर और रोहतास जिले के लोगों को दिल्ली एम्स, प्रयागराज व कानपुर जैसे बड़े शहरों तक आसान पहुंच मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने सांसद से एक बार फिर ठहराव को लेकर सार्थक कदम उठाने की मांग की है। मांगकर्ताओं में जिला पार्षद अंजू देवी, सत्यनारायण सिंह, महेंद्र सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, मंटू दास, शुभम सिंह, नगीना सिंह, कमला देवी सहित कई अन्य शामिल हैं।

## मनरेगा बीपीओ का योगदान पूर्व पदाधिकारी को दी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) के पद पर रंधीर कुमार जयसवाल ने बुधवार को योगदान दिया। इसके साथ ही निवर्तमान बीपीओ आबेदीन अंसारी को विदाई दी गई। इस अवसर पर मनरेगा कर्मियों ने अंगवस्त्र भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत और विदाई समारोह संपन्न किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनरेगा संघ के अध्यक्ष मणिशंकर मिश्रा ने की। मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र कुमार, कनिय अभियंता जनेश कुमार मेहता, बृजलाल यादव, रोजगार सेवक राकेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, संतोष चौधरी, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय सिंह, धनंजय पासवान, मुकेश पाल, परवेज अंसारी, उपेंद्र कुमार और राधेश्याम कुमार सहित सभी कर्मी उपस्थित थे। समारोह के बाद नवपदस्थापित बीपीओ की अध्यक्षता में विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें योजनाओं की प्रगति और कर्मियों की जिम्मेदारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। निवर्तमान बीपीओ को उनके कार्यकाल के लिए सभी कर्मियों ने धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं।

**जागरूकता** | **बालिका विद्यालय में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान**

# पुलिस ने छात्राओं को नशे से बचने व सूचना देने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू)।** 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत बुधवार को हरिहरगंज पुलिस द्वारा बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसआई रंजीत कुमार सिंह ने थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर किया। एसआई सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को बल्कि मानसिकता और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि अगर उन्हें किसी व्यक्ति के नशा सेवन या नशा फैलाने की जानकारी मिले तो तुरंत टोल फ्री नंबर 112 पर सूचित करें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह, शिक्षक अनुप कुमार, रंजीत कुमार, केदारनाथ मौर्य, शिक्षिका अर्पणा कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्राएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने अभियान को सराहा और नशा विरोधी संकल्प लिया।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गुलाबचंद कॉलेज में नुक्कड़ नाटक




**छतरपुर (पलामू)।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। छात्राओं ने रंगमंच के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रो. मुन्नी देवी ने कहा कि नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर बना देता है, इसलिए परिवार की महिलाओं को सबसे पहले इस ओर ध्यान देना चाहिए। नाटक में पूजा कुमारी, शोभा कुमारी, रेहाना, प्रवीण, आरती कुमारी ने भाग लिया और प्रभावशाली अभिनय से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राज मोहन और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अमित कुमार ने किया। मौके पर प्रो. रोहित कुमार, विवेक कुमार, अंकित कुमार सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 60वीं पुण्यतिथि पर स्मरण की गई मातेश्वरी जगदंबा

**हुसैनाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के जपला स्थित सद्भावना भवन में मातेश्वरी जगदंबा की 60वीं स्मृति दिवस श्रद्धा और भाव से मनाई गई। इस अवसर पर बीके नीरज, बीके पूनम सहित अनेक ब्रह्माकुमारी बहनों और भाईयों ने मातेश्वरी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके जीवन के प्रेरणास्रोत प्रसंगों को साझा किया। बीके नीरज ने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा का जीवन संपूर्ण आत्मविश्वास, ईश्वरभक्ति और जनकल्याण को समर्पित था। वे ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका थीं। उनका जीवन परमात्मा शिव के प्रति पूर्ण निष्ठा और आज्ञापालन का उदाहरण है। बीके पूनम ने उन्हें ईश्वरीय मार्ग की पथप्रदर्शक बताते हुए कहा कि मम्मा ने अपने जीवन के २८ वर्षों तक कठिन साधना के साथ सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर बीके धीरज, बीके रितिका, आनंद किशोर, रामनरेश यादव, बीके कृष्णा, शोभा माता, अंजू माता, अंजली, शकुंतला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एमएमसीएच में छात्रों का विरोध प्रदर्शन ओपीडी सेवाएं ठप, मरीज परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल स्थित मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में बुधवार को मेडिकल छात्रों ने अनुशासन समिति द्वारा दो छात्रों के निलंबन के विरोध में अस्पताल अधीक्षक कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निलंबन रद्द करने की मांग की। विरोध में मेडिकल छात्रों ने आपातकालीन सेवा को छोड़कर सभी ओपीडी सेवाओं को ठप रखा, जिससे सैकड़ों मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। छात्र "महतो इस्तीफा दो" जैसे नारे लगा रहे थे और धूप में बैठकर लगातार धरना दे रहे थे। छात्र प्राचार्य डॉ. पीएन महतो पर मनमानी, छात्राओं के पहनावे पर टिप्पणी, मानसिक उत्पीड़न और प्रताड़ना के आरोप लगा रहे थे। छात्रों का कहना था कि प्राचार्य छात्रों को जानबूझकर टारगेट करते हैं, धमकी देते हैं कि करियर बर्बाद कर देंगे और उन्हें फेल कर देंगे, बस सेवा समय पर नहीं चलती जिससे ड्यूटी में देरी होती है, और अस्पताल आने के लिए परेशानी होती है। छात्रों की बात सुनाने के लिए अस्पताल अधीक्षक और संबंधित डॉक्टर कई बार गए लेकिन छात्र प्राचार्य को बुलाने और निलंबन रद्द होने तक आंदोलन जारी रखने की जिद पर अड़े रहे। वहीं प्राचार्य डॉ. पीएन महतो ने कहा कि छात्रों की मांगों को देखते हुए दोनों छात्रों का निलंबन वापस लिया जाएगा और हेलमेट को लेकर लगाया गया जुर्माना भी हटा लिया जाएगा, लेकिन भविष्य में हेलमेट पहनना अनिवार्य रहेगा, हेलमेट न पहनने पर 5000 का जुर्माना लगेगा, उन्होंने यह भी कहा कि हेलमेट के कारण हाल में पांच छात्रों की जान बची है जबकि पहले एक छात्र की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। धरने की वजह से ओपीडी सेवा बंद रहने से मरीजों को काफी असुविधा हुई और कई लोग इलाज के लिए निजी अस्पतालों की ओर लौट गए। जिला प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और बातचीत से समाधान की कोशिश की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पोक्सो एक्ट के तहत 22 वर्ष की सजा

**मेदिनीनगर।** पोक्सो अधिनियम से जुड़े नावा बाजार थाना कांड संख्या 16/2022 (पॉक्सो 47/2022) के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में डालटनगंज स्थित जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-04 की अदालत ने त्वरित सुनवाई करते हुए 25 जून को फैसला सुनाया। अभियुक्त सुरज कुमार भुईयां, पिता सुकन भुईयां, निवासी सोहदाग कला, थाना नावा बाजार को धारा 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत 22 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25,000 के अर्थदंड की सजा दी गई है। जुर्माना नहीं देने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में वादी ने बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री जब घर लौट रही थी, तभी अभियुक्त ने रास्ते में जबरन पकड़कर एक खेत में ले जाकर बलात्कार किया। मामले की जांच पुलिस अवर निरीक्षक सुचीत राणा द्वारा की गई थी। यह फैसला महिला और बाल अपराधों के विरुद्ध पलामू पुलिस की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है।

## सुरक्षा समन्वय बैठक में संवेदकों व माइंस संचालकों को दिए गए दिशा-निर्देश

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 24 जून को विश्रामपुर एवं हुसैनाबाद अनुमंडलों में दो महत्वपूर्ण सुरक्षा समन्वय बैठकें आयोजित की गईं। विश्रामपुर अनुमंडल की बैठक नवाबाजार थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार टूटी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना व ओपी प्रभारी तथा पुलिस निरीक्षक रेहला उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों में लगे संवेदक, ठेकेदार, क्रेशर माइंस संचालक और पेट्रोल पंप संचालकों से संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। उन्हें आपात स्थिति में पुलिस को शीघ्र सूचना देने और आपसी समन्वय से काम करने की अपील की गई। इसी तरह हुसैनाबाद अनुमंडल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत संवेदकों, माइंस संचालकों और पेट्रोल पंप प्रतिनिधियों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। दोनों बैठकों का उद्देश्य विकास कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न आए, इसके लिए सभी संबंधित पक्षों को सजग और उत्तरदायी बनाना था।

## जिलेभर में नशा, साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर चला जन-जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 25 जून को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों में नशा उन्मूलन, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा विषयक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभात फेरी, शपथ ग्रहण और छात्र-छात्राओं को संबोधित कर जागरूकता फैलाने की कोशिश की गई। पाटन थाना क्षेत्र में किशुनपुर स्थित हीरानंद लक्ष्मी +2 विद्यालय के विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। लोहाड़ पड़वा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय और तरहसी में बालिका विद्यालय तथा +2 उच्च विद्यालय के छात्रों ने अभियान में भाग लिया। चैनपुर में स्प्रिंगफील्ड, सनराइज और बुनियादी विद्यालय के छात्रों ने जागरूकता रैली में भाग लेकर आम लोगों को संदेश दिया। वहीं हरिहरगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी अभियान आयोजित किया गया। इस समन्वित प्रयास ने न सिर्फ छात्र-छात्राओं, बल्कि आम नागरिकों को भी इन गंभीर सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया।

## मनातू में नशा, अंधविश्वास और डायन प्रथा के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**मनातू।** पलामू पुलिस के निर्देशानुसार 25 जून को मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम बिश्राव स्थित देवी मंडप परिसर में एक दिवसीय जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अफीम की अवैध खेती, नशा, डायन-बिसाही, अंधविश्वास, सड़क सुरक्षा आदि विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अभियान में बिश्राव सहित सोहे, मितार, अप्टी, सिलदाग, जसपुर, कर्मा, गीतहर, नागद, झांटी, सीकनी, सस्तीरवा आदि गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अवैध अफीम खेती से तौबा करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली। पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। डायन-बिसाही जैसी कुप्रथाओं और अंधविश्वास के विरुद्ध भी विशेष रूप से संदेश दिए गए। यह अभियान समाज को सुरक्षित, जागरूक और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**मेदिनीनगर।** बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। पड़वा के मुरमा गांव से आए सागर ठाकुर ने कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन रसीद के बदले 10 हजार रुपये मांगने की शिकायत की। विश्रामपुर के टोना गांव की मीना देवी ने अपने पुत्र आयुष कुमार की किडनी की बीमारी का उल्लेख करते हुए उसे राशन कार्ड में नाम जोड़ने और आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। चियांकी निवासी किसुनि साव ने एनएच-75 के तहत गलत तरीके से 1.41 करोड़ रुपये के भुगतान और गबन का मामला उठाया। चैनपुर की सुमित्रा देवी और पूर्व अंचलाधिकारी ने भूमि मापी एवं ऑनलाइन रिकॉर्ड से संबंधित समस्याएं रखीं। इसके अतिरिक्त भूमि विवाद, पीएम आवास, दाखिल-खारिज, जलापूर्ति, आपूर्ति, शिक्षा, कल्याण और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी कई शिकायतें जनता दरबार में सामने आईं।

## प्रशिक्षक डॉ. अज्जो हसन सिद्दीकी लापता खेल जगत में चिंता का माहौल

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में बाल खेल प्रशिक्षण जगत का जाना-पहचाना नाम डॉ. अज्जो हसन सिद्दीकी बीते 14 जून से लापता हैं। दो वर्षों से पलामू प्रमंडल के कई विद्यालयों में प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रहे सिद्दीकी के अचानक गायब हो जाने से खेल जगत में गहरी चिंता व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 जून को डॉ. सिद्दीकी की मुलाकात तीरंदाज संघ के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से परिषदन भवन, मेदिनीनगर में हुई थी। इस मुलाकात में राजा मेदनी राय तीरंदाजी एकेडमी के निबंधन को लेकर चर्चा हुई थी। इसके बाद वे अपने निवास स्थान रेहला लौट गए। लेकिन 14 जून को मेदिनीनगर लौटने के लिए घर से निकलने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है। उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। परिजन और सहयोगियों को आशंका है कि किसी प्रतियोगिता या खेल विवाद के चलते कोई अनहोनी घटना भी घट सकती है।

### बर्खास्त अनुसेवकों का दो दिवसीय धरना शुरू

## समायोजन की मांग पर दिया आत्मदाह की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के समाहरणालय परिसर में बर्खास्त 251 अनुसेवक संघ द्वारा दो दिवसीय धरने की शुरुआत की गई। अनुसेवकों ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग से अनुमति लिए बिना उपायुक्त द्वारा उन्हें बर्खास्त कर दिया गया, जो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विरुद्ध है। वक्ताओं ने बताया कि कई अनुसेवकों ने कार्यकाल के दौरान चुनाव कार्य समेत अन्य सरकारी सेवाएं पूरी निष्ठा से निभाई हैं। अब बर्खास्तगी के कारण वे भारी आर्थिक संकट में हैं और बैंक ऋण चुकाने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो पहले राज्यपाल से मिलेंगे और फिर आत्मदाह जैसे कदम उठाने को बाध्य होंगे। धरने में सुधाकर दुबे, विकास कुमार, रमाकांत, शोभा कुमारी, गीता कुमारी, सरस्वती देवी, रेशमी देवी समेत सैकड़ों अनुसेवक शामिल हुए।

# नगर निकायों की समीक्षा बैठक में उपविकास आयुक्त ने दिए निर्देश

- ड्रेनेज, स्टेडियम, स्ट्रीट लाइट, वेंडर मार्केट समेत कई योजनाओं की हुई समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिले के सभी नगर निकायों की अद्यतन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें मेदिनीनगर नगर निगम सहित छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज नगर पंचायत एवं नगर परिषद की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

डीडीसी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने मानसून को देखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने, सड़कों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा।

**स्टेडियम व अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा :** मेदिनीनगर नगर निगम की समीक्षा के दौरान वार्ड 23 में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बताया गया कि स्टेडियम का आरटी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और पेड़ों की कटाई के लिए डीएफओ से अनुमति हेतु पत्राचार जारी है। स्टेडियम के चारों ओर पाथवे निर्माण, कोयल नदी किनारे की जाली मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की दुरुस्तीकरण और दुकानों का संचालन सुनिश्चित कराने को लेकर भी चर्चा हुई।

**वेंडर मार्केट और पार्किंग को लेकर निर्देश :** वार्ड 13 में बनने वाले वेंडर मार्केट में पार्किंग की समुचित व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। साथ ही अंबेडकर पार्क में स्टील रेलिंग कार्य समय पर पूर्ण कराने तथा शिवाजी मैदान में ग्रीन जोन के विकास पर जोर दिया गया।

**अन्य नगर निकायों में हुई योजनाओं की समीक्षा :** छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज नगर पंचायतों में अर्बन वाटर सप्लाई, बस व ऑटो स्टैंड के लिए भूमि, स्ट्रीट लाइटिंग, टैक्स वसूली, एफएसटीपी, सॉलिड व लिक्विड वेस्ट प्रबंधन और पार्क निर्माण जैसे बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बैठक में सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सहित सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पलामू में नशा मुक्ति को लेकर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

- 10 जून से 26 जून तक जिलेभर में रैली, चौपाल, शपथ, एलईडी प्रचार के जरिये हो रहा प्रचार-प्रसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में नशा मुक्ति को लेकर 10 जून से 26 जून तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शपथ कार्यक्रम, रैली, चौपाल, लघु फिल्म प्रदर्शन व एलईडी प्रचार वाहन के जरिये लोगों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी जा रही है।

**उपायुक्त ने की अपील :** उपायुक्त समीरा एस. ने नशा से दूर रहकर समाज को सशक्त और समृद्ध बनाने की अपील करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति ही नहीं, उसके पूरे परिवार को अंधकार में धकेल देता है।

**आंगनबाड़ी से लेकर स्कूलों तक कार्यक्रम :** अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। वहीं स्कूलों में विद्यार्थियों द्वारा प्रभातफेरी, साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक एवं जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और लोगों से नशा छोड़ने की अपील की।

**एलईडी वैन और पंपलेट से प्रचार :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की एलईडी वैन के माध्यम से पंचायतों व नगर निकाय क्षेत्रों में लघु फिल्मों के जरिये प्रचार किया गया। साथ ही मादक पदार्थों के दुष्परिणामों एवं निवारण उपायों से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया गया।

## दिनदहाड़े घर में घुसकर लाखों की चोरी, नगदी व गहने ले गए चोर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी स्थित एक घर में मंगलवार को दोपहर के समय चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 30 लाख रुपये नकद व भारी मात्रा में सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर ली। पीड़ित गोविंद मेहता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि सुबह वह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद गांव चले गए थे। दोपहर 2 बजे उनके बेटे के स्कूल से लौटने पर घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी गए सामान में 30 लाख नकद, 5 भर का हार, 2 भर झुमका, 2 भर नथिया, 1 भर अंगूठी, 4 भर की चेन, 2 भर मांगटिका, 2 भर मंगलसूत्र और चांदी के मेहंदी-पायल शामिल हैं। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि मामले की जांच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की जा रही है।

### कृषि उत्पादक संगठन की वार्षिक आमसभा संपन्न

## रेड़मा एफपीओ की बैठक में किसानों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहकारिता विभाग के अंतर्गत कार्यरत कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) रेड़मा की प्रथम वार्षिक आमसभा का आयोजन स्थानीय भीमगड़ा प्राथमिक विद्यालय में किया गया। इस बैठक में अध्यक्ष विवेकानंद त्रिपाठी व सहायक निबंधक ऋतुराज प्रसाद ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने किसानों को भारत सरकार व राज्य सरकार से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों को 100 रुपये शेयर शुल्क और 10 रुपये प्रवेश शुल्क जमा कर सदस्यता लेने, 20 शेयर तक निवेश करने तथा उतनी ही राशि सरकार द्वारा दोगुना अनुदान देने की योजना समझाई गई। इससे किसानों को उर्वरक, बीज सहित अन्य कृषि उत्पाद सरकारी दर पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर प्रखंड प्रसार पदाधिकारी निशीतोष ठाकुर, बिरसा कृषि अनुसंधान केंद्र के निदेशक अखिलेश कुमार, एफपीओ की मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासूम कुमारी, लेखापाल आकांक्षा सिन्हा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**मेदिनीनगर।** देश में आपातकाल की घोषणा को 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को इसे काला दिवस के रूप में मनाते हुए परिसदन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर संविधान को कुचलने का काम किया था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनुच्छेद 352 का बिना किसी ठोस आधार के दुरुपयोग करते हुए देश में आपातकाल लागू किया, जबकि इसका कोई वैध कारण नहीं था, केवल चुनाव में मिली चुनौती और एक अदालती फैसले के डर से सत्ता बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने आपातकाल का सहारा लिया था। समीर उरांव ने कहा कि इस दौरान प्रेस, न्यायपालिका और कार्यपालिका पर नियंत्रण कर दिया गया, हजारों पत्रकारों और नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया और आम जनता की आवाज दबा दी गई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने संविधान की शपथ लेकर भी उसी संविधान को कुचलने का पाप किया और आज राहुल गांधी उसी संविधान की बात करते हैं, जबकि उनकी पार्टी अब भी उसी मानसिकता से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में आज भी विरोधी विचारधारा को दबाने की प्रवृत्ति जारी है।

# शिवनाथ अग्रवाल: एक संवेदनशील कवि : डॉ. सत्यकेतु संजय

संस्मरण



**मेदिनीनगर।** शिवनाथ अग्रवाल केवल एक कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता या प्रतिष्ठित नागरिक नहीं थे। वे एक संवेदनशील कवि भी थे। यदि हम उनके इस पक्ष को नजरअंदाज कर दें, तो उनका व्यक्तित्व अधूरा रह जाएगा।

मैंने उन्हें साहित्यिक मंचों पर सक्रिय रूप से भाग लेते हुए देखा है। वे 'परिमल प्रवाह' संस्था से गहरे जुड़े हुए थे, और इससे पहले 'गौरव साहित्यिक मंच' में भी काफी सक्रिय रहे। वे अक्सर कवि गोष्ठियों में भाग लेते थे और अपनी कविताएं सुनाते थे। उनमें आशुकवित्व की विलक्षण प्रतिभा थी—कई बार वे अभिनंदन पत्र भी कविता में ही लिखते थे।

मुझे यह बताते हुए आत्मसंतोष होता है कि उन्होंने 'शिवपुराण' का पद्यानुवाद किया था, जो अब प्रकाशनाधीन है। उनकी डायरियाँ उनकी कविताओं से भरी हुई थीं। अक्सर वे मुझे अपनी रचनाएँ सुनाते और आग्रह करते कि मैं उन्हें संशोधित करूं। उनके काव्य के विषय बेहद विविध होते थे—प्रकृति, पलामू का सौंदर्य, पलामू किला, देशभक्ति, धार्मिक अनुभूतियाँ और यहां तक कि समकालीन राजनीति भी।

उन्होंने 'गया में पिंडदान' विषय पर रंगीन चित्रों सहित एक पुस्तक और निर्देशिका प्रकाशित की थी, जिसे उन्होंने बड़े मनोयोग से तैयार कराया। वे कहा करते थे—"कविताएं ऐसी होनी चाहिए, जो सहज रूप से हृदयंगम हो सकें, सरल हों, स्पष्ट हों।"

श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ समिति की स्मारिकाओं में उनकी कविताएं विशेष रूप से प्रकाशित होती थीं। उनके इस अवदान को देखते हुए थावे विद्यापीठ ने उन्हें विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से अलंकृत किया था। लेकिन वे इतने विनम्र थे कि सामान्य जीवन में कभी भी अपने नाम के आगे 'डॉ.' नहीं लिखते थे।

उनकी रचनाएं अधिकतर स्वांतः सुखाय होती थीं—अपने भीतर के आत्मिक संतोष के लिए लिखी गईं। मैं स्वयं अनेक अवसरों पर साक्षी रहा हूँ, जब उन्होंने कवि गोष्ठियों का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया, कवि सम्मेलनों की अध्यक्षता की, और साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

आज जब वे हमारे बीच नहीं हैं, तो उनकी कविताएं, उनका सरल व्यक्तित्व और उनका साहित्यप्रेम हमारे हृदय में एक अमिट स्मृति के रूप में सदा जीवित रहेगा।

**पहल** | योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में चला जागरूकता अभियान

# मासिक धर्म स्वच्छता, रक्तदान और साइबर सुरक्षा पर दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज, मेदिनीनगर में बुधवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट और कॉलेज की एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता, रक्तदान जागरूकता और साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या मोहिनी गुप्ता, सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार, ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, राखी सोनी, स्नेहा ओझा, अनामिका सिंह, प्रो. सुप्रिया और विवेक वर्मा शामिल थे।

स्वच्छता विषय पर बोलते हुए शर्मिला वर्मा ने कहा कि "देश में मात्र 12% महिलाएं ही सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करती हैं, जो चिंताजनक है। छात्राओं को अच्छे गुणवत्ता वाले पैड का प्रयोग करने और हर 3 घंटे में बदलने की सलाह दी गई।"

सौभाग्य सृजन ने छात्राओं को आगाह करते हुए कहा कि "हर दिन साइबर अपराध के नए तरीके सामने आ रहे हैं। सावधानी ही सुरक्षा है।"

कॉलेज की प्राचार्या मोहिनी गुप्ता ने इस संयुक्त जागरूकता अभियान को छात्राओं के लिए मील का पत्थर बताया और ऐसे कार्यक्रमों को लगातार आयोजित करने की बात कही।

धन्यवाद ज्ञापन विवेक वर्मा ने दिया, जबकि मंच संचालन डॉ. सुप्रिया सोनालिका ने किया। इस अवसर पर लक्ष्य श्रेष्ठ, डॉ. मिनी टुडू, संरक्षक पंकज लोचन, चंद्र प्रकाश ओझा, अनामिका सिंह, स्नेहा ओझा समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### स्वस्थ व्यक्ति साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है : स्नेहा ओझा

रक्तदान पर बात करते हुए स्नेहा ओझा ने कहा कि "रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती और एक स्वस्थ व्यक्ति साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है।" राखी सोनी ने भी छात्राओं से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र में अभिषेक तिवारी ने साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि किसी के साथ ओटीपी साझा न करें, अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करें। सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने साइबर क्राइम के दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी देते हुए किसी भी फ्रॉड की स्थिति में 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

## गरीब परिवार को अब तक नहीं मिला आवास, बारिश में भीग रही जिंदगी



**कांडी।** पिपराडीह गांव के निवासी जितेंद्र साह अपने परिवार के साथ एक जर्जर फूस की झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। उनके घर में छत नहीं है, और बरसात में पानी गिरने पर समूचा परिवार भीगता है। उनके अनुसार, उन्होंने ह्यसरकार आपके द्वारह्ल कार्यक्रम सहित कई बार प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उनकी विधवा माँ, पत्नी और तीन बच्चों के साथ वे कठिनाई भरा जीवन जी रहे हैं। पीने का पानी कुएं से लाना पड़ता है और भोजन की स्थिति अत्यंत खराब है। जितेंद्र ने कहा कि कई बार प्रखंड कार्यालय जाकर लौट आना पड़ता है, क्योंकि उन्हें समझ नहीं आता कि किससे मिलें। अब उन्होंने मीडिया के माध्यम से प्रशासन से जल्द आवास देने की अपील की है।

## अबुल फैजल उमराह यात्रा के लिए रवाना



श्री बंशीधर नगर। नगर पंचायत क्षेत्र निवासी अबुल फैजल मंगलवार को उमराह यात्रा के लिए रवाना हुए। अल माताफ ट्रैवेल्स के नगर उंटारी कार्यालय द्वारा आयोजित सादे कार्यक्रम में उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और गले मिलकर विदा किया गया। इसके बाद उन्हें नगर उंटारी रोड रेलवे स्टेशन ले जाया गया, जहां से वे झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली रवाना हुए। आगामी 27 जून को वे दिल्ली से सऊदी अरब के लिए उड़ान भरेंगे। मौलाना एजाज अंजुम ने उमराह की अहमियत बताते हुए जायरीनों से देश-दुनिया में अमन और खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। अबुल फैजल ने रवाना होने से पहले परिजनों, रिश्तेदारों व पड़ोसियों से मुलाकात कर विदाई ली। इस मौके पर प्रो. मोजाहिद आलम (अमन), मौलाना अब्दुल कादिर, हाफिज असरफ रजा, मौलाना इम्तियाज अंसारी, अब्दुल कयूम, चांद अरसद आलम सहित अन्य मौजूद थे।

## दाल-भात केंद्र फिर से शुरू, मजदूरों को राहत



**केतार।** केतार मुख्य बाजार के अंबेडकर चौक स्थित चौपाल में दाल-भात केंद्र पुनः चालू होने से गरीबों को राहत मिली है। संतोषी आजीविका महिला सखी मंडल द्वारा संचालित केंद्र में ?5 में स्वादिष्ट भोजन दिया जा रहा है। संचालिका रेखा देवी ने बताया कि पहले टेंडर व राशन की समस्या से केंद्र बंद था। अब दोपहर से शाम तक बड़ी संख्या में लोग भोजन करने पहुंच रहे हैं।

## बेंगलुरु में हादसे में मजदूर की मौत



कांडी। हरिहरपुर के मझिगावां पंचायत स्थित पोखरा टोला निवासी संतोष यादव का शव मंगलवार को ताबूत में गांव पहुंचा। वे बेंगलुरु में एक निर्माण कंपनी में मजदूरी करते थे। शनिवार को छह मंजिला इमारत से गिरने से उनकी मौत हो गई। शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। संतोष अपने पीछे वृद्ध माता-पिता, पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। मुखिया प्रतिनिधि शंभूनाथ शाह, उपमुखिया श्रवण पासवान, बीडीसी प्रतिनिधि सुनील यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने परिवार को ढांढस बंधाया। अंतिम संस्कार श्रीनगर घाट पर किया गया।

## बेटियों को बनाया जा रहा सशक्त



रंका। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रंका के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में लीगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एएसआई राकेश वर्मा ने छात्राओं को झांसी की रानी की तरह साहसी बनने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, दहेज, घरेलू हिंसा जैसी बुराइयों को मिलकर मिटाना होगा। समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार ने विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर कई शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## धरती आबा अभियान से ग्रामीण हुए जागरूक



रंका। तमगे कला पंचायत के पिंडरा गांव में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुखिया रिंकी देवी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं एसटी समुदाय तक प्रभावी रूप से पहुंचे। आंगनबाड़ी विभाग की ओर से गोद भराई जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी लेकर इसे लाभकारी बताया।

## सड़क हादसों में दो घायल, एक की हालत गंभीर

**भंडरिया।** मंगलवार शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। एक गंभीर रूप से घायल को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पहली घटना गोठानी निवासी रंजीत मिंज के साथ हुई, जो बाइक से पेड़ से टकरा गया। दूसरी घटना परसवार गांव में हुई, जहां मुनेश कुमार राम को एक बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

# युवक की कुएं से मिला शव, हत्या की आशंका पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

● **ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप, पत्नी हिरासत में**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** भागोडीह पंचायत के चुंदी ग्राम में मंगलवार को विकेश कुमार (25) का शव एक कुएं से बरामद हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि विकेश की पत्नी से विवाद के बाद वह लापता था। शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने शव के साथ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी, जेएमएम नेता ताहिर अंसारी, रोहित वर्मा, प्रमुख पति अजीत सोनी आदि मौके पर पहुंचे और समझाने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने पत्नी पूजा देवी को हिरासत में लेकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

## मनरेगा योजना में गड़बड़ी का पदार्फाशः बड़गड़ में फर्जी भुगतान व जेसीबी से खानापूर्ति



**तालाब निर्माण की योजना में मजदूरी मद से निकाले गए लाखों रुपये, कई योजनाएं जमीन पर मौजूद ही नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** परसवार पंचायत समेत बड़गड़ प्रखंड में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। नवीन मेल अखबार की टीम द्वारा योजनास्थल का निरीक्षण और ग्रामीणों से की गई बातचीत के आधार पर सामने आया कि तालाब निर्माण जैसी कई योजनाओं में मजदूरी मद से लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीन पर कार्य न के बराबर हुआ। जांच में पाया गया कि योजना संख्या 36877 में 43 मजदूरों के नाम पर सात मास्टर रोल के जरिए 1.37 लाख रुपये भुगतान किया गया, जबकि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कोई कार्य ही नहीं हुआ। इसी तरह मराबर और कुसुम ढोडा में योजनाएं स्वीकृत हुईं, जिनमें क्रमशः 2.70 लाख और 1.19 लाख का भुगतान हुआ, पर दोनों में या तो निर्माण नहीं हुआ या पूर्व के डोभा की जेसीबी से सफाई भर कर दी गई। डिलवाही खरवार टोला की योजना संख्या 4329 में ग्रामीणों ने बताया कि तालाब पहले से था, सिर्फ जेसीबी से खुदाई कर दिखावा किया गया। अन्य योजनाओं जैसे सेमरखांड (योजना संख्या 4445) और डिलवाही कोरवा टोला (योजना संख्या 4336) में भी यही स्थिति रही। लगभग सभी योजनाओं में मजदूरों ने स्वीकारा कि उन्होंने कोई कार्य नहीं किया, लेकिन उनके खातों में राशि आई जिसे बिचौलियों ने निकाल लिया। इस पर बीडीओ अमित कुमार ने कहा है कि यदि शिकायतों की पुष्टि होती है, तो जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई और राशि की वसूली की जाएगी।

## 816 पेंशनधारकों को मिली स्वीकृति

**केतार।** जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उन्होंने केतार प्रखंड के योग्य वृद्ध, विधवा व दिव्यांग पेंशनधारकों की लंबित फाइलों को स्वीकृति दिलाने हेतु उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा से भेंट की। इसके फलस्वरूप 816 लाभुकों की पेंशन स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि अगले माह से सभी के खातों में राशि स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने इसके लिए उप विकास आयुक्त का आभार भी जताया।

## मुखिया ने शोक-संतप्त परिवार को दिया सहयोग

**केतार।** प्रखंड के केतरी गांव निवासी गोपीचंद चौधरी का हाल ही में गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया। वे अत्यंत निर्धन, सरल स्वभाव व मृदुभाषी व्यक्ति थे। इस दुखद घड़ी में पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने संवेदना व्यक्त करते हुए अंतिम संस्कार व भोज कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। उन्होंने 50 किलो मैदा, एक टिन रिफाइंड तेल सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। मुखिया ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना उनका दायित्व है और वे सदैव इसके लिए तत्पर रहेंगे। ग्रामीणों ने उनके इस मानवीय कदम की सराहना की। मौके पर वार्ड सदस्य बबीता देवी, महेंद्र चौधरी, राजू चौधरी, सूर्यदेव चौधरी, अक्षयवर चौधरी, बसंत चौधरी, महेंद्र पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पॉक्सो एक्ट पर विद्यालय में कार्यशाला आयोजित



**छात्रों को शोषण से बचाव के दिए गए कानूनी पाठ**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में पॉक्सो एक्ट 2012 पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक सुशील कुमार ने बच्चों को बाल यौन शोषण की परिभाषा, प्रकार और रोकथाम के उपाय बताए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य दिलीप उपाध्याय और अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया। उपप्राचार्य डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि बच्चों को आत्मसुरक्षा के लिए जागरूक करना जरूरी है।


### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला- लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12/2025–26

नगर पंचायत लातेहार द्वारा संचालित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदीर में उपयोग हेतु निम्नांकित उपकरणों/सामग्रियों का क्रय किया जाना है। इच्छुक प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान के फर्म/सवेदक/आपूर्तिकर्ता/थोकबिक्रेता से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत है :–

| Sl. No. | Particulars | Security Fees | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Computer Table | 50000.00 | 5000.00 | Date 07.07.2025 Time 2.30 P.M. | Date 07.07.2025 Time 3.30 P.M. |
| 02 | Steel Rack (05 Shelf) | | | | |
| 03 | Revolving Chair for Computer Use | | | | |
| 04 | Printer All in One | | | | |
| 05 | Battery (12 Volt 200amp ) | | | | |
| 06 | Invertor (1400 Va ) | | | | |
| 07 | Battery water (05 Ltr.) | | | | |
| 08 | Washing Machine (commercial use) 10kg | | | | |
| 09 | Bulb Led 12 w | | | | |
| 10 | Digital Wall Clock | | | | |
| 11 | Laser jet Printer | | | | |
| 12 | Cartrige | | | | |
| 13 | Pen drive 128 GB | | | | |
| 14 | Rack (04 Shelf Minimum) | | | | |
| 15 | Water heater kettle 01 Ltr. | | | | |
| 16 | RO 15 Ltr. | | | | |
| 17 | Water cooler with purifier ( 200 Lr cooling) | | | | |
| 18 | Examination Table (Use of Doctoer) | | | | |
| 19 | Best Quality Executive Chair | | | | |
| 20 | Best Quality Official Chair | | | | |
| 21 | UPS | | | | |
| 22 | Steel Rack (03 Shelf) | | | | |
| 23 | Ceiling Fan Best Quality | | | | |

नोट :– नियम एवं शर्त नगर पंचायत, लातेहार कार्यालय के सूचना पट्ट एवं लातेहार जिले के वेबसाईट latehar.nic.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार

PR 355890 Urban Development (25-26)_D


## न्यूज बॉक्स

### टॉप टेन छात्रों का सम्मान व नगर भ्रमण




**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर के टॉप टेन छात्रों को विद्यालय की ओर से थार गाड़ी में बिठाकर नगर भ्रमण कराया गया। झारखंड टॉप टेन में आए आशुतोष चौबे और सुमित कुमार के साथ 9 अन्य छात्र भी इस जुलूस में शामिल थे। भ्रमण के दौरान बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना की गई और मंदिर समिति की ओर से चित्र एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और अन्य शिक्षकों ने नगर भ्रमण की अगुवाई की। नगरवासियों ने अपने घरों की छत से बच्चों को देखकर अभिभूत भाव से स्वागत किया। यह रोड शो समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देता है। विद्यालय परिसर में 26 जून को छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित होगा, जिसमें स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव मुख्य अतिथि होंगे।

### धुरकी में मुहर्रम की तैयारियों को लेकर उत्साह



**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय के बड़का दुरा में मुहर्रम इंतेजामिया की बैठक मंगलवार रात्रि को हाजी अशरफ अली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित मुखिया महबूब अंसारी ने बताया कि इस बार मुहर्रम पहले से अधिक भव्य और अनुशासित तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ताजिया निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है, कलाकारों द्वारा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होगा। दस दिनों तक कुरान तिलावत, लंगर वितरण और इमाम हुसैन की शहादत की याद में कार्यक्रम होंगे। हाजी अशरफ अली ने कहा कि मुहर्रम केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मानवता और बलिदान का प्रतीक है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार निकाला जाएगा। इस दौरान हाजी सैफुद्दीन अंसारी, इदरिश अंसारी, अली रौशन, कौनेन अंसारी, मुनीर खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।


### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 06/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 05.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.07.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सदर मेदिनीनगर | | पुलिस स्टेडियम पलामू का बाउन्ड्रीवाल निर्माण। | 2088926.00 | 41779.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-06/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | हुसैनाबाद | महुडंड | महुडंड पुलिस पिकेट में शौचालय एवं स्नान घर का निर्माण। | 1389000.00 | 27780.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-06/ 2025-26/ Gr-02 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 355969 District(25-26)D



### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची जिला–चतरा (पार्ट–5)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–पिपरवार थाना काण्ड सं0 49/98 एवं केरेडारी (ओ0पी0 बचरा) थाना काण्ड सं0 33/92 एवं सदर थाना चतरा थाना सनहा सं0 365, दिनांक–19.12.1998 में चिन्हित सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी टहलु महतो द्वारा आयोग के मा0 सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 232. | 1. आवेदन क्र0–325/25 2. आवेदक–जगदीश महतो , पिता–स्व0 बन्धू महतो 3. ग्राम–बचरा (बस्ती) , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 233. | 1. आवेदन क्र0–326/25 2. आवेदक–खुशी महतो , पिता–पुनित महतो 3. ग्राम–असनातरी , पोस्ट–राहम , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 234. | 1. आवेदन क्र0–327/25 2. आवेदक–लगनिया देवी , पति–मखन महतो 3. ग्राम–बचरा (बस्ती) , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 235. | 1. आवेदन क्र0–328/25 2. आवेदक–रतनी देवी , पति–जसेन्द्र महतो 3. ग्राम–बचरा (बस्ती) , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 236. | 1. आवेदन क्र0–329/25 2. आवेदक–मुनिया देवी , पति–खेमलाल महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 237. | 1. आवेदन क्र0–330/25 2. आवेदक–तेतरी देवी , पति–स्व0 समलाल महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 238. | 1. आवेदन क्र0–331/25 2. आवेदक–दहनी देवी , पति–बलदेव महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 239. | 1. आवेदन क्र0–332/25 2. आवेदक–बुधनी देवी , पति–स्व0 भोला महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 240. | 1. आवेदन क्र0–333/25 2. आवेदक–रूनवा देवी , पति–महादेव महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 241. | 1. आवेदन क्र0–334/25 2. आवेदक–दसनी देवी , पति–बलदेव महतो 3. ग्राम–असनातरी , पोस्ट–राहम , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 242. | 1. आवेदन क्र0–335/25 2. आवेदक–महादेव महतो , पिता–छेदी महतो 3. ग्राम–होसिर , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा 4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य  (नरसिंह मुर्मू) सदस्य  (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.355924 Home(25-26):D

# डीसी को सौंपा ज्ञापन, माल्हन पंचायत में सड़क निर्माण की उठी मांग

● पंचायत के अधिकांश गांवों में नहीं है पक्की सड़क, बरसात में एंबुलेंस तक नहीं पहुंचती

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के विभिन्न गांवों में सड़क की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर डीएमएफटी मद से स्वीकृत योजनाओं के तहत जल्द निर्माण शुरू कराने की मांग की है।



मुखिया ने बताया कि माल्हन पंचायत भौगोलिक रूप से बेहद पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां कई गांव आजादी के बाद से अब तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। सचिवालय तक पहुंचने के लिए भी सड़क नहीं है, जिससे बरसात के समय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में कठिनाई होती है क्योंकि एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती और उन्हें खाट पर उठाकर लाना पड़ता है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2024–25 में डीएमएफटी मद से सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर जिला को भेजा गया था, मापी, नक्शा और रजिस्टर आदि की पूरी प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई, लेकिन अब तक न तो टेंडर निकाला गया और न ही कोई निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

मुखिया ने उपायुक्त से जनहित में इस दिशा में त्वरित निर्णय लेकर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की है। ग्रामीणों की ओर से भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उनकी बुनियादी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में गहरी नाराजगी है।

## सड़क निर्माण में देरी से ग्रामीणों में नाराजगी

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के ग्राम केड़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3.89 करोड़ रुपये की लागत से 2.6 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क निर्माण की योजना आठ माह पहले शुरू होनी थी, लेकिन आज तक इसका कार्य आरंभ नहीं हो सका है। शिलान्यास विधायक रामचंद्र सिंह ने किया था, जिससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल और लोगों को बाजार आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। लेकिन संवेदक अशोक मल्होत्रा द्वारा अब तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ने पेटी ठेकेदार को कार्य सौंप कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। केवल मिट्टी के टीले डालकर रास्ता और अधिक दुर्गम बना दिया गया है। बरसात में पानी भरने और कीचड़ के कारण न बाइक चलती है, न पैदल चलना संभव है। स्थानीय निवासी नैन सिंह, महेंद्र बैठा, अनिल साव सहित कई लोगों ने संवेदक की अनदेखी पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो प्रखंड और जिला कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। सवाल उठता है कि इतनी बड़ी योजना में देरी क्यों हो रही है और क्या प्रशासन की ओर से कोई निगरानी नहीं हो रही है?

## तीन दिन से अंधेरे में डूबा बेलवाटांड़ मोहल्ला

**लातेहार (मनिका)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप बेलवाटांड मोहल्ला बीते तीन दिनों से बिजली संकट झेल रहा है। एसबीआई रोड स्थित ट्रांसफार्मर जलने के बाद विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नतीजतन, बिजली के अभाव में पानी की किल्लत और बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि विभाग बार-बार मरम्मत किया हुआ ट्रांसफार्मर ही दे रहा है, जो कुछ ही समय में जवाब दे देता है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर बदलने में करीब 10 हजार रुपये का खर्च बार-बार उठाना पड़ता है। मोहल्ले में बीते एक माह में दो बार ट्रांसफार्मर जल चुका है। बुधवार को ग्रामीणों ने ऐलान किया कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे गुरुवार को उपायुक्त से मिलकर शिकायत करेंगे और बिजली विभाग के सब-स्टेशन की तालाबंदी करेंगे। लोगों ने मांग की है कि उन्हें नया और पूर्ण रूप से कार्यशील ट्रांसफार्मर दिया जाए ताकि इस समस्या से स्थायी समाधान मिले।

## आम बागवानी बर्बाद करने के खिलाफ पीड़ित किसान देगा धरना

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के शंकर उरांव ने एक माह पूर्व मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम बागवानी के 112 पौधे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट दिए जाने के विरोध में 26 जून को प्रखंड कार्यालय के बाहर एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना देने की घोषणा की है। पीड़ित किसान ने बताया कि उसने आम के पौधों की देखभाल में कड़ी मेहनत की थी। घटना की सूचना थाने एवं प्रशासन को देने के बावजूद एक माह बीतने पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर उसने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर धरना की अनुमति मांगी है। किसान ने प्रशासन से घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## सरकारी बीज क्रय केंद्र का उद्घाटन, किसानों को 50% सब्सिडी पर मिलेगा बीज

**बालूमाथ।** बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित लैंपस भवन में सरकारी बीज क्रय केंद्र का उद्घाटन बीडीओ सोमा उरांव एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। बीडीओ ने बताया कि किसानों को सब्सिडी पर उत्तम गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें। यह बीज बाजार मूल्य की तुलना में सस्ता है। लैंपस सचिव अशोक कुमार ने बताया कि खरीफ मौसम के लिए आईआर 64 डीआरसी किस्म का धान बीज उपलब्ध है। किसान इसे खरीदकर अपनी खेती में इस्तेमाल करें और उत्पादन बढ़ाएं। इस मौके पर मुखिया नरेश लोहरा, समाजसेवी मनोज यादव, विनोद साव, प्रभु दयाल उरांव सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## एस्सार पावर प्लांट के सुरक्षाकर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

**चंदवा।** एस्सार पावर प्लांट में वर्षों से तैनात साक्षी एवं फ्रंटलाइन एजेंसियों के सुरक्षा प्रहरियों ने तीन माह के बकाया वेतन की मांग को लेकर दो दिनों से प्लांट गेट के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि उड़ीसा एलॉय स्टील कंपनी द्वारा 21 मार्च 2025 से कार्य लिया जा रहा है, परंतु अब तक वेतन नहीं दिया गया है। बार-बार मांग के बावजूद प्रबंधन केवल आश्वासन दे रहा है। राजन कुमार यादव, अजीत कुमार यादव, अंकित यादव, आनंद यादव, शिवनाथ यादव, रवि भगत, उपेंद्र महतो समेत अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उपायुक्त एवं श्रम अधीक्षक से वेतन भुगतान कराने की मांग की है। बताते चलें कि पिछले सप्ताह एसडीओ द्वारा कंपनी और श्रमिक समिति के बीच बैठक कर 15 दिन में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, परंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

## ब्रेस्ट कैंसर पीड़िता को मिला मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ

**चंदवा।** तिलैयाटांड़ निवासी नाजिया खातून, जो ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं, उन्हें मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस योजना का लाभ विधायक प्रकाश राम के प्रतिनिधि विजय दुबे और समाजसेवी मो. एहसान के प्रयास से संभव हो पाया। नाजिया खातून का इलाज आर्थिक तंगी के कारण बंद हो गया था। परिजनों की ओर से मो. एहसान को सूचना दी गई, जिसके बाद उन्होंने विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे से संपर्क किया। दुबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मिलकर त्वरित प्रक्रिया शुरू करवाई। राशि स्वीकृत होने के बाद अब महिला का इलाज रांची के मेडिका अस्पताल में प्रारंभ हो चुका है। महिला के परिजनों ने इस सहायता के लिए विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे, समाजसेवी मो. एहसान और संबंधित अधिकारियों का आभार प्रकट किया है।

## नवादा पंचायत भवन में जनसेवा शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** नवादा पंचायत भवन में बुधवार को आयुष्मान कार्ड, पेंशन और अन्य जनहितकारी योजनाओं के लिए एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से बैगा, परहिया एवं आदिवासी समुदायों के लाभुकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं। पंचायत मुखिया भरत यादव ने बताया कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को जरूरी सेवाएं उनके द्वार पर ही उपलब्ध कराई जाएं। इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला। प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस तरह के शिविरों से ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और वे समय पर योजनाओं से लाभान्वित हो सकते हैं। वहीं, नशामुक्त पंचायत अभियान के तहत टयाकरम विद्यालय में लोगों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

## भाजपा नेता शिवनाथ अग्रवाल के निधन पर चंदवा में शोक

**चंदवा।** पलामू के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता शिवनाथ अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर चंदवा भाजपा मंडल इकाई ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वह न केवल एक प्रतिष्ठित वकील थे बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र साहू ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शिवनाथ अग्रवाल का जाना भाजपा और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवन भर सामाजिक न्याय, कानून व्यवस्था और संगठनात्मक मजबूती के लिए कार्य किया। मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका मृदु व्यवहार और समाज सेवा के प्रति समर्पण सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में कौशल लाल नाथ, शाहदेव, राजकुमार पाठक, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, श्रवण गुप्ता, रामवृक्ष चौधरी, राजेश गंझु, आशीष सिंह, मनोज पाठक सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिवनाथ अग्रवाल की स्मृतियां हमेशा संगठन और समाज के बीच जीवित रहेंगी। भाजपा मंडल कमिटी ने उनके परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

## निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर में 1105 लाभुकों को मिला दृष्टि सुधार का लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को लातेहार प्रखंड के परसही पंचायत सचिवालय में लेंसकार्ट फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में आयोजित पांच दिवसीय नेत्र जांच शिविर के दौरान कुल 1,800 लोगों का परीक्षण किया गया था। विशेषज्ञों की जांच में चश्मे की आवश्यकता पाए गए 1105 लाभुकों के बीच इस शिविर में निःशुल्क चश्मा वितरित किया गया। परसही पंचायत में 252, सासंग में 218, नवागढ़ में 230, पांडेपुरा में 205 और मोंगर पंचायत में 200 जरूरतमंदों को चश्मा मिला। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों से नियमित जांच की अपील की और अंधापन से बचाव के लिए समय पर उपचार की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को नशा मुक्ति और मादक पदार्थों से बचाव की शपथ भी दिलाई गई। यह आयोजन राज्यव्यापी नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डीपीआरओ डॉ. चंदन, डीपीएम संतोष कुमार, बीडीओ मनोज तिवारी, सीओ अरविंद टोप्पो, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, प्रमुख परशुराम लोहरा, मुखिया अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध, रखी मांगें

● बीएस कॉलेज के कर्मियों ने शांतिपूर्ण ढंग से किया कार्य, आंदोलन का पहला चरण शुरू

**लातेहार।** डिग्री महाविद्यालय द्वारा प्रायोजित अनुदान एवं अन्य मांगों को लेकर कॉलेज कर्मियों ने आंदोलन की शुरुआत की। पहले चरण में कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर अपने नियमित कार्यों का निष्पादन किया। यह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आगामी चरणों की चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। प्रदर्शन में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी समेत कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर व तकनीकी कर्मी शामिल रहे। कर्मियों ने बताया कि अनुदान की राशि अब तक नहीं मिल पाई है, जिससे उनके वेतन, भत्ते और अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मांगों में नियमित अनुदान, पदों का स्थायीकरण, प्रोन्नति और सेवा शर्तों में सुधार शामिल हैं। आंदोलन की अगली रूपरेखा यूनियन की बैठक के बाद तय की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रो. शत्रुघ्नमेहता, प्रो. युगेश्वर महतो, प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. नरेश पांडेय, प्रो. संजीत प्रसाद, प्रो. सीमा, प्रो. तुलेश्वर उरांव, प्रो. संतोष पासवान, प्रो. रंजीत कुमार, प्रो. इशरत बनो, सहायक रेणु कुमारी, शिवकुमार तिवारी, अनुपम मिश्रा, अमरेश पांडेय, विकास कुमार, चंदन कुमार, आदेशपाल चंदा रानी गुप्ता, मा. इंतेशार अहमद, वीरेंद्र उरांव, सुनीता गुप्ता समेत अन्य कर्मी शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में मांगों की पूर्ति तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## ज्योतिष शास्त्र पर विशेष व्याख्यान, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर के वंदना सभागार में आयोजित अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन ज्योतिषाचार्य डॉ. रजनीकांत पाठक और विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने दीप प्रज्वलन कर किया। व्याख्यान के दौरान डॉ. पाठक ने केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ज्योतिष शास्त्र को वोकेशनल कोर्स के रूप में शामिल किए जाने की पहल की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर व्याख्यान दिया। डॉ. पाठक ने सप्ताह के सात दिन, होरा और ज्योतिषीय गणनाओं की वैज्ञानिक पद्धतियों को समझाया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ज्योतिष केवल अंधविश्वास नहीं है, बल्कि यह एक विश्लेषणात्मक और वैदिक गणनाओं पर आधारित परंपरा है, जिसे अब आधुनिक शिक्षा प्रणाली में जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी ने डॉ. पाठक को शॉल और उत्सर्ग पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नवम और दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि इस शास्त्र को सीखने के लिए किसी औपचारिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है, लेकिन कुछ संस्थानों में इसके लिए प्रवेश परीक्षा अनिवार्य होती है। कार्यक्रम में आचार्य दीदी जी समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मानव तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार तीन नाबालिग बच्चों को किया गया रेस्क्यू

**लातेहार।** मानव तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लातेहार पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) की कार्रवाई में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है जबकि तीन नाबालिग बच्चों को सकुशल रेस्क्यू कर चाइल्ड होम भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला मनीषा पूर्ति, पति स्व. गंगाराम पूर्ति, ग्राम तिरिलबुटा, थाना मुफ्फसिल, जिला पश्चिमी सिंहभूम की रहने वाली है। अहातु थाना प्रभारी नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएफ नियंत्रण कक्ष बरकाकाना को सूचना मिली थी कि टाटानगर से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन में एक महिला तीन नाबालिग बच्चों को लेकर संदिग्ध स्थिति में यात्रा कर रही है। सूचना पर सक्रिय हुई आरपीएफ ने बरवाडीह रेलवे स्टेशन पर महिला को पकड़ा और पूछताछ के दौरान उसने बच्चों को कानपुर ले जाने की बात स्वीकार की। इसके बाद महिला को हिरासत में लेकर अहातु थाना को सुपुर्द किया गया। थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## काली पट्टी बांध कर कॉलेज कर्मियों का विरोध

**लातेहार।** बीएस कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने अनुदान राशि और अन्य लंबित मांगों को लेकर विरोध का पहला चरण शुरू कर दिया है। बुधवार को कॉलेज कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर अपने कार्यों का निष्पादन किया और प्रशासन के प्रति रोष जताया। इस विरोध प्रदर्शन में प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी सहित सभी प्रोफेसर, सहायक, कर्मचारी और आदेशपाल शामिल रहे। कर्मियों ने बताया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## जनता दरबार में सुनेंगे विधायक प्रकाश राम

**बारियातू।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम आगामी 28 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बारियातू में जनता दरबार लगाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखंड सचिव सह भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व में प्राप्त जनसमस्याओं की समीक्षा और नये आवेदन के लिए रखा गया है। जनता दरबार सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें विधायक स्वयं जनता से रूबरू होंगे और समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों को समाधान हेतु निर्देश देंगे। सोनू प्रजापति ने प्रखंड क्षेत्र के सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब लोग अपनी समस्याएं सीधे विधायक के समक्ष रख सकते हैं।

## बारिश से कच्ची सड़क धंसी, नकटीमाडर गांव का संपर्क टूटा

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड के कुंदा पंचायत अंतर्गत नकटीमाडर गांव की मुख्य कच्ची सड़क लगातार बारिश के कारण धंस गई है। इससे गांव का मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है और ग्रामीणों को आवागमन में गंभीर समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। यह गांव वर्षों से सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। ग्रामीण प्रशासन से लगातार पक्की सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। धंसी हुई सड़क के कारण बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों का अस्पताल पहुंचना और लोगों का रोजमर्रा का कार्य कठिन हो गया है। ग्रामीण अब वैकल्पिक और दुर्गम रास्तों से होकर यात्रा करने को मजबूर हैं। बारिश के चलते पगडंडियों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नकटीमाडर गांव में जल्द से जल्द पक्की सड़क बनाई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और गांव का बाहरी दुनिया से संपर्क बहाल हो।

## उड़ीसा में कार्य के दौरान झारखंड निवासी मजदूर की मौत

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल गांव निवासी सोहराय प्रजापति (46 वर्ष) की उड़ीसा में काम के दौरान दुर्घटना से मौत हो गई। वह उड़ीसा रेलवे में टैक्समैको कंपनी के अधीन फिटर पद पर कार्यरत थे। मंगलवार को कार्य के दौरान पोल पर चढ़े हुए थे, इसी बीच उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव को लेकर परिजन चंदवा लौट चुके हैं, जहां गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक झामुमो नेता डब्लू प्रजापति के चाचा थे। उनके निधन पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजीत उरांव, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुरेश गंझु, उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, माल्हन मुखिया जतरु मुंडा और अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। स्थानीय ग्रामीणों और नेताओं ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। इस तरह की घटनाएं प्रवासी श्रमिकों की असुरक्षा को उजागर करती हैं और मजदूर सुरक्षा नीतियों की समीक्षा की आवश्यकता पर बल देती हैं।


कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।
ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
मइेपजम पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 05.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.05.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्तीन :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 49870.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |
| 2 | मेदिनीनगर | जिला परिषद कार्यालय भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 2498800.00 | 49976.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |
| 3 | चैनपुर | प्रखण्ड चैनपुर में मझिगांवा ट्रांसफार्मर से पीपल पेड़ होते हुए PWD रोड तक ग्रेड–1 पथ निर्माण। | 1011700.00 | 20234.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
PR.NO.355971 District(25-26):D
ह0/–जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।


## आपातकाल देश का काला अध्याय था : भाजपा सेमिनार में बोले वक्ता

वार्ता

# लातेहार भाजपा कार्यालय में आपातकाल के विरोध में संगोष्ठी

● सुनीता सिंह और प्रेम सिंह ने रखे विचार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई द्वारा 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर एक सेमिनार का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह ने की। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम सिंह उपस्थित रहे।




### 1975 में लगाए गए आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर काला धब्बा लगाया था : सुनीता

सेमिनार को संबोधित करते हुए सुनीता सिंह ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल ने देश के लोकतंत्र पर काला धब्बा लगाया था। कांग्रेस ने प्रेस की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी और राजनीतिक विरोध को कुचल दिया था। हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था। भाजपा नेता प्रेम सिंह ने कहा कि उन्होंने स्वयं आपातकाल का दौर देखा है और उन्हें भी जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय संविधान को ताक पर रख दिया गया था। अब कांग्रेस संविधान की बात करती है तो उन्हें बताना चाहिए कि आपातकाल किस संविधानिक प्रावधान के तहत लगाया गया था।

सेमिनार में पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री इंद्रजीत यादव, राजधानी प्रसाद यादव, राजीव रंजन पांडेय समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविंद प्रसाद, विष्णु गुप्ता, प्रमोद प्रसाद, आनंद सिंह, अश्विनी कुमार सिंह, रवि कुमार, बालेश्वर सिंह, अनुज सिंह, सुषमा देवी, खुदीराम लोहरा, संतोष कुमार, दशरथ सिंह, रीना देवी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 05.07.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.07.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पण्डवा | कजरी–पाटन | कजरी–पाटन मेन रोड से सखुआ गांव तक सड़क निर्माण। | 2465800.00 | 49316.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-01 (Retender) |
| 2 | पण्डवा | गाड़ीखास | ग्राम गाड़ी (बड़का भीट्ठा) शंकर सिंह के घर से दुर्गावती नदी तक सड़क निर्माण। | 2489300.00 | 49786.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-02 (Retender) |
| 3 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800.00 | 190716.00 | 10000.00 | 06 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 (Retender) |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
PR 355970 District (25-26)_D

## विकास समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा-

# निर्धारित अवधि में पूर्ण करें योजनाएं, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आज डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने समीक्षा में पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी की योजनाएं जन-जन तक पहुंचे यही हमारी प्राथमिकता है। लोगो के प्रति संवदेनशील रहें और उनकी समस्याएं सुनें। स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करें। किन्हीं की लापरवाही से किसी योजना को पूर्ण करने में अगर विलंब होता है तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपकी एक लापरवाही से जिला की छवि खराब हो सकती है। अपनी जिम्मेवारी को समझें और ग्रामीणों से बेहतर संबंध रखें। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत विभिन्न पथों के निर्माण की कार्यप्रगति की समीक्षा की गई और संवेदक को समय से कार्य पूर्ण करने के लिए निदेश दिया गया। समय पर कार्य नहीं करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। केरार-बुलबुल पथ निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। पेशरार प्रखण्ड में पुंदाग-हुसरू पथ में पुंदाग नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ अंतर्गत कुडू-घाघरा पथ, बायपास रोड के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। वन प्रमण्डल पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट से प्राप्त भूमि चिन्हितिकरण के आदेश से अवगत कराया। जिला कृषि पदाधिकारी को बीज वितरण का कार्य सौ प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। पथ प्रमण्डल लोहरदगा के एकमात्र योजना नदिया मोड़-इरगांव, अरकोसा, रामपुर पथ निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और निर्धारित अवधि में पूर्ण करा लिए जाने का निर्देश दिया गया।

लघु सिंचाई के द्वारा जिला में निर्माणाधीन चेकडैम, तालाब जीर्णोद्वार व एससीए से संचालित कार्यो की समीक्षा करते हुए उन्हें पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। नया समाहरणालय भवन, कोर्ट भवन और अनुमण्डल पदाधिकारी कार्यालय भवन जल्द पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। किस्को अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में छात्रावास निर्माण, जिला में आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल लोहरदगा को दिए गए। विशेष प्रमण्डल लोहरदगा द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारियों के आवास निर्माण की समीक्षा की गई और जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में एनआरईपी, विद्युत प्रमण्डल, जलछाजन, जिला परिषद, नगर परिषद, खेल विभाग, धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान, वन प्रमण्डल आदि के कार्यों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए गए।

## जनता की समस्याओं का ऑनस्पॉट करने की योजना

# पूर्व मंत्री का एलान-हर प्रखंड मुख्यालय जन संवाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक एवं आंतरिक संसाधन तथा केंद्रीय सहायता समिति के सभापति डॉ. रामेश्वर उरांव कैरो प्रखंड मुख्यालय एवं लोहरदगा के बरवाटोली स्थित विधायक कार्यालय पहुँचे। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से सीधा संवाद कर विभिन्न जनसमस्याओं का समाधान किया। जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने अतिवृष्टि से फसल क्षति, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएँ एवं समाज कल्याण से संबंधित कई मुद्दों को लेकर आवेदन सौंपे। डॉ. उरांव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि, जनता की सेवा ही हमारा धर्म है। सभी प्रखंडों में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए लोगों को बेझिझक आवेदन देने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें सदर अस्पताल एवं रिम्स रांची में इलाज हेतु हरसंभव सहयोग मिलेगा। साथ ही, वर्तमान में हो रही भारी बारिश और अतिवृष्टि की समस्या को लेकर भी प्रशासन सक्रिय है ताकि किसानों को राहत मिल सके। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, रोहित प्रियदर्शी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, अंचल अधिकारी शीला उरांव, प्रभात भगत, विशाल डुंगडुंग, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता, समाजसेवी, महिला व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## हाथियों का आतंक : अब घर, होटल व ढाबे भी सुरक्षित नहीं

# रिहायशी इलाकों में बेखौफ घूम रहे हाथी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुडू - लोहरदग़ा।** पिछले कुछ दिनों से जंगली हाथियों का आतंक आम लोगों की नींद उड़ा रहा है। अब सिर्फ जंगल ही नहीं, बल्कि घरों, होटलों और ढाबों तक हाथियों का कब्जा देखने को मिल रहा है। सबसे डराने वाली बात यह है कि ये हाथी अब दिन के उजाले में भी रिहायशी इलाकों में बेखौफ घूमते नजर आ रहे हैं। बुधवार सुबह एक हाथी के गांव में प्रवेश करते ही दहशत का माहौल बन गया। दिन के उजाले में ही हाथी ने विश्रामगढ़ निवासी नंदा उरांव का मकान ध्वस्त कर डाला। इसके अलावा मनातू निवासी चंदन शाहदेव के आम बागान को भी भारी नुकसान पहुंचाया। सैकड़ों ग्रामीण हाथी को गांव से बाहर भगाने के प्रयास में दिन भर परेशान रहे। हाथी जब वापस चंदवा के जंगल की ओर लौट रहा था, उसी दौरान कुडू के टीकों कुंबाटोली में एक और घर को ध्वस्त कर घर में रखा अनाज खा गया। इससे दो दिन पूर्व, सोमवार की शाम करीब पांच बजे हाथी ने कुंदो नीचे टोली, टाटी, और कुडू ब्लॉक मैदान मोहल्ला सहित कई गांवों में घूम-घूमकर उत्पात मचाया। इस दौरान सुका उरांव, विजय लोहारा, लालजीत लोहारा और नदी के ऊपर बने कयूम अंसारी, असदली अंसारी तथा कबीर अंसारी के घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज का सेवन कर गया। बारिश के इस मौसम में भुक्तभोगी परिवारों को अब न सिर्फ भोजन की, बल्कि सिर छुपाने की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। हाथी का आतंक यहीं नहीं थमा। बुधवार रात करीब आठ बजे वह कुडू के रिहायशी इलाके के लव ढाबा और यादव ढाबा में भी पहुंच गया। उस समय वहां मौजूद लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए। हाथी ने यादव ढाबा में रखा अनाज और सब्जियां चट कर डालीं और फिर लव ढाबा की एक दीवार तोड़ दी, जहां से उसने अन्य खाद्य सामग्री खा ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाथियों के झुंड ने फसलों के साथ-साथ घरों को भी नुकसान पहुंचाया है। स्कूल जाने वाले बच्चे और काम पर जाने वाले लोग दहशत में हैं। आम लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल में वापस भेजने के लिए वन विभाग तत्काल कदम उठाए। वन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

## भाजपा ने आपातकाल की बरसी पर कांग्रेस की आलोचना की

# कांग्रेस ने आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोंटा : बिरंची



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने बुधवार को गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में प्रेस कांफ्रेंस, सेमिनार एवं अखबार कतरनों की प्रदर्शनी लगाकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की। मुख्य अतिथि बोकारो पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि "कांग्रेस ने देश में आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी हत्या थी।" उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में कई संशोधन किए और न्यायपालिका, विधायिका व मीडिया जैसे लोकतंत्र के स्तंभों को कमजोर किया। राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि "कांग्रेस नेतृत्व पीढ़ी दर पीढ़ी संविधान को जेब में रखकर केवल अपने स्वार्थ के लिए देश की छवि विदेशों में खराब करता है।"जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा, "कांग्रेस संविधान की दुहाई देती है, लेकिन सबसे अधिक उसी ने संविधान के साथ खिलवाड़ किया। न्यायपालिका तक को दबाया गया और सैकड़ों निर्दोषों को जेलों में ठूंसा गया। आपातकाल के दौरान 13 महीने जेल में रहे लोहरदगा निवासी उमेश कास्यकार ने आपबीती साझा करते हुए कहा कि "बिना किसी अपराध के मुझे जेल भेजा गया। मेरे एक साथी की तो जेल में प्रताड़ना के कारण मौत भी हो गई थी।" कार्यक्रम में उन्हें एवं अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव जनजीवन के साथ खिलवाड़ किया और अपने विरोधियों को कुचलने का काम किया। "नसबंदी योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।"कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पशुपतिनाथ पारस ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अनिल उरांव ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, मनोझा पांडेय, त्रिवेणी दास, विनोद राय, रिपुसूदन साहू, नवीन कुमार टिंकू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल

**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के मैना बगीचा के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। बता दें कि सदर थाना क्षेत्र के भुजनिया गांव निवासी विश्वनाथ उरांव का पुत्र रामकुमार उरांव (18 वर्ष) अपने मोटर साइकिल से अपने एक महिला दोस्त के साथ भंडरा से अपने घर भुजनिया लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मारुति ने टक्कर मार फरार हो गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वछता प्रमंडल लातेहार**

**शुद्धि–पत्र**

निविदा सूचना PR No 355741 Drinking Water and Sanitation(25-26)_D के कंडिका सं0– 04 को गौण किया जाता है। निविदा की शेष सभी शर्ते यथावत है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 355897 Drinking Water and Sanitation(25-26).D



**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**

(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)

Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

(अति अल्पकालिन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2025–26 का पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन, खेल कूद एवं उपस्कर बर्त्तन सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक 02.07.2025 को 11:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 02.07.2025 को 01:00 बजे अपराहन् में क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय प्रकोश्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

(A) क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूचीः– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 355902 Welfare(25-26)D


# कुडू एनएच पर जानलेवा बने गड्ढे

## सीओ के आदेश पर एनएचआई कर्मियों ने मरम्मत कार्य की शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** कुडू क्षेत्र में दो नेशनल हाईवे की स्थिति बेहद खराब हो गई है। एनएच-143ए (कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ) पर इंदिरा गांधी चौक से बाजार ताड़ गेट के पास कई स्थानों पर अधूरे सड़क निर्माण के चलते जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। वहीं एनएच-75 (कुडू-रांची रोड) पर ढुलुवा खुटा पुल और पढ़हा भवन के समीप सड़क के बीचों-बीच खतरनाक गड्ढे हैं, जिनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। मंगलवार को पढ़हा भवन के सामने एक गड्ढे से बचने के चक्कर में ट्रक ने बाइक सवार लाधूप सेन्हा निवासी परदेश गंझू (24 वर्ष) को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जाम हटवाने पहुंचे सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा को ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली दिखाते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की। सीओ के निर्देश पर बुधवार को एनएचआई कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया, लेकिन यह कार्य सिर्फ खानापूरी तक सीमित रहा। रांची रोड पर केवल एक साइड में लेवलर चलाया गया, जबकि गड्ढों को भरने की ज़रूरत तक नहीं समझी गई। लोहरदगा रोड पर एक मिक्सर मशीन आई, जिसने केवल एक बड़ा गड्ढा भरने के बाद बारिश और मैटेरियल की कमी का हवाला देकर काम बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है, खासकर स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए। लोगों ने एनएचआई से मांग की है कि सड़क की समुचित और स्थायी मरम्मत जल्द से जल्द की जाए।

# चोरी की योजना बना रहे दो अपराधी रंगे हाथ हथियार समेत गिरफ्तार

- देशी पिस्टल, जेनरेटर, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन सहित कई सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस ने गंभीर रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बीती रात थाना क्षेत्र के जुरिया इलाके में चोरी की योजना बना रहे दो संदिग्ध युवकों को पुलिस ने हथियार के साथ धर दबोचा। उनके पास से चोरी का जेनरेटर, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान भी बरामद हुआ है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान खूंटी निवासी सतोष उरांव व गुमला निवासी जीतराम उरांव के रूप में किया गया है। अपराधियो के पास से एक देशी पिस्टल, 315 बोर की एक जिंदा गोली, पेचकस व अन्य औजार, भारत कंपनी का 7.5 केवी का जनरेटर, चोरी की गई बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल (नं- जेएच-08 ई -8003) व दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध युवक जुरिया स्थित राजा बंगला के आसपास घूम रहे हैं और किसी बड़ी वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, सअनि अमरनाथ पांडेय व सशस्त्र बल की टीम मौके पर पहुंची। रात करीब 1:20 बजे जब टीम चण्डी स्थान के समीप पहुंची, तो देखा कि मो. याशीन अंसारी के घर के गली वाले दरवाजे पर तीन-चार युवक पेचकस, रेंच व रॉड से ग्रील तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन दो युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। बताया गया कि बरामद मोटरसाइकिल लोहरदगा थाना कांड संख्या 99/25 तथा जनरेटर कांड संख्या 98/25 से संबंधित पाए गए हैं, जो अलग-अलग स्थानों से बीते दिनों चोरी हुए थे। दोनों आरोपियों के विरुद्ध लोहरदगा थाना कांड संख्या 97/25, दिनांक 25.06.2025 के अंतर्गत धारा 310(4)/310(5)/317(5) बीएनएस तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए)/26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है। छापेमारी टीम में रत्नेश मोहन ठाकुर (थाना प्रभारी), स.अ.नि. अमरनाथ पाण्डेय, चन्द्रदीप मेहता, मुकेश शर्मा, सत्यकिशोर समेत अन्य शामिल थे।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (अनु०जनजाति, अनु०जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**

Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

(अति अल्पकालिन निविदा)

वित्तीय वर्ष 2025–26 का पलामू जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए पोशाक एवं कम्बल, बेडसीट, मच्छरदानी ओढ़ने बिछाने का चादर एवं तकिया कवर आदि सामग्रियों का दर निर्धारण/आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक **03.07.2025 को 11:00** बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, पलामू में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक **03.07.2025 को 01:00** बजे अपराहन् में क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष उप विकास आयुक्त, पलामू के कार्यालय प्रकोश्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

(A) **क्रय/आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों की सूची**:– सामग्रियों की सूची जिला कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है या पलामू जिला के Website (Palamu.nic.in) से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.355901 Welfare(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।**

(E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

पत्रांक ................................/ लोहरदगा, दिनांक......................................./

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–353 दिनांक–28.05.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ LOHARDAGA /B.D./S.L.I. - 01/2025-26 Date 28.05.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 354966 Lohardaga(25-26):D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date - 07.07.2025 Time 2:00 PM |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date - 15.07.2025 Time 5:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date - 07.07.2025 Time 2:00 PM<br>Last Date - 15.07.2025 Time 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date - 17.07.2025 Time 02:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR.NO.355898 Lohardaga(25-26):D


### भरण-पोषण नहीं देने पर पति जेल भेजा गया

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अंतर्गत बड़का टोली निवासी रोबिन उरांव को बुधवार को सेन्हा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि रोबिन उरांव पर उसकी पत्नी विनीता नाग ने भरण-पोषण नहीं देने का आरोप लगाया था। इस संबंध में विनीता नाग ने न्यायालय में याचिका दाखिल कर अपने और बच्चों के लिए भरण-पोषण की गुहार लगाई थी। न्यायालय ने रोबिन उरांव को आदेश दिया था कि वह प्रत्येक माह चार हजार रुपये भरण-पोषण के रूप में अपनी पत्नी को दे। परंतु जुलाई 2024 से लेकर अब तक उसने यह राशि नहीं दी थी। न्यायालय के आदेश की अवहेलना और भरण-पोषण राशि नहीं चुकाने के कारण रोबिन उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आवश्यक सूचना**

लोहरदगा जिले के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है :–

| S. No. | Company | urea (Ind./Imp.) | DAP | | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IND | IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | | - | - | 1300.00 | - | - | 1720.00 | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/ KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | 1350.00 | 1525.00 | 540.00 | 1325.00 | 1400.00 | 1650.00 | 1725.00 | - |
| 6 | IPL | 266.50 | - | 1350.00 | 1535.00 | 565.00 | | - | - | | 1475 |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | | - | - | 1350.00 | - | - | - | - |
| 10 | SAL | - | - | | - | 550.00 | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.50 | - | | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | | - | 575.00 | - | - | - | - | - |

नोट :–
1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 KG Packsize होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MPR से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/ प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय लोहरदगा में शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 355946 Lohardaga(25-26).D



**कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र,लोहरदगा**
**उद्यम पंजीकरण हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**आम सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रबंध निदेशक, जिडको, राँची (उद्योग विभाग) झारखण्ड के निदेशानुसार MSME इकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क उद्यम पंजीकरण हेतु जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा के सभागार (नए समाहरणालय परिसर) में दिनांक–28.06.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में MSME उद्यमियों के उद्यम का निबंधन किया जाएगा।

अतः आप सभी उद्यमी/व्यवसायी निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर आयोजित जागरूकता शिविर में अपने इकाई के उद्यम निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार से लिंक मोबोइल नम्बर के साथ भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता हैं। (विशेष जानकारी हेतु मो0–9155700111 एवं 9430389449 से सम्पर्क किया जा सकता है।)

निवेदक,
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा

PR 355887 Lohardaga(25-26).D

## युवा कांग्रेस ने किया संगठनात्मक चुनाव को लेकर पोस्टर लांच



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** गुमला जिले में चुनावी प्रक्रिया हेतु नियुक्त किए गए जिला समन्वयक जय प्रकाश चौबे, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव ने बुधवार को सिसई प्रखंड के टाना भगत सभागार में नेता चुनो, नेता बनो का युवा कांग्रेस का पोस्टर लांच किया। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस देश का ऐसा पहला राजनीतिक संगठन है, जो आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के जरिए योग्य नेतृत्व को सामने लाने का कार्य करता है। चुनाव पारदर्शिता,निष्पक्षता पूर्वक होंगे, जिसमें प्रत्येक उम्मीदवार को अपने क्षेत्र से निर्वाचित होकर नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा। यह प्रक्रिया भारत की राजनीति में एक ऐतिहासिक और सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। आजाद अंसारी ने कहा कि यह चुनाव ब्लॉक, विधानसभा, जिला एवं राज्य स्तर पर कराए जाएंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से नेतृत्व के अवसर प्रदान करना है। इस चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से ईमानदार, कर्मठ एवं समर्पित युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा में लाना, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की ,जुगल उरांव, निलेश उरांव, रजब अंसारी, मनोरंजन टोप्पो, आश्रित उरांव, बिंदेश्वर उरांव, साबिर खान, मोहम्मद अम्मार, जिनेश उरांव, इश्तियाक अंसारी, हारून अंसारी, सफीक अंसारी, बुद्धेश्वर उरांव, मोहम्मद होदा सहित कई युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**गुमला।** जिले में आयोजित सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 बालक एवं बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के जिला स्तरीय फाइनल मुकाबले आज सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया। गुमला प्रखंड स्थित संत इग्नेसियस स्कूल की टीम और भरनो प्रखंड की टीम के बीच खेले गए बालक वर्ग फाइनल में रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली।

### मानसून में खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

# कई रेस्टोरेंट्स पर जुर्माना कई को थमाया गया नोटिस

- खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता व भंडारण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई, नमूनों की जांच जारी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** मानसून के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर गुमला जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में 25 जून 2025 को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार शहर में व्यापक खाद्य सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी गुमला एवं जिला तंबाकू नियंत्रण सलाहकार वंदना स्मिता होरो ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान गुमला शहर के कई प्रमुख रेस्टोरेंट्स, ढाबों और खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। निरीक्षण में दही, मैदा, सेवई, पनीर, चाऊमीन जैसी सामग्रियों के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे गए, ताकि गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। कई प्रतिष्ठानों में एफएसएसएआई मानकों का उल्लंघन, खराब भंडारण प्रणाली और स्वच्छता की कमी पाई गई, जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई। जुर्माना लगाए गए प्रतिष्ठान,चूल्हनी रेस्टोरेंट – 10,000 रूपये, फंड एंड फूड – 5,000 रूपये जयसवाल ढाबा – 5,000 रूपये, फूड वेली ढाबा – 2,000 रूपये स्पष्टीकरण नोटिस जारी किए गए प्रतिष्ठान कृष्णा लाइन होटल, शांति ढाबा, मनोज ढाबा, होटल राज, फैमिली रेस्टोरेंट, होटल सबेकर, हिंदुस्तान होटल प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी खाद्य प्रतिष्ठान मानसून में विशेष सतर्कता बरतें। खाद्य पदार्थों की स्वच्छता, गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण और निर्माण प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही भविष्य में कड़ी कानूनी कार्रवाई को जन्म दे सकती है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आम जनमानस को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।



### मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन जांच अभियान तंबाकू उत्पाद जब्त कर नष्ट किए गए



**बसिया(गुमला)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के द्वारा बसिया क्षेत्र में मादक पदार्थों और तंबाकू उत्पादों के विरुद्ध एक सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करने वाले विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीओ जयंती देवगम ने बताया कि संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कोटपा एक्ट के तहत अर्थदंड लगाते हुए जब्त किए गए तंबाकू उत्पादों को बसिया थाना में विधिवत रूप से नष्ट किया गया। इस पूरी कार्रवाई में स्थानीय पुलिस बल भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। इस अभियान के दौरान विशेष रूप से विद्यालय परिसरों के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी प्रतिष्ठानों की कड़ी जांच की गई। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि यह अभियान अभी लगातार चलाए जाएंगे ताकि बच्चों और युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके। तंबाकू जैसे खतरनाक उत्पादों की बिक्री पर सख्त रोक लगाने के इस अभियान के बाद यहां इस व्यवसाय से जुड़े दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

### सर्पदंश से 13 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के आताकोरा पंचायत अंतर्गत मकरा गांव में बीते रात एक दर्दनाक घटना घटित हुई, जहां 13 वर्षीय संजोती उरांव, पिता नकु उरांव, की सर्पदंश से मौत हो गई। मासूम संजोती अपने घर के अंदर जमीन पर बिछे बिस्तर पर मां के साथ सो रही थी, जब यह हादसा हुआ। मृतका की मां के अनुसार, रात करीब 1 बजे संजोती पेट दर्द की शिकायत करते हुए अचानक उठी और थोड़ी देर में उल्टी करने लगी। उन्हें यह अंदाजा नहीं था कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया है। गर्दन के पास सूजन को देख उन्होंने पारंपरिक रूप से तेल मालिश और झाड़-फूंक का सहारा लिया, लेकिन सुबह तक संजोती की सांसें थम चुकी थीं। परिजनों द्वारा सुबह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत की मुखिया मीरा उरांव एवं पूर्व मुखिया बुधराम उरांव मौके पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

## धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जागरूकता शिविरों का सफल आयोजन जारी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जनजातीय और वंचित वर्गों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन द्वारा 15 जून से 30 जून 2025 तक "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में शिविर लगाकर पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा मौके पर दस्तावेज सत्यापन कर योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसी क्रम में 25 जून को अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने चैनपुर प्रखंड के बारडीह पंचायत अंतर्गत सिबिल गांव (रोरो टोला) में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रखंड कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, वन अधिकार अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, कृषि एवं उद्यानिकी योजनाएं, मनरेगा, छात्रवृत्ति और जल जीवन मिशन योजनाएं, स्वरोजगार योजनाएं और आजीविका मिशन। इसके अतिरिक्त मौके पर आधार अद्यतन, आय/जाति प्रमाण पत्र निर्गमन, राशन कार्ड सुधार एवं ऑन-द-स्पॉट आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कई नागरिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता द्वारा सिबिल गांव की जन वितरण प्रणाली (PDS) दुकान का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने संचालक को उचित माप-तौल और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### अबुआ आवास योजना : चैनपुर में गृह प्रवेश गरीबों के लिए वरदान बनी योजना

**चैनपुर।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना चैनपुर प्रखंड के गरीबों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। हाल ही में इस योजना के तहत निर्मित घरों में लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया गया, जिससे उनके पक्के घर के सपने साकार हुए।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, अमिता केरकेट्टा, ईश्वर खेस और सीताराम मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लाभार्थियों को उनके नए घरों में प्रवेश दिलाया। सभी मुखियाओं ने एक स्वर में इस योजना की सराहना करते हुए इसे राज्य सरकार की गरीबों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना से गरीबों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आ रहा है।योजना के वित्तीय पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जहां केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों को एक लाख बीस हजार की सहायता मिलती है, वहीं हेमंत सोरेन सरकार की अबुआ आवास योजना के तहत प्रति लाभार्थी दो लाख की सहायता प्रदान की जा रही है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान, 47 हजार जुर्माना वसूल

- दोपहिया वाहन चालकों की जांच, नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई, चालकों को दी गई सुरक्षा संबंधी काउंसलिंग

नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह (गुमला)।** सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क और प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में 25 जून 2025 को रायडीह थाना क्षेत्र में विशेष मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह, और सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष ने संयुक्त रूप से किया। अभियान के दौरान करीब 25 से 30 दोपहिया वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच की गई।

हेलमेट नहीं पहनने, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और वाहन नामांतरण जैसे अनिवार्य दस्तावेजों के अभाव में चालकों पर 47 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान तय दंड राशि की जानकारी दी गई - बिना हेलमेट 1हजार रूपये बिना ड्राइविंग लाइसेंसः5 हजार रूपये,बीमा रहित वाहन 2हजार रूपये,बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र10 हजार रुपये, नामांतरण नहीं होने पर 5 हजार रूपये अभियान के दौरान रोड सेफ्टी काउंसलिंग भी की गई, जिसमें चालकों को बताया गया कि हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में प्रभावी उपाय हैं और यह उनकी जान-माल की रक्षा के लिए आवश्यक हैं।

यह जांच अभियान शाम 4:30 बजे से 5:30 बजे तक चला और प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के वाहन जांच व जनजागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि जिले में सड़क सुरक्षा को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। अभियान में जिला परिवहन विभाग, सड़क सुरक्षा टीम, एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

## बीमा सुरक्षा की नई मिसाल बसिया प्रखंड में 4500 से अधिक लोग हुए योजनाओं से आच्छादित

नवीन मेल संवाददाता




**बसिया (गुमला)।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड अंतर्गत कोनबीर पंचायत में वित्तीय समावेशन को गति देने और आम लोगों तक बीमा सुरक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से मार्च 2025 से एक विशेष बीमा अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त गुमला के नेतृत्व और प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री सुप्रिया भगत के सक्रिय मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान ने अब तक 4500 से अधिक लोगों को बीमा योजनाओं से जोड़कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु और मॉन्टफोर्ट स्कूल, बसिया के छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर घर-घर जाकर जानकारी दी और बीमा से जोड़ने की प्रक्रिया को सशक्त रूप दिया। इस जन-आधारित पहल में 5000 नागरिकों को लक्ष्य बनाते हुए अभियान शुरू किया गया था, जिसमें से अब तक 4500 से अधिक लोग योजनाओं के दायरे में आ चुके हैं। शेष नागरिकों को जोड़ने हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया लगातार जारी है। इस अभिनव प्रयास को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है। नेशनल इंश्योरेंस अकादमी (एनआईए), पुणे के छात्रों की एक टीम कोनबीर पहुंची और उन्होंने अभियान की कार्यप्रणाली, रणनीति और सामाजिक प्रभाव का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता एवं बीमा सुरक्षा की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

## भाजपा ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को 'काला अध्याय' के रूप में किया याद

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी गुमला इकाई द्वारा इसे 'लोकतंत्र पर काला अध्याय' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, सिमडेगा के पूर्व विधायक निर्मल बेसरा समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दौर था। "आजादी के बाद यह पहला अवसर था जब लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया गया। लाखों लोगों को जेलों में ठूंसा गया, प्रेस की स्वतंत्रता छीनी गई और नागरिक अधिकारों का हनन हुआ।" उन्होंने कहा कि वर्तमान की कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की दुहाई देती है, जबकि वही पार्टी संविधान की हत्या की दोषी रही है। पूर्व विधायक निर्मल बेसरा ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों की चर्चा करते हुए बताया कि कैसे पुलिस ने मनमानी की, कैसे संविधान को बार-बार बदला गया और कैसे आम नागरिकों की आवाज को दबा दिया गया। उन्होंने कहा कि यह दौर युवाओं को उनके इतिहास से परिचित कराने का है, ताकि वे लोकतंत्र की कीमत समझ सकें। भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल ने स्वागत भाषण में कहा कि वे स्वयं उस दौर के साक्षी हैं। "हमने देखा है कि किस तरह संविधान की हत्या की गई और आम लोगों का दमन हुआ।" उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा में जनता के संघर्ष को सलाम किया।

**कार्रवाई** उपायुक्त ने किया उरांव व कृष्णा छात्रावास का निरीक्षण, कहा-

# छात्रावासों में सुविधाओं का होगा सशक्तिकरण

- आवासीय विद्यार्थियों से संवाद, समस्याओं के समाधान के लिए दिए त्वरित निर्देश, निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराज़गी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले के कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा, स्वच्छ वातावरण एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने उरांव छात्रावास (दुनदुरिया) तथा कृष्णा छात्रावास (गुमला) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्रावास परिसरों का भौतिक अवलोकन किया और वहाँ रह रहे विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उरांव छात्रावास में पेयजल की उपलब्धता तो पाई गई, लेकिन सेप्टिक टैंक की बार-बार भरने की समस्या, खराब पंखे, टूटी-फूटी बाथरूम के दरवाजे, साफ-सफाई की कमी जैसी समस्याएं सामने आईं।

उपायुक्त ने इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अभियंताओं को अगले दिन ही स्थल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने छात्रावास में खेल मैदान का निर्माण, सफेदी एवं मरम्मत कार्य,पुस्तकालय की स्थापना,सोलर लाइट की मरम्मत, रसोईघर में टाइल्स लगाने, वैकल्पिक ईंधन की व्यवस्था, साइकिल शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने जैसे सुधारात्मक कदमों की रूपरेखा बनाने का निर्देश दिया।इसके पश्चात कृष्णा छात्रावास गुमला के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता की समीक्षा की। टाइल्स की अनुचित फिटिंग एवं घटिया निर्माण कार्य पर नाराजगी जताते हुए इंजीनियरिंग विभाग को कड़ी चेतावनी दी गई कि निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण में खिड़कियों की स्थापना,ढलाई कार्य की गुणवत्ता,हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था,50 बेड निर्माण की प्रगति जैसे कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया।

उपायुक्त ने दोहराया कि छात्रावासों में रहने वाले बच्चों को स्वच्छ, प्रेरक एवं सुरक्षित माहौल देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, लघु सिंचाई प्रमंडल एवं अन्य संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

### 30 चयनित महिला उद्यमियों से डीसी ने की मुलाकात

जिले की 30 चयनित महिला उद्यमियों को गुजरात के इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद (आईआरएमए) में 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी महिला उद्यमियों से मुलाकात कर उन्हें प्रशिक्षण से जुड़ी जरूरी जानकारियां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। चयनित सभी महिलाएं स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी हुई हैं और जिले में विभिन्न क्षेत्रों में स्वरोजगार कर अपनी पहचान बना चुकी हैं। कई महिलाओं ने लखपति महिला किसान के रूप में मिसाल कायम की है।

## न्यूज बॉक्स

### आज जिलेभर में आयोजित होगा थाना दिवस, शिकायतों का होगा त्वरित समाधान

**गुमला।** जिले में आम नागरिकों की विधि-व्यवस्था संबंधी समस्याओं, थाना से जुड़ी शिकायतों एवं भूमि विवाद जैसे मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान को लेकर 26 जून 2025 (बृहस्पतिवार) को थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों में एक साथ सुनिश्चित किया गया है। थाना दिवस का उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनना और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है। इस दिन संबंधित अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं थाना प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि समन्वित प्रयासों से शिकायतों का निराकरण संभव हो सके। विशेष बात यह है कि उपायुक्त, एसडीओ सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी चयनित थानों का निरीक्षण करेंगे और आम नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं को समझेंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी वरीय अधिकारी निर्धारित थानों में उपस्थित रहकर न केवल समस्याएं सुनें, बल्कि समाधान भी सुनिश्चित करें। इस पहल का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी स्थापित करना है। थाना दिवस जैसी व्यवस्था से न केवल शिकायतों का शीघ्र समाधान संभव होगा, बल्कि प्रशासन की जवाबदेही एवं पारदर्शिता भी सशक्त होगी।

### पर्यटन स्थलों पर चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान




**गुमला।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से गुमला जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों को नशे की लत के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए एक नशा-मुक्त समाज की ओर प्रेरित करना था। अभियान के तहत पर्यटन स्थलों टांगीनाथ धाम (डुमरी) एवं देवाकी धाम (घाघरा) में जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञों एवं पर्यटक मित्रों की टीम ने स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर पंपलेट का वितरण कर नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की सेहत को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी गंभीर असर डालता है। नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना सकती है। ऐसे में सभी का यह दायित्व है कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने नशा न करने एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की शपथ भी ली।

### चैनपुर प्रखंड में आज लगेगा आम महोत्सव

**चैनपुर।** आज चैनपुर प्रखंड में एक भव्य आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ मनरेगा योजना के तहत लगाए गए आम बागवानी का आम का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने किसानों और आम प्रेमियों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। इस महोत्सव में विभिन्न किस्मों के आम के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे आगंतुकों को अलग-अलग प्रकार के आमों को देखने और उनका स्वाद लेने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन मनरेगा के तहत किसानों द्वारा की गई मेहनत और आम उत्पादन में स्थानीय प्रगति को भी दर्शाएगा। बीडीओ यादव बैठा ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहित करना और आम की खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा, "यह महोत्सव न केवल किसानों को अपनी उपज प्रदर्शित करने का मंच देगा, बल्कि उन्हें नई तकनीकों और किस्मों के बारे में जानने का भी मौका मिलेगा।"यह आम महोत्सव गुरुवार को चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### बोलेरो की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**सिसई(गुमला)।** तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बरगांव करंजटोली गांव के चन्दु उरांव के सात वर्षीय इकलौते पुत्र रितिक उरांव को बुधवार की शाम करीब सवा पांच बजे उसके ही घर के समीप एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी द्वारा कुचल दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बोलेरो को रोकने का प्रयास किया गया। किन्तु गाड़ी तेज रफ्तार से बरगांव से मुर्गू की ओर फरार हो गया।

### जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित, जरूरतमंदों ने योजनाओं से संबंधित समस्याओं को रखा



**भरनो (गुमला)।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड एवं अंचल प्रशासन से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर आम नागरिकों ने अपनी बात रखी और आवेदन जमा किए। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से निम्नलिखित समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए -राशन कार्ड में नाम जोड़ने की मांग,वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन योजनाओं से लाभ न मिलने की शिकायत,मइयां सम्मान योजना की राशि एक-दो बार मिलने के बाद बंद हो जाने पर राहत की गुहार,किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़े मुद्दों पर सहायता की मांग। मइयां सम्मान योजना को लेकर बड़ी संख्या में लाभुकों ने बताया कि उन्हें शुरुआत में योजना की राशि मिली, लेकिन बाद में भुगतान बंद हो गया। इस पर उन्होंने प्रशासन से पुनः भुगतान की मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंचल कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर अंशुमान सिंह, सबील अंसारी, तथा प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने आवेदन प्राप्ति एवं दस्तावेजों के सत्यापन में अहम योगदान दिया।

### वाहन चोर सक्रिय, मुख्य बाजार से दिनदहाड़े पिकअप वैन चोरी

**बसिया (गुमला)।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय के मुख्य बाजार क्षेत्र से एक पिकअप वैन की चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। रांची–सिमडेगा मुख्य मार्ग पर खड़ी पिकअप वाहन (नं. जेएच-01-ईटी-5572) को अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस घटना ने क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों पर एक बार फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन के चालक ने पिकअप को घर के बाहर खड़ा किया था और कुछ समय के लिए भीतर चला गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए चोर वाहन को लेकर फरार हो गए। जब मंगलवार की शाम वाहन के संबंध में पूछताछ की गई, तब जाकर मालिक संजय चौधरी को इसकी चोरी की जानकारी मिली। घटना की पुष्टि करते हुए वाहन स्वामी संजय चौधरी ने बताया कि उन्होंने बसिया थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक वाहन का कोई सुराग नहीं मिला है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले एक वर्ष में बसिया क्षेत्र में छोटे वाहनों की चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अपराधियों पर लगाम कसने में प्रशासन अब तक विफल रहा है। व्यापारियों और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस गश्ती बढ़ाने और वाहन चोर गिरोहों की गिरफ्तारी की मांग की।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यदि स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। - **स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# क्षेत्रीय नहीं वैश्विक शक्ति परीक्षण

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले को लेकर चर्चा है कि यह एक बड़ा खेल है, जो सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है। जैसे व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमले का एकमात्र उद्देश्य यूक्रेन के लोकतंत्र को नक्शे से मिटाना और उसे रूस में शामिल करना है, उसी तरह 2023 में लेबनान, यमन और इराक में आतंक के ईरानी प्रतिनिधियों तथा हमास द्वारा इस्राइल पर हमला समावेशी ताकतों और प्रतिरोध की ताकतों के बीच वैश्विक संघर्ष है। इस संघर्ष में एक तरफ वैसे नेता शामिल हैं, जिनका देश व्यापार से ज्यादा लाभ उठाता है, जो वैश्विक खतरे के खिलाफ ज्यादा सहयोग करते हैं और भले ही लोकतांत्रिक न हों, मगर ज्यादा सभ्य तरीके से शासन करते हैं, दूसरी तरफ वैसे नेता हैं, जो इन सब प्रवृत्तियों का विरोध करते हैं, क्योंकि संघर्ष उन्हें अपने नागरिकों का दमन करने, अपनी सेना को मजबूत करने और अपने राजकोष से पैसा चुराने में सक्षम बनाते हैं। समावेशी ताकतें तेजी से मजबूत होती जा रही थीं। यूक्रेन पश्चिम में शामिल होने के लिए तैयार दिख रहा था और इस्राइल पश्चिम एशिया में शामिल होने के लिए। लेकिन पुतिन ने हमला करके यूक्रेन को पश्चिम में शामिल होने से रोक दिया और हमास तथा ईरान के दूसरे प्रतिनिधियों ने इस्राइल पर हमला करके उसे सऊदी अरब के निकट आने से रोक दिया। ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद मीडिया में पहला सवाल उठा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप समझते हैं कि इस वैश्विक संघर्ष में पुतिन किस तरफ हैं। ईरान और रूस करीबी सहयोगी हैं। ईरान ने यूक्रेन युद्ध में रूस को ड्रोन उपलब्ध करवाए हैं। यूक्रेन को इतना सैन्य, आर्थिक एवं कूटनीतिक सहयोग करें कि वह रूस का विरोध कर सके, ठीक उसी तरह जैसे अमेरिका हमास और ईरान को हराने के लिए इस्राइल की मदद कर रहा है। पुतिन और अयातुल्ला एक ही तरह की दुनिया चाहते हैं, जो तानाशाही, धर्मतंत्र एवं उनके भ्रष्टाचार के लिए सुरक्षित हो। वे एक ऐसी दुनिया चाहते हैं, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता, कानून के शासन, स्वतंत्र प्रेस की हवाओं से मुक्त हो; और जो स्वतंत्र विचारों वाले पड़ोसियों के विरुद्ध रूसी और ईरानी, दोनों साम्राज्यवाद के लिए सुरक्षित हो। चीन हमेशा से दोनों खेमों में शामिल रहा है। इसकी अर्थव्यवस्था स्वस्थ और बढ़ी समावेशी दुनिया पर निर्भर करती है, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व प्रतिरोधी दुनिया के साथ मजबूत संबंध बनाए रखता है। चीन ईरान से तेल खरीदता है, लेकिन हमेशा चिंतित रहता है कि अगर ईरान के पास परमाणु बम आ गया, तो वह एक दिन शिनजियांग के मुस्लिम अलगाववादियों को भी इसे मुहैया करा सकता है। ईरान से चीन की तेल खरीद तेहरान की बाहरी आय का बड़ा स्रोत है, जिसने ईरान को हमास, हिजबुल्ला और हाल तक सीरिया को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाया। आइए, अब इस संघर्ष को विशुद्ध पश्चिम एशिया के नजरिए से देखें। ईरान में इस्लामी क्रांति ने शाह को उखाड़ फेंका, सऊदी शासक परिवार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहे शुद्धतावादी जिहादियों द्वारा मक्का में ग्रैंड मस्जिद पर कब्जा, इस्राइल और मिस्र के बीच कैंप डेविड शांति संधि पर हस्ताक्षर तथा संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में जेबेल अली बंदरगाह का उद्घाटन, जो दुनिया में सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक बन गया। और फिर पश्चिम एशिया में समावेशी और प्रतिरोधी ताकतों के बीच एक विशाल क्षेत्रीय संघर्ष शुरू हुआ।

*ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद मीडिया में पहला सवाल उठा कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप समझते हैं कि इस वैश्विक संघर्ष में पुतिन किस तरफ हैं।*

# देश का आनेवाला कल नशे के दलदल में न समा जाए

नशा केवल नाश करता है, जिसे नशेड़ी बड़े शौक से सेवन करते है वो शरीर को बेहद घातक तरीके से प्रभावित करता है। नशा सर्वप्रथम मनुष्य के मस्तिष्क पर हावी होता है एवं उसके सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करता है और धीरे-धीरे सम्पूर्ण शरीर को कमजोर करता है। जितनी देर नशे का प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा, तब तक नशेड़ी मनुष्य के अनुचित व्यवहार की संभावना प्रबल रहती है। सीधी सी बात है, अगर मनुष्य का मस्तिष्क ही अनियंत्रित होगा तो उसका खुद पर काबू भी नहीं रहेगा। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट, 2021 अनुसार, नशीली दवाओं के उपयोग और अपराध के बीच एक करीबी संबंध है। हम खुद भी देखते है कि दुनियाभर में अपराधों में भयावह बढ़ोत्तरी में नशा मुख्य कारण है, अर्थात आधे से ज्यादा अपराध नशे की हालत में या नशे के लिए किये जाते है। नशे के लिए पैसे न मिलने पर नशेड़ियों द्वारा अपने माँ-बाप का भी कत्ल कर देने की खबरें या अनुचित घटनाएं देखने-सुनने को मिलती है। अब तो अपराध बेहद कम उम्र में ही देखने मिलता है, स्कूली बच्चें भी नशे के आदि नजर आते है। अभिभावकों का बच्चों के प्रति गैरजिम्मेदाराना रवैया या बच्चों पर अंधा विश्वास, फैशन और फिल्म इंडस्ट्री का नकारात्मक असर एवं सोशल मीडिया की लत ने बच्चों के विकास को बड़ी बुरी तरह खराब किया है। अगर बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर अभी से नशे का जहर हावी होने लगा तो, देश का उज्जवल भविष्य तो अपराधों के दलदल में ही पनपेगा। हर छोटी-छोटी बात पर पार्टी और पार्टी के नाम पर नशा करते युवा। आज हम जिधर देखे उधर मादक पदार्थों की तस्करी, नशेड़ियों द्वारा अपराध और दुर्घटनाएं एवं बुरी खबरें है, शायद ही कोई दिन होगा जब इससे संबंधित खबरें न छपती हो। मादक पदार्थों का जाल तेजी से फैला है, नशे की तस्करी में भी बच्चों का इस्तेमाल हो रहा है।

देश में सबसे ज़्यादा प्रचलित मादक पदार्थों में शराब, मारिजुआना (गांजा, हशीश, भांग), हेरोइन (ओपिओइड), फार्मास्युटिकल ओपिओइड (फेंटेनाइल, कोडीन व अन्य), तंबाकू (निकोटीन), मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ), कोकेन, बेंजोडायजेपाइन (जैसे डायजेपाम, अल्प्राजोलम), अफीम यह है। नशे के लिए छोटे बच्चे भी इनहेलेंट जैसे गोंद, व्हाइटनर, कफ सिरप, दर्द निवारक, पेंट थिनर, फिनाइल, सैनिटीज़र, पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील तेज गंध वाले रसायनों को सूंघते है। बच्चों में शराब और तंबाकू का बढ़ता उपयोग भी चिंता का विषय है। आज संगठित अपराध अवैध नशीली दवाओं के व्यापार को बढ़ावा दे रहा है, जिसके कारण दुनिया भर के लोगों और समुदायों पर विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं। इसलिए इस वर्ष 2025 के अंतर्राष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी दिवस का नारा है "जंजीरों को तोड़ना : सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति!" यह नारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से निपटने के लिए सामुदायिक समर्थन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच और वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता पर जोर देता है। हम सभी ने अपने स्तर पर जागरूक होकर नशे के विरुद्ध लड़ाई लड़नी है।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस



पंजाब से ज्यादा नशेड़ी देश के सबसे शिक्षित राज्य केरल में, जी हां, यह आंकड़ा भयावह है। 2024 में, केरल ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत 27,701 मामले दर्ज किए, जो पंजाब में 9,025 मामलों से तीन गुना अधिक है। देश के कुल राज्यों में से केरल में ड्रग से संबंधित मामलों की दर सबसे अधिक है, पिछले चार वर्षों में, केरल ने 87,101 ड्रग से संबंधित मामले दर्ज किए हैं, जो पिछली बार की तुलना में 130 प्रतिशत की वृद्धि है। हर जिला प्रभावित है और इस साल के पहले दो महीनों में, 30 हत्याएं मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित थीं, राज्य में कुल हत्याओं का आधा हिस्सा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत की सड़कों पर 5,000,000 से ज़्यादा बच्चे अमानवीय परिस्थितियों में रहते और काम करते हैं, जहाँ उन्हें नशीली दवाओं के सेवन का बहुत ज़्यादा जोखिम है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश में 10 से 17 साल की उम्र के 1.58 करोड़ बच्चे नशीले पदार्थों के आदी हैं।

डब्लूएचओ अनुसार, शराब के हानिकारक उपयोग से प्रत्येक वर्ष 3.3 मिलियन मौतें होती हैं, तम्बाकू उत्पादों पर उत्पाद शुल्क के रूप में एकत्र किए गए प्रत्येक 100 रुपये से भारतीय अर्थव्यवस्था को 816 रुपये का नुकसान होता है, 2017 और 2018 के बीच 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए सभी बीमारियों और मौतों से तम्बाकू के उपयोग की आर्थिक लागत 27.5 बिलियन अमेरिकन डॉलर थी। 2011 और 2050 के बीच, शराब से संबंधित मौतों के कारण 258 मिलियन जीवन वर्ष नष्ट हो जाएंगे। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकार वाले 64 मिलियन लोगों में से केवल 11 में से 1 को ही उपचार मिल पाता है। नशीली दवाओं के सेवन संबंधी विकार वाली केवल 18 में से 1 महिला ही उपचार की मांग करती है, जबकि 7 में से 1 पुरुष ही उपचार की मांग करता है। गृह मंत्रालय ने 18 मार्च, 2025 को लोकसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में देश भर के बंदरगाहों से 19 मामलों में कुल 11,311 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं जब्त की गई हैं, सतत कार्यवाही के बावजूद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, भारत में नशीली दवाओं की लत बढ़ रही है, अनुमानित 100 मिलियन लोग भारत में विभिन्न मादक पदार्थों से पीड़ित हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय द्वारा प्रकाशित विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के अनुसार, नशीली दवाओं का वैश्विक उपयोग 292 मिलियन लोगों तक पहुँच गया है, जो पिछले दशक की तुलना में 20% की वृद्धि है। 2019 और 2021 के बीच उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब जैसे राज्यों में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत सबसे अधिक एफआईआर दर्ज की गईं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारत में पदार्थों के उपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर 2019 में किए गए राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, 10 से 75 वर्ष की आयु के 160 मिलियन लोग वर्तमान में शराब पी रहे हैं। इनमें से 5.2 प्रतिशत शराब पर निर्भर हैं। देश में नकली शराब से भी बड़े पैमाने पर नशेड़ियों की मृत्यु होती है। शराबखोरी एक पुरानी बीमारी है, जिसके कारण लोगों को शराब की तलब होती है और वे अपने पीने पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। वयस्क नशेड़ियों पर तत्काल उपचार एवं नई पीढ़ी का नशे की ओर बढ़ता हुआ आकर्षण हमें जल्द रोकना होगा। इसमें सरकार, सेवाभावी संस्था और जनता का आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। अभिभावक अपनी जिम्मेदारी समझें, अपनी लापरवाही के कारण बच्चें बिगड़कर समाज और देश के लिए नासूर ना बनने पाएं। अभिभावकों का बच्चों पर नियंत्रण, आसपास का पोषक वातावरण, जागरूकता और पारिवारिक सदस्यों का आपसी बेहतर समन्वय नशे से मुक्त रख सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात




**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

### क्या इस्लामिक देशों का संगठन "ओआईसी" अब "ओआईपी" के तौर पर जाना जाएगा?

तुर्किए के इस्तांबुल में इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक को फिर से भारत विरोधी मंच बनाने का एक प्रयास गत 21 व 22 जून को 57 मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद भी यही सबकुछ देखने को मिला जब जारी किए गए साझे बयान में 1960 के सिंधु जल समझौते को यथावत बनाए रखने और पाकिस्तान के विरुद्ध एकतरफा एक तरफा सैन्य कार्रवाई जैसी भारत विरोधी बातें निकलकर सामने आई। अब ओआईसी ने बयान में कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की लाइन का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार के समर्थन और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का पूरा सम्मान करने की बातें दुहराकर सबकुछ साफ कर दिया है। कूटनैतिक तौर पर इसे न केवल पाकिस्तान के समर्थन में बल्कि भारत के विरोध में दिया गया बयान माना जा रहा है। इधर भारत अपने इस स्टैंड पर अभी भी कायम है कि कश्मीर उसका आंतरिक मामला है और किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को वह कतई नहीं मानने वाला है। भारत के इस घोषित रुख के बावजूद ओआईसी ने दक्षिण एशिया में बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताते हुए भारत के द्वारा "पाकिस्तान पर सैन्य हमलों" पर संयम बरतने की अपील जारी की है। जानकारों के अनुसार ओआईसी का यह रवैया भारत के लिए एक नई कूटनीतिक चुनौती खड़ी करने की नीयत से अपनाया गया है। उल्लेखनीय है कि आज समूचा विश्व भारत को एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता और विकास के साझेदार की भूमिका में देख रहा है। ऐसे में विघ्नसंतोषी पाकिस्तान इस प्रयास में है कि वह ओआईसी पर अपने प्रभाव के बल पर भारतीय हितों के विरुद्ध हुए सिंधु जल समझौते को भू-राजनैतिक टकराव का विषय बनाते हुए इसे दक्षिण एशिया में अस्थिरता को बढ़ावा देने वाले घटनाक्रम के तौर पर प्रायोजित कर सके। यदि ओआईसी पाकिस्तानी भोंपू बजाने का हठ पाले रखता है तो उसकी मर्जी परन्तु उसे इस बात का तो जवाब ढूंढ़ना ही होगा कि क्यों न भविष्य में Organisation of Islamic Cooperation (OIC) को Organisation of Islamic Propaganda (OIP) के तौर पर जाना जाए? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की बात



**केदारनाथ दास**



# जगन्नाथ रथयात्रा : श्रद्धालुओं की सेवा में सदैव तत्पर भारतीय रेल

महाप्रभु की पावन नगरी, जगन्नाथ पुरी, रथयात्रा के लिए पूरी तरह तैयार है। दुनिया भर से हर वर्ष आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था की अनोखी यात्रा है। भारतीय रेल भी तीर्थयात्रियों को सेवा में हमेशा की तरह तत्पर है। तीर्थयात्रियों के सुखद अनुभव के लिए भारतीय रेल उनकी सेवा में तत्पर है। पिछले 11 वर्ष, ओडिशा के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से ऐतिहासिक रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पूर्वोदय नीति' के तहत ओडिशा को आवंटित रेल बजट में 2009-14 के वार्षिक औसत के मुकाबले 12 गुना उछाल देखने को मिला है। वर्ष 2025-26 में बजट का आंकड़ा 10,500 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। ओडिशा में 2014 से अब तक 2,100 किलोमीटर से अधिक नई पटरियां बिछाई जा चुकीं हैं। यह मलेशिया के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। ओडिशा में वर्तमान में 73,000 करोड़ रुपये की नई रेल लाइन परियोजनाएं चल रही हैं। 59 अमृत स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें आकांक्षी जिलों में 16 स्टेशन शामिल हैं। राज्य में संचालित 6 वंदे भारत सेवाएं 17 जिलों को कवर कर रहीं हैं। ओडिशा में भारतीय रेलवे का सबसे खास योगदान रथयात्रा के दौरान होता है। रेलवे हर साल इस दौरान लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा का जिम्मा उठाता है।

पिछले 11 वर्षों में रथयात्रा स्पेशल ट्रेनों की संख्या चार गुना बढ़ी है। इस वर्ष जगन्नाथपुरी के लिए 850 नियमित और 365 विशेष ट्रेन सेवाओं सहित कुल 1,215 ट्रेन सेवाएं संचालित हैं। ये ट्रेनें ओडिशा के कई आकांक्षी जिलों जैसे कालाहांडी, बलांगीर, नुआपाड़ा, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और ढेंकनाल और आदिवासी क्षेत्रों को श्रीक्षेत्रपुरी से जोड़तीं हैं। एआई-आधारित रियल-टाइम डिमांड प्रिडिक्शन सिस्टम के जरिए ट्रेनों का बेहतर संचालन हो रहा है। पुरी में इस बार 10 प्लेटफॉर्म तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए तैयार हैं। पुरी के साथ-साथ अन्य रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए गए हैं।



'सेवा परमो धर्मः' की भावना के साथ, भारतीय रेल यह सुनिश्चित कर रही है कि रथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को सम्मान, सुविधा और सुरक्षा मिले। इस वर्ष तीर्थ यात्रा को समावेशी बनाने की बहुत बड़ी पहल हो रही है। प्रतिदिन अधिकतम 2 लाख की क्षमता के साथ रेलवे करीब 20 लाख यात्रियों की सेवा के लिए तैयार है। 25,000 तीर्थयात्रियों की क्षमता वाला होल्डिंग एरिया भी बनाया गया है। गर्मी से राहत के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। भोजन, पानी और कूलर की व्यवस्था है। लगभग 2.5 लाख निःशुल्क भोजन सामग्री के वितरण की व्यवस्था है। सफाई के लिए आधुनिक जेट क्लीनिंग मशीनें, सीवर सफाई ट्रक सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल, सीसीटीवी, ड्रोन और फेस रिकग्निशन सिस्टम लगाए गए हैं। दिव्यांगजनों, बुजुर्गों, महिलाओं और बीमार श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। डॉक्टर, एंबुलेंस, मेडिकल बूथ और फर्स्ट एड काउंटर स्थापित किए गए हैं। इस बार भारतीय रेलवे ने पुरी स्टेशन को आस्था-आधारित सार्वजनिक सेवा के एक मॉडल के रूप में परिवर्तित किया है।

भारतीय रेल की विशेष इंजीनियर्स और टेक्नीशियन्स की टीम पूरी रथयात्रा के दौरान रथों के साथ तैनात रहती है। यह रथों को निर्माण स्थल से जगन्नाथ मंदिर तक ले जाने के साथ उनकी सुगम आवाजाही और मरम्मत में सहयोग करती है। यह टीम स्पेशल स्क्रू जैक का उपयोग कर रथों को ठीक जगह पर रखना, उनकी दिशा और सीध भी सुनिश्चित करती है। रथों के बीच उचित दूरी बनाये रखने और मार्ग की बाधाओं को हटाने की जिम्मेदारी भी रेलवे की टीम देखती है। भारतीय रेल को राष्ट्र की जीवनरेखा कहा जाता है। रथ यात्रा को अपनी जीवनरेखा मानने वाले तीर्थयात्रियों के साथ हर भारतीय की सेवा के लिए भारतीय रेल प्रतिबद्ध है।

देश की बात



**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ईश्वर, अल्ला भिड़ गए, हुए अचानक मौन।
दोनों ने पूछा यही, आखिर हम, तुम कौन?
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जब 26 जून की सुनहरी सुबह में उतर आई थी अमावस की रात

25 जून 1975 की मनहूस रात को पूरा देश कारागार बन गया था। आपातकाल के घोषणा की पृष्ठभूमि पहले से ही तैयार हो चुकी थी। आयरन लेडी की महत्वाकांक्षा ने लोकतंत्र को लहूलुहान कर दिया था।

बाबा नागार्जुन ने सच ही लिख दिया था -
बचपन में गांधी के पास रही
तरुणाई में टैगोर के पास रही
अब क्यों उलट दिया संगत की छाप को
........ इंदु जी इंदु जी क्या हुआ आपको
बेटे को तार दिया बोर दिया बाप को.....

जेपी आंदोलन का मंगलाचरण बन गया था कई जनवादी और राष्ट्रवादी कवियों की रचना। हजारीबाग शहर आपातकाल की काली लपटों से अछूता नहीं रह गया था। संपूर्ण क्रांति की ज्वाला में विद्यार्थी गण अपनी तरुणाई होम कर देने में जरा भी हिचक नहीं रहे थे। दर्जन भर से ज्यादा छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर जेल में डालने का सिलसिला जारी हो चुका था। तत्कालीन छात्र नेता गौतम सागर राणा ने एक संक्षिप्त साक्षात्कार में जानकारी देते हुए कहा था कि उस समय उपायुक्त सी के बसु और पुलिस अधीक्षक जे के सिन्हा कानून के बड़े सख्त अफसरों में माने जाते थे।

संत कोलंबा के छात्रों में अशोक चौरसिया, अर्जुन यादव, नेहरू यादव, अशोक यादव, कमाल खान, हरीश श्रीवास्तव, नीरू जैन जावेद आलम, सुरेंद्र कुमार सिन्हा, अरविंद जी सहाय, भैया गिरीश, भोलानाथ सहाय, संजीव शरण अनिल प्रसाद, जय गोविंद प्रसाद समेत कई छात्रों की गिरफ्तारी हुई थी।

महिला क्रांतिवीरों में गीता चौरसिया, लक्ष्मी बहन, नूपुर दीदी, माला दफ्तुआर समेत कई छात्राएं सड़कों पर उतरकर तानाशाही सत्ता के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। गीता चौरसिया की मां वैजयंती देवी भी आपातकाल के प्रकोप का बुरी तरह शिकार हुई थी।

गौतम सागर राणा और उपेंद्रनाथ दास को इंद्रपुरी सिनेमा के कैंटीन से गिरफ्तार किया गया था। अधिवक्ता स्वरूप जैन की गिरफ्तारी की एक अलग कहानी रही है.। हजारीबाग केंद्रीय कारागार राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से पट गया था। स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर, राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के बड़े पुत्र मृत्युंजय प्रसाद, कैलाशपति मिश्र, सच्चिदानंद सिंह, शालिग्राम सिंह जैसे बड़े नेता बंदी बनाकर रखे गए थे। इस समय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को भी गिरफ्तार करके एक रात के लिए हजारीबाग जेल में रखा गया था। इस बात का तस्दीक जेल में बंद रहे श्री विश्वनाथ आजाद जी करते हैं जो सर्वोदयी नेता है।

केंद्रीय जेल में ब्रिटेन की महिला मेरी टाइलर भी बंद थी जिसे भारतीय जेलों में 5 साल नामक एक महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी थी। नक्सली नेता कानून सान्याल के भाई भी कैद थे। आपातकाल को 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। क्रांति के वाहक अब उन्हीं की पालकी ढोने को विवश है जिन्होंने देश और संविधान की अस्मिता से खिलवाड़ करने की असफल कोशिश की थी। क्रांति के वाहक अब उम्र दराज हो चुके हैं उनका कहना है कि सत्ता परिवर्तन तो हुआ लेकिन व्यवस्था नहीं बदली। कुर्सी की परिक्रमा जारी है ऐसे मानो सूर्य के चारों ओर अन्य ग्रह घूम रहे हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. प्रमोद कुमार**
हजारीबाग




**10 मार्च 1974** की तस्वीर जब छात्रों ने लोकनायक के समर्थन में जगह-जगह धरना दिया था

- हजारीबाग से जुड़ी है आपातकालीन की रोमांचक यादें
- कलम, कूची और कैमरा के मुंह पर पोत दी गई थी कालीख

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुरी रथयात्रा : सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम 10,000 से अधिक जवान तैनात

**एजेंसी। पुरी**

ओडिशा पुलिस ने पुरी में होने वाली विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के लिए सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजी) वाई.बी. खुरानिया की अध्यक्षता में अंतिम पुलिस ब्रीफिंग पूरी हो चुकी है। डीजी ने बताया कि रथ यात्रा के सुचारू और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस महानिदेशक के मुताबिक, पुरी में रथ यात्रा के लिए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को आठ क्षेत्रों में बांटा गया है। मंदिर परिसर, यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं। पहली बार एक एकीकृत कमांड और नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो वास्तविक समय में निगरानी करेगा। श्री मंदिर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में 275 एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनका कवरेज भुवनेश्वर से पुरी और पुरी से कोणार्क तक फैला है। इन कैमरों की लाइव फीड कई नियंत्रण कक्षों से देखी जाएगी ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। उनके मुताबिक, यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना लागू की गई है। ड्रोन रोधी प्रणाली, तोड़फोड़ रोधी दल, डॉग स्क्वॉड और 200 पुलिस प्लाटून तैनात किए गए हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (बीएसएफ, सीआरपीएफ, आरएएफ) की आठ कंपनियां भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगी। तटीय सुरक्षा के लिए मरीन पुलिस, तटरक्षक और भारतीय नौसेना संयुक्त गश्त करेंगे। हवाई निगरानी के लिए ड्रोन का भी उपयोग होगा। पहली बार उच्च स्तरीय सुरक्षा मूल्यांकन के बाद एनएसजी स्नाइपर्स को भी तैनात किया गया है। कुल 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी, केंद्रीय बल और होमगार्ड ड्यूटी पर रहेंगे। डीजी खुरानिया ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए एक चैटबॉट-आधारित ऐप लॉन्च किया गया है। यह ऐप वास्तविक समय में यातायात की स्थिति, वैकल्पिक मार्ग, पार्किंग की उपलब्धता और अन्य जरूरी जानकारी प्रदान करेगा। उन्होंने लोगों से इस ऐप का उपयोग करने और पुलिस के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।



## पुरी जगन्नाथ मंदिर से मोदक की चोरी नहीं हुई : मंत्री

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने स्पष्ट किया कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर से मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है। इससे पहले सेवायतों के एक वर्ग ने मोदक चोरी होने का आरोप लगाया था। मोदक एक विशेष प्रकार का लड्डू होता है जिसका रथ यात्रा उत्सव से पहले एक अनुष्ठान के तहत मंदिर के देवताओं को भोग लगाया जाता है। मंत्री ने मंगलवार को कहा, "श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मंदिर से मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है।"विवाद सामने आने पर पाधी ने एसजेटीए अधिकारियों को जांच का आदेश दिया, जिसमें पाया गया कि मोदक की कोई चोरी नहीं हुई है। वैद्य सेवकों (आयुर्वेदिक चिकित्सकों) का एक समूह भगवान के अनासर काल के दौरान मंदिर में मोदक की आपूर्ति करता है। ऐसा माना जाता है कि 'अनासर काल के दौरान देवता बीमार पड़ जाते हैं। यह भी माना जाता है कि मोदक खाने के बाद भगवान ठीक हो जाते हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब भगवान बलभद्र के बड़ाग्रही (अंगरक्षक) हलधर दास महापात्रा ने दावा किया कि कड़ी सुरक्षा में रखे गए 313 मोदकों में से 70 गायब हो गए हैं। माना जाता है कि मोदक चोरी होने से उनकी पवित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने एसजेटीए में औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज कराई। पत्रकारों से बात करते हुए पाधी ने भी चोरी के आरोपों को खारिज कर दिया।

### बिहार में शराब तस्करी का अनोखा मामला

## बुर्के में छिपाई थी शराब

**एजेंसी। कटिहार।** बिहार - ड्राई स्टेट बिहार में शराब तस्करी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। ताजा मामले में उत्पाद विभाग ने एक महिला को बुर्के में शराब तस्करी करते हुए पकड़ा है।

### पुलिस ने की कार्रवाई

उत्पाद विभाग की टीम ने महिला तस्कर के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बिहार में शराबबंदी

बिहार में शराबबंदी कानून के तहत शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। इसके बावजूद शराब तस्करी के मामले लगातार सामने आते रहते हैं।



### महिला तस्कर का अनोखा तरीका

महिला तस्कर संध्या देवी ने बुर्के का सहारा लेकर शराब तस्करी करने की कोशिश की। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए महिला तस्कर को पकड़ लिया।

## उत्तराखंड: उपराष्ट्रपति धनखड़ कुमांउ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में बेहोश हुए

**एजेंसी। उत्तराखंड**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को यहां कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान बेहोश हो गए। उपराष्ट्रपति भाषण देने के बाद मंच से नीचे उतरकर दर्शकों में बैठे अपने पूर्व संसदीय सहयोगी महेंद्र सिंह पाल की तरफ बढ़े।



उत्तराखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पाल 1989 में लोकसभा सदस्य रह चुके हैं और उस दौरान धनखड़ राजस्थान के झुंझनू से सांसद थे। धनखड़ और पाल एक दूसरे को देखकर भावुक हो गये। एक दूसरे से बात करने के कुछ देर बाद धनखड़ ने पाल को गले लगाया और उनके कंधों पर बेसुध हो गये। कुछ ठीक नहीं होने का अहसास होने पर उपराष्ट्रपति की चिकित्सकीय टीम तुरंत हरकत में आयी और उन्हें होश में लाया गया। धनखड़ जल्द ही ठीक हो गए और राजभवन के लिए रवाना हो गए, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। धनखड़ बुधवार को अपने तीन दिवसीय दौरे पर नैनीताल पहुंचे हैं।

# पीएम ने साझा की आपातकाल के दौर की कहानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर अपनी भूमिका से जुड़ी एक किताब को सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने 'द इमरजेंसी डायरीज' में आपातकाल (1975-1977) के दौरान अपने सफर को साझा किया है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, "आपातकाल के दौरान मैं एक युवा आरएसएस प्रचारक था। आपातकाल विरोधी आंदोलन मेरे लिए एक बड़ा सीखने का अनुभव था। इसने हमारे लोकतांत्रिक ढांचे को संरक्षित रखने की महत्ता को और मजबूत किया। साथ ही, मुझे विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोगों से बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन ने उन अनुभवों को एक किताब के रूप में संकलित किया है, जिसकी प्रस्तावना एचडी देवेगौड़ा ने लिखी है, जो स्वयं आपातकाल विरोधी आंदोलन के एक मजबूत नेता रहे हैं। 'द इमरजेंसी डायरीज' में मैंने आपातकाल (1975-1977) के दौरान के अपने सफर को साझा किया है। इसने उस समय की कई यादें ताजा कर दी। मैं उन सभी लोगों से आग्रह करता हूं, जिन्हें आपातकाल के वो काले दिन याद हैं या जिनके परिवारों ने उस समय कष्ट झेले, वे अपने अनुभव सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में उस शर्मनाक दौर के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। यह भी बताया गया, "उनकी आत्मकथा 'संघर्ष मा गुजरात' और अन्य प्रत्यक्षदर्शी विवरणों के आधार पर यह पुस्तक भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण को रोशनी में लाती है और उस नेता के जीवन के एक रचनात्मक अध्याय को सामने लाती है, जो आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सर्वोच्च पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह कहानी है दृढ़ता, चतुराई और संविधान में निहित लोकतांत्रिक आदर्शों व संस्थानों को संरक्षित करने की अटल निष्ठा की। यह एक प्रमाण है कि कैसे मोदी जैसे मेहनती युवा कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जनता के संकल्प ने एक ऐसे आंदोलन को आकार दिया।




### पीएम के संघर्ष की झलक 'द इमरजेंसी डायरीज' में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 जून 2024 को आपातकाल के काले दिनों को याद करते हुए दिए बयान का जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया, "भारत की नई पीढ़ी को कभी नहीं भूलना चाहिए कि कैसे संविधान को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया, उसे तार-तार किया गया और देश को एक जेल में बदल दिया गया, जहां लोकतंत्र को पूरी तरह कुचल दिया गया।" इस किताब में आगे बताया गया, "1970 के दशक के मध्य में जब भारत आपातकाल की लोहे की जंजीरों में जकड़ा था, लोकतंत्र कैद में था। उस समय नरेंद्र मोदी, जो तब एक युवा संघ प्रचारक थे, कई अन्य प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन के खिलाफ खड़े होने वाले नेताओं की पहली पंक्ति में थे। यह पुस्तक भारतीय लोकतंत्र के सबसे अंधेरे दौर के दौरान उनके अनकहे अनुभवों को उजागर करती है। आपातकाल के दौरान पीएम मोदी का सफर सत्तावाद के खिलाफ संघर्ष की एक अनूठी, जमीनी कहानी प्रस्तुत करता है। उनकी गुप्त गतिविधियों, खतरों से बाल-बाल बचने, और लोकतंत्र को बहाल करने की अटूट प्रतिबद्धता को इस किताब में देखा जा सकता है।

## आपातकाल ने हिलाई लोकतंत्र की नींव, कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि आपातकाल कोई राष्ट्रीय आवश्यकता नहीं, बल्कि कांग्रेस और एक व्यक्ति की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता का परिचायक था। शाह ने यह बात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संदर्भ में कही। इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को आपातकाल लागू किया था। आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देते हुए शाह ने कहा कि यह दिन सभी को याद दिलाता है कि जब सत्ता तानाशाही बन जाती है, तो जनता उसे उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। गृह मंत्री ने कहा कि 'आपातकाल' कांग्रेस की सत्ता की भूख का 'अन्यायकाल' था। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान देशवासियों ने जो पीड़ा और यातना सही, उसे नयी पीढ़ी जान सके, इसी उद्देश्य से मोदी सरकार ने इस दिन को 'संविधान हत्या दिवस' का नाम दिया।

**नई दिल्ली।** भारत में आपातकाल 1975 से 1977 तक 21 महीने की अवधि थी, जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला देते हुए पूरे देश में आपातकाल की घोषणा की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि 50 साल पहले लगाए गए आपातकाल ने लोकतंत्र की नींव हिला दी थी, लेकिन भारत उस काले अध्याय से उबर गया, क्योंकि देश कभी तानाशाही के आगे नहीं झुकता। शाह ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी पर संविधान की पवित्रता की अवहेलना करने का आरोप लगाने के लिए निशाना साधा और कहा कि पार्टी के नेताओं को जवाब देना चाहिए कि आपातकाल लागू होने के समय वे संविधान के रक्षक थे या भक्षक। शाह ने कहा, "देशवासियों ने 'सिंहासन खाली करो' का शंखनाद किया और तानाशाह कांग्रेस को उखाड़ फेंका। इस संघर्ष में बलिदान देने वाले सभी वीरों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।" पिछले साल शाह ने घोषणा की थी कि मोदी सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी।

### आपातकाल का विरोध करने वाले भेजे गए थे जेल : सुधांशु त्रिपाठी

**इंदौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भारत अनादि काल से लोकतंत्र परंपरा का संवाहक राष्ट्र रहा है, मगर पांच दशक पहले ऐसा काल आया था जो सबसे दुखद, दर्दांत और कलंकित अध्याय था। उस दौर में जिसने विरोध किया उसे जेल में डाला गया था। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में देश भर में भाजपा द्वारा अलग-अलग तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं इसी कड़ी में भाजपा के राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने इंदौर में संवाददाताओं से बात की। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान देश के चारों स्तंभों को कमजोर कर दिया गया था और उस समय जो लोग इस आपातकाल का विरोध करते थे, तो उन्हें जेल के सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाता था। उन्होंने आगे कहा कि भारत में राजनीतिक चेतना का उद्भव जेपी आंदोलन के बाद हुआ और नवनिर्माण आंदोलन गुजरात में शुरू हुआ था, जिसने देश के राजनीतिक पटल को ही बदल दिया। आपातकाल का असर यह है कि कांग्रेस कई राज्यों में 1977 के बाद सत्ता में नहीं आ पाई है।



### आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर प्रदर्शनी नेताओं ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने पर नई दिल्ली के कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद और कपिल मिश्रा मौजूद रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम के दौरान इमरजेंसी को याद किया और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "जो लोग आज संविधान की कॉपियां लेकर जेब में घूमते हैं और दावा करते हैं कि संविधान को दबाया जा रहा है। मैं उनसे कहना चाहती हूं पूरा देश गवाह है कैसे उनको पूर्वजों ने संविधान को दबाया और कुचला। पूरा देश इसका गवाह है। उन्होंने कहा, "यह हमारे इतिहास का एक काला अध्याय था, जब लोकतंत्र को कुचला गया। ऐसे समय में जब देश गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रहा था, एक निकम्मी सरकार अपनी सत्ता बचाने में व्यस्त थी। सच्चा लोकतंत्र तब होता जब इंदिरा गांधी इस्तीफा देतीं, लोगों को सत्ता वापस सौंपती और माफी मांगती।



## आज का राशिफल

**मेष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग- जनों से मतभेद रहेगा।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक ड्क्षचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**मकर :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मीन :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

## कांग्रेस में आज भी बनी हुई है तानाशाही मानसिकता : नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस में अब भी वही तानाशाही मानसिकता है जो 50 साल पहले आपातकाल लगाने के पीछे थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि देश पर शासन करने का अधिकार केवल एक परिवार को है। आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर नड्डा ने अपनी टिप्पणी में कहा कि कांग्रेस अब भी नरेन्द्र मोदी जैसे साधारण पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाने के विचार को स्वीकार नहीं कर पा रही है। नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस संविधान की बातें करते हैं, लेकिन विपक्षी पार्टी ने आज तक आपातकाल की उस 21 महीने की अवधि के लिए माफी नहीं मांगी है जब जून 1975 से मार्च 1977 के बीच विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था, प्रेस पर पाबंदियां लगाई गई थीं और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नागरिक स्वतंत्रता को निलंबित कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय संविधान में अलोकतांत्रिक संशोधन किए गए और इसकी आत्मा को विकृत किया गया। नड्डा ने दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति आज वैसी ही बनी हुई है।



## बंगाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओबीसी कोटे में उप-श्रेणियां जोड़ने के फैसले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है।



कलकत्ता हाईकोर्ट ने हफ्तेभर पहले बंगाल सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगाई थी। फिलहाल सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पिछली 113 श्रेणियों वाली लिस्ट को बदलकर 140 उप-श्रेणियों वाली लिस्ट लाई गई थी। ममता बनर्जी की अगुवाई वाली सरकार ने 10 जून को पश्चिम बंगाल विधानसभा में संशोधित ओबीसी-ए और ओबीसी-बी सूची पेश की थी, जिसमें 76 नई श्रेणियों को शामिल किया गया था। इस प्रकार कुल संख्या 140 हो गई। इस लिस्ट में 80 मुस्लिम और 60 गैर-मुस्लिमों को रखा गया। मुस्लिम उप-श्रेणियों की संख्या 77 से बढ़कर 80 की गई थी, जबकि गैर-मुस्लिम श्रेणियों की संख्या 36 से बढ़कर 60 की गई।

### मोदी के हाथों की कठपुतली बना है निर्वाचन आयोग : खरगे

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग को नरेन्द्र मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली बन जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रक्रिया में 'खामियों' का विषय आयोग के समक्ष उठाया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का विशेष रूप से उल्लेख किया और कहा कि मत पत्र से चुनाव कराए जाने चाहिए। खरगे ने कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में संवाददाताओं से कहा, ''निर्वाचन आयोग सरकार के हाथों की कठपुतली बन गया है।


**कार्यालय – उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**
**मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0–01/2025 के द्वारा मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी का नियुक्ति हेतु Online आवेदन आमंत्रित किया गया था। Online आवेदनों का विभागीय नियमानुसार (अनिवार्य एवं अतिरिक्त) शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्रों का विहित प्रपत्र में डाटा प्रविश्टि किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्रों की सामान्य सूची लातेहार जिला के विभागीय Website–www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

प्रविष्टि की गयी डाटा में आवेदनकर्ता को उक्त सूची पर किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 07.07.2025 तक उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय में निबंधित डाक से या कार्यालय में आकर अपना दावा–आपत्ति साक्ष्य सहित जमा करेगें। निर्धारित अवधि के पश्चात किसी प्रकार का दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।

नोटः– आवेदनकर्त्ता द्वारा आवेदन करते समय जो शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्र अपलोड किया गया है, उन्ही प्रमाण पत्रों पर दावा–आपत्ति करेंगे तथा दावा–आपत्ति में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त प्रमाण पत्र आवेदनकर्त्ता संलग्न नहीं करेंगे।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार।

PR 355950 Rural Development(25-26)D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा**

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा आर॰एस॰ कन्स्ट्रक्शन, ग्राम–राजहर, पो॰–लातेहार थाना–लातेहार जिला–लातेहार को सूचित किया जाता है कि **DMFT अन्तर्गत प्रखण्ड प्रतापपुर में उच्च विद्यालय मथुरापुर से घोरीघाट के बीच सीलदाहा नाला पर पुल निर्माण** के कार्य हेतु आवंटित किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 09.02.2024 को ही थी। परन्तु एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि से 16 माह बीत जाने के बावजूद भी कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। जो अत्यन्त ही खेदजनक है। इस कार्यालय का पत्रांक–2592 दिनांक–09.12.2023, पत्रांक–1022 दिनांक–12.06.2024 एवं पत्रांक–2494 दिनांक–20.12.2024 के द्वारा शेष कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया था, परन्तु आपके द्वारा दिये गये निर्देश का अनुपालन नहीं किया जाना सरकारी कार्य के प्रति लपरवाही का धोतक है।

अतः आपको प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से निर्देश दिया जाता है, प्रकाशन की तिथि से तीन दिनों के अन्दर कार्य प्रारम्भ कर शीध्र पूर्ण करें अन्यथा कार्य प्रारम्भ नहीं करने की स्थिति में कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा हण्टरगंज एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, चतरा द्वारा कार्य का अंतिम मापी ले ली जायेगी। तत्पश्चात आपका एकरारनामा की कंडिका के आलोक में आपकी जमा–जमानत की राशि जब्त करते हुए आपको काली सूचि में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 355899 (Rural Work Department)25-26*D



**कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा।**
**आम सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में चतरा जिला में विदेशी शराब के 13, देशी शराब के 08 एवं कम्पोजिट शराब के 19 कुल 40 खुदरा उत्पाद दुकानें संचालित है। सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर कराने की जिम्मेवारी उत्पाद पदाधिकारियों की है। साथ ही सरकारी राजस्वहित में आस–पास हो रहे अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की सूचना उत्पाद पदाधिकारियों तक पहूँचाने की जिम्मेवारी आमजनों की भी है। सूचना देने वाले नागरिक का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक पर होने एवं अवैध शराब के निर्माण एवं इसके बिक्री से संबंधित सूचना निम्नांकित नम्बरों पर दिया जा सकता है।

1. श्री सुजित कुमार , अधीक्षक उत्पाद (मो0 नं0– 9973520964)
2. श्री आशीष कुमार पाण्डेय, अवर निरीक्षक उत्पाद, चतरा अंचल (मो0 नं0– 7979099323)
3. श्री अभिशेक आनन्द, अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिश्णु दल, चतरा (मो0 नं0– 8298078700)

अधीक्षक उत्पाद,
चतरा।

PR 355919 Excise(25-26)D

**पिता को गर्व मां भावुक**

# बेटे को अंतरिक्ष की उड़ान भरते देख झूम उठा शुभांशु शुक्ला का परिवार


**लखनऊ (आईएएनएस)**

एक्सिओम-4 मिशन के साथ भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर पूरा देश गर्व कर रहा है। बेटे को अंतरिक्ष के सफर पर जाता देखकर उनकी मां आशा शुक्ला उड़ान के समय भावुक हो गईं। पिता का सीना चौड़ा था और वह खुशी से झूम रहे थे। परिवार ने जश्न मनाने के साथ शुभांशु शुक्ला के सफल मिशन की प्रार्थना की। लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला के परिवार ने फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से एक्सिओम 4 का प्रक्षेपण देखा। मिशन के उड़ान भरने पर शुभांशु शुक्ला के माता-पिता और रिश्तेदार जश्न मनाते हुए नजर आए। मिशन की लॉन्चिंग के समय शुभांशु की मां आशा शुक्ला भावुक थीं। उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे। अपने बेटे को अंतरिक्ष में उड़ान भरते देखकर वह अपने आंसुओं को रोक नहीं पाईं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा कि आज कुछ कहने के लिए शब्द नहीं हैं। बहुत खुशी का दिन है। महीनेभर से इस पल का इंतजार हो रहा था। अपने बेटे को देखकर थोड़ा भावुक हूं। प्रार्थना है कि वह सफल होकर अंतरिक्ष से लौटे।

## शुभांशु शुक्ला की उड़ान से परिवार में खुशी, भारत की अंतरिक्ष में 41 साल बाद वापसी



शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हम बहुत खुश हैं। भगवान का धन्यवाद देते हैं। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि ये मिशन सफल रहे।शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा, "शायद सिर्फ आंसू ही उस पल को बयां कर सकते हैं, क्योंकि मैं वास्तव में इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मैं बस यही चाहती हूं कि उनके लिए सब कुछ ठीक हो और वह सुरक्षित वापस लौट आएं।" शुभांशु के परिवार की एक महिला ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं और हम नाच रहे हैं। शुभांशु शुक्ला की उड़ान राकेश शर्मा के बाद 41 साल में भारत की अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है। पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान में उड़ान भरी थी।



## अब साल में 2 बार होगी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

**आरपी सिंह**

- सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2026 कक्षा 10 का पहला चरण फरवरी के महीने में ,दूसरा चरण मई में होगा
- पहले चरण का परिणाम अप्रैल 2026 में , दूसरे चरण का जून 2026 में जारी होगा
- छात्र साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस व भाषा विषयों में से कोई तीन के मार्क्स बढ़ा सकेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2026 से एक साल में 2 बार बोर्ड परीक्षा करायेगा। बुधवार, 25 जून को ही सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने इस बारे बताया है। ये नियम फिलहाल सिर्फ सीबीएसई बोर्ड क्लास 10 परीक्षा पर लागू किया जा रहा है। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने यह भी कहा कि 10 वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पहले चरण के परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। जबकि दूसरे चरण की परीक्षा ऑप्शनल होगी। यानी आप चाहें तो इसमें शामिल हो सकते हैं या नहीं, ये छात्र की मर्जी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन की आधिकारिक सूचना के अनुसार, सीबीएसई बोर्ड एग्जाम 2026 कक्षा 10 का पहला चरण फरवरी के महीने में होगा। जबकि दूसरा चरण मई में होगा । छात्रों का बोर्ड परीक्षा का तनाव कम करने और उन्हें अपने नंबर बेहतर करने का दूसरा मौका देने के लिए ये फैसला लिया गया है। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के तहत किए गए हैं। संयम भारद्वाज ने बताया की पहले चरण वाली परीक्षा के लिए सीबीएसई का रिजल्ट अप्रैल 2026 में आएगा। जबकि दूसरे चरण वाली परीक्षा के लिए परिणाम जून 2026 में जारी होगा। दो बोर्ड परीक्षा में क्लास 10 में छात्र तीन प्रमुख विषयों के मार्क्स बढ़ा सकेंगे। साइंस, मैथ्स, सोशल साइंस व भाषा विषयों में से कोई तीन। इंटरनल असेसमेंट्स साल में एक ही बार होंगे।विंटर बाउंड स्कूल्स के छात्र छात्राओं को ये छूट होगी कि वो दोनों में से कौन से चरण में परीक्षा देना चाहते हैं।

## भारत के साथ सार्थक बातचीत के लिए तैयार है पाकिस्तान : शहबाज शरीफ

**करांची । एजेंसी**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनका देश सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए भारत के साथ ''सार्थक वार्ता'' के लिए तैयार है। शरीफ ने यह विचार मंगलवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान व्यक्त किये। यह बातचीत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के करीब दो महीने बाद हुई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। 'रेडियो पाकिस्तान' के अनुसार, प्रधानमंत्री शरीफ ने बातचीत के दौरान कहा कि ''पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर, जल, व्यापार और आतंकवाद सहित सभी लंबित मुद्दों पर भारत के साथ सार्थक बातचीत करने के लिए तैयार है। इस बीच, शरीफ और सऊदी नेता ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया और पाकिस्तान के साथ सभी व्यापारिक गतिविधियां रोकने जैसे कदम उठाए।

**परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने की कोशिश कर रहा पाकिस्तान**

# लॉन्ग रेंज परमाणु मिसाइल की अमेरिका तक होगी रेंज!

**अमेरिकी खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट ने बढ़ा दी वॉशिंगटन की चिंता**

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारत के हाथों ऑपरेशन सिंदूर में पिटने के बाद भले ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुल्ला मुनीर को शहबाज सरकार ने फील्ड मार्शल बना दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उन्हें लंच पर बुलाकर टेबल टॉक कर रहे हैं। लेकिन पाकिस्तान वैसे सांप है जो दूध पिलाने वाले को भी डसने से बाज नहीं आता है। अब पाकिस्तान कुछ ऐसा कर रहा है, जिसे सुनकर अमेरिका की टेंशन भी बढ़ने वाली है। वाशिंगटन की खुफिया एजेंसी ने पाकिस्तान के खतरनाक एटमी प्लान का खुलासा किया है।

वाशिंगटन की खुफिया एजेंसियों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना गुप्त रूप से एक परमाणु-संचालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलकसित कर रही है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका तक पहुँच सकती है। 'फॉरेन अफेयर्स' की यह रिपोर्ट उन रिपोर्टों के बीच आई है, जिनमें कहा गया है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान चीन के सहयोग से अपने परमाणु शस्त्रागार को उन्नत करने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पाकिस्तान ऐसी मिसाइल हासिल करता है, तो वाशिंगटन उस देश को परमाणु विरोधी घोषित कर देगा।

परमाणु हथियार रखने वाला कोई भी देश जिसे अमेरिका के लिए संभावित खतरा या विरोधी माना जाता है, उसे परमाणु विरोधी माना जाता है। वर्तमान में रूस, चीन और उत्तर कोरिया को अमेरिका का विरोधी माना जाता है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अगर पाकिस्तान को आईसीबीएम मिल जाता है, तो वाशिंगटन के पास उसे परमाणु विरोधी मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। अमेरिका को निशाना बनाने वाले आईसीबीएम वाले किसी भी अन्य देश को मित्र नहीं माना जाएगा।

पाकिस्तान ने हमेशा दावा किया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम भारत को रोकने पर केंद्रित है। इसकी नीति छोटी और मध्यम दूरी की मिसाइलों को विकसित करने पर केंद्रित रही है। अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, जो परमाणु और पारंपरिक दोनों तरह के हथियारों से लैस हो सकती हैं, 5,500 किलोमीटर से ज़्यादा दूरी तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम हैं।




### पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंध, इस्लामाबाद ने बताया पक्षपातपूर्ण

पिछले साल, वाशिंगटन ने पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित नए प्रतिबंध लगाए थे। ये प्रतिबंध मिसाइल कार्यक्रम की देखरेख करने वाली सरकारी रक्षा एजेंसी नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स और तीन अन्य फर्मों पर लगाए गए थे। इसने संस्थाओं से संबंधित किसी भी अमेरिकी संपत्ति को जब्त कर लिया और अमेरिकी फर्मों को उनके साथ व्यापार करने से रोक दिया। जबकि पाकिस्तान ने इस कदम को "पक्षपातपूर्ण" कहा, अमेरिकी कार्रवाई विदेश विभाग के एक तथ्यपत्र पर आधारित थी जिसमें कहा गया था कि इस्लामाबाद अपने लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए घटक प्राप्त करना चाहता था।

## मनुष्य के फेफड़ों पर पड़ रहा प्रदूषण धूम्रपान, एलर्जी, वायरस का असर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इन दिनों प्रदूषण, धूम्रपान, एलर्जी व वायरस के चलते सांस लेने में लोगों को ज्यादा परेशानी होने लगी है। जिसका असर फेफड़ों पर पड़ रहा है। जिससे फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। सांस की तकलीफ, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याएं तेजी से घेर रही हैं। लेकिन खानपान व लाइफस्टाइल व चीजों का ध्यान रखते हुए फेफड़ों को मजबूत व स्वस्थ बनाया जा सकता है। कुछ चिकित्सकों का कहना है कि - फेफड़ों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फूड्स का सेवन करना चाहिए। विटामिन सी : इम्यूनिटी को बढ़ाने के साथ-साथ एक बेहतरीन एंटीऑक्सीडेंट भी है, जो प्रदूषित हवा के कारण होने वाले मुक्त कणों को नष्ट करता है। शोध से पता चलता है कि बहुत ज्यादा प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों के खून में विटामिन सी का स्तर कम होता है। विटामिन सी फेफड़ों के ऊतकों यानी टिश्यू को मजबूत करता है, सूजन को कम करता है और शरीर को श्वसन संक्रमण से लड़ने में मदद करता है।ओमेगा-3 फैटी एसिड : मछली के तेल या शैवाल की खुराक में पाए जाने वाले ओमेगा-3 फेफड़ों में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इससे आपकी ब्रोन्कियल नलियों में सूजन कम होगी, सांस लेना आसान होगा और अस्थमा के दौरे कम होंगे। वायु प्रदूषक फेफड़ों में सूजन प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर करते हैं। ओमेगा-3 उसको शांत करने व वायु मार्ग की नाजुक परत की रक्षा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये दिल व दिमाग के लिए भी अच्छा होता है।मैग्नीशियमः मैग्नीशियम मांसपेशियों को आराम देने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें ब्रोन्कियल नलियों के आस-पास की मांसपेशियां भी शामिल हैं। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि कम मैग्नीशियम स्तर वाले लोगों में अस्थमा, घरघराहट और फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी होने का खतरा अधिक होता है। मैग्नीशियम वायु मार्ग को आराम देने, ऐंठन को कम करने और सांस लेने को आसान बनाने में मदद कर सकता है।क्वेरसेटिनः क्वेरसेटिन सेब, प्याज व जामुन में पाया जाने वाला एक फ्लेवोनोइड है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट व प्राकृतिक एंटीहिस्टामाइन के रूप में कार्य करता है। यह हिस्टामाइन रिलीज को कम करता है और फेफड़े के ऊतकों में सूजन को कम करता है। क्वेरसेटिन फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार कर सकता है और पुरानी फेफड़ों की बीमारियों वाले लोगों में लक्षणों को कम कर सकता है। विटामिन डी : श्वसन स्वास्थ्य के लिए विटामिन डी बहुत ही महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रदूषित शहरों में रहने वाले लोग अक्सर धूप से बचते हैं और अंदाजा लगाइए, इसका मतलब है विटामिन डी की कमी। कम विटामिन डी श्वसन संक्रमण और खराब फेफड़ों के कार्य से जुड़ा हुआ है।




**फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है**

**वर्क-लाइफ बैलेंस इंडेक्स में है 7वां स्थान**

## नौकरी के लिए कनाडा है बेहतर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विश्व का सबसे धनी व उन्नत माना जाने वाला देश है अमेरिका । लेकिन यहाँ वर्क-लाइफ बैलेंस बहुत ज्यादा बिगड़ा हुआ है। यहां की हालत भारत से भी ज्यादा खराब हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट की वर्क ट्रेंड इंडेक्स 2025 नाम की एक रिपोर्ट में अमेरिका की कामकाजी हालत के बारे में बताया है। रिपोर्ट में है कि अमेरिका में 40% लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्हें सुबह 6 बजे से ही काम करना शुरू करना पड़ रहा है। इनमें से ज्यादातर लोग रात 10 बजे के बाद ही लॉग आउट कर पाते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें छुट्टी वाले दिन या वीकेंड पर भी ऑनलाइन बैठकें अटेंड करनी पड़ रही है। लेकिन उसके पड़ोसी देश कनाडा की स्थिति ऐसी नहीं है। ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन प्रोवाइडर रिमोट ने ग्लोबल लाइफ - वर्क बैलेंस इंडेक्स 2025 जारी किया है। 'ग्लोबल लाइफ-वर्क इंडेक्स' में कनाडा को नौकरी करने व जिंदगी का आनंद लेने के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन देशों में से एक माना गया है। इस इंडेक्स को तैयार करने के लिए 60 देशों का विश्लेषण किया गया है, जिसमें कनाडा को 7वां स्थान मिला है। उत्तर अमेरिका महाद्वीप में वर्क-लाइफ बैलेंस के मामले में टॉप-10 देशों में शामिल होने वाला कनाडा एकमात्र देश है। इसे 100 में से 73.46 अंक मिला है। इस सूची में अमेरिका का स्थान 59वां है, जबकि वर्क-लाइफ बैलेंस स्कोर 31.17 है। सूची तैयार करने के लिए हर देश का मूल्यांकन 10 पैरामीटर्स पर किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, "कनाडा की कंपनियां समय की पाबंदी और विश्वसनीयता को महत्व देती हैं। यहां पर कर्मचारी आमतौर पर काम व पारिवारिक जीवन के बीच एक स्वस्थ अंतर बनाए रखते हैं।" कनाडा के कर्मचारियों को हर सप्ताह मात्र 35 घंटे काम करना पड़ता है। 17 पेड लीव मिलती है, जिसके लिए कोई पैसे नहीं काटे जाते। 55% वेतन के साथ 55 सप्ताह का मैटरनिटी व पेरेंटल लीव दिया जाता है। कनाडा हैप्पीनेस इंडेक्स में 10 में से 6.8 अंक के साथ दुनिया में 18वें नंबर पर है। इसके अलावा कनाडा दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से भी एक है।




**विश्व के सबसे धनी व उन्नत देश अमेरिका का स्थान 59वां है**

## ट्रंप ने पीएम मोदी के बाद नेतन्याहू को दिया धोखा!



**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को वही धोखा दिया है जो उन्होंने कुछ समय पहले पीएम मोदी को दिया था। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के जरिए अपने कट्टर दुश्मन ईरान के परमाणु ठिकानों को उड़वाया और फिर इजरायल पर ही अपनी नारागजी जाहिर करने लग गए। इजरायल पिछले कई दिनों से अपने दम पर ईरान से लड़ रहा है। इजरायली सेना लड़ाकू विमान लेकर तेहरान तक घुस गई। लेकिन आखिरी के एक दिन में अमेरिका ने अपने कुछ बॉम्बर्स ईरान में भेज दिए और पूरी जंग का क्रेडिट खुद ही लेने लग गए। हैरानी की बात ये है कि अमेरिका के जो बॉम्बर्स ईरान में परमाणु फैसिलिटी को उड़ाकर आए हैं।




## ईशा गुप्ता क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को कर चुकी हैं डेट?

अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ अपने कथित रोमांस पर आखिरकार खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि एक समय था जब वे एक-दूसरे से बात कर रहे थे, लेकिन यह कभी गंभीर रिश्ते में तब्दील नहीं हुआ। ईशा ने अपने निजी जीवन के बारे में तब बात की जब वह सिद्धार्थ कन्नन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत के लिए शामिल हुईं। हार्दिक पांड्या के साथ लिंकअप की अफवाहों के बारे में बात करते हुए ईशा ने कहा, "हां, कुछ समय से हम बात कर रहे थे। मुझे नहीं लगता कि हम डेट कर रहे थे, लेकिन हां, हम कुछ महीनों से बात कर रहे थे। हम उस 'शायद यह होगा, शायद यह नहीं होगा' चरण पर थे। डेटिंग चरण तक पहुंचने से पहले ही यह खत्म हो गया। तो यह डेटिंग-डेटिंग नहीं थी।

### ईशा गुप्ता ने कहा, "हां, कुछ समय से हम बात कर रहे थे

अफवाहों को खारिज करते हुए, ईशा गुप्ता ने कहा, "हाँ, कुछ समय से हम बात कर रहे थे। मुझे नहीं लगता कि हम डेटिंग कर रहे थे, लेकिन हाँ, हम कुछ महीनों से बात कर रहे थे। हम उस 'शायद यह होगा, शायद यह नहीं होगा' चरण पर थे। यह डेटिंग चरण तक पहुँचने से पहले ही खत्म हो गया। इसलिए यह डेटिंग-डेटिंग नहीं थी। हम एक या दो बार मिले, बस। तो हाँ, जैसा कि मैंने कहा, यह कुछ महीनों का था और फिर यह खत्म हो गया।" जब उनसे पूछा गया कि क्या कभी रिश्ते की कोई वास्तविक संभावना थी, तो ईशा ने कहा कि 'शायद ऐसा हो सकता था', लेकिन चीजें जल्दी ही खत्म हो गईं। उन्होंने कहा कि समय और अनुकूलता बस मेल नहीं खाती थी। "कोई ड्रामा या कड़वाहट नहीं थी। ऐसा होना ही नहीं था।



## कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था देश में आपातकाल : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आपातकाल के 50 वर्ष होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था। 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में एक काला अध्याय लिखा गया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कुचल दिया। आज जब राहुल गांधी संविधान बचाओ की बात करते हैं तो यह हास्यास्पद लगता है। श्री महतो ने कहा कि आपातकाल वह दौर था जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया। सुदेश महतो ने इस घटना को भारतीय लोकतंत्र पर एक गहरा आघात बताया, जिसने देश की जनता को मजबूर और असहाय बना दिया। श्री महतो ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए लोकतंत्र की आत्मा को दबाने का प्रयास किया। प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और संवैधानिक अधिकारों का हनन उस दौर की सबसे दुखद तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि यह समय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र कितना नाजुक हो सकता है, और इसे संरक्षित करने के लिए हमें सतर्क और संगठित रहना होगा।

### लोकतंत्र की रक्षा की आवश्यकता : डॉ भगत

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आपातकाल ने देश के युवाओं और सामान्य नागरिकों को यह सिखाया कि सत्ता का दुरुपयोग कितना खतरनाक हो सकता है। झारखंड जैसे राज्य, जहां लोग अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं, वहां लोकतंत्र की रक्षा करना और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आपातकाल के दौरान जेल में बंद उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद किया, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया।

### जेपी आंदोलन ने संघर्ष के लिए प्रेरित किया : प्रभाकर

झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि 1975 की थोड़ी बहुत यादें उनके जेहन में हैं, क्योंकि वह उस वक्त 7 वर्ष के थे और दुमका में आंदोलनकारियों का जुलूस निकलता देख प्रेरित होते थे। आपातकाल में उनके पिता को दुमका और मामा को रांची में बिना कारण गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में आपातकाल से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उपायुक्तों के साथ की समीक्षा, कहा

# जल जीवन मिशन की सफलता में सभी डीसी लीडरशिप दें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हर घर नल से जल को लेकर चल रहे जल जीवन मिशन की झारखंड में वर्तमान स्थिति को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान मिशन के आड़े आ रही समस्याओं का समाधान निकालने की कोशिश की गई। वर्चुवल माध्यम से जुड़े तमाम जिले के उपायुक्तों को मुख्य सचिव ने मिशन के सुचारू क्रियान्वयन में लीडरशिप देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मिशन के कार्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाएं। इसकी नियमित समीक्षा करें। इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें। इससे इलाके की अच्छी जमीनी जानकारी मिलेगी। इस फीडबैक का उचित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अधूरा कार्य और पूरा भुगतान का मामला सामने आने पर उसे गंभीरता से लें। उसकी जांच कराएं और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### मिशन की देखरेख के लिए हर जिले में होंगे दो इंजीनियर

उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे जब भी किसी काम से फील्ड में जाएं, तो वहां के जल जीवन मिशन के कार्यों को जरूर देखें। उसका आकलन करें और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही समस्या का समाधान करें। जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सभी उपायुक्तों को दो कमिटेड इंजीनियर दिये जा रहे हैं। वे उपायुक्तों के अधीन कार्य करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका टेक्निकल सेल बना कर पूरा काम लें। रोज उन्हें काम सौंपे और उसकी रिपोर्ट लें।

### एजेंसी के जिम्मे है पांच साल तक रख-रखाव का जिम्मा

मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यकारी एजेंसी को पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी तय है। इस कारण छोटी-मोटी समस्या के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिये। जो एजेंसी इसमें विफल रहती है, उसके खिलाफ प्रस्ताव दें, उसका निराकरण मुख्यालय स्तर से यथाशीघ्र होगा। वहीं निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्तर की बाधा को डीसी प्राथमिकता के स्तर पर अपनी लीडरशिप में दूर कराएं।

### 2028 तक सभी घरों में नल से जल पहुंचाना है

बताते चलें की 15 अगस्त 2019 को सभी ग्रामीण घरों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन की शुरुआत हुई थी। दिसंबर 2028 तक इस योजना के तहत कार्य संपन्न करना है। इसके तहत अब तक झारखंड में 97,535 योजनाएं ली गई हैं। उनमें से 56,332 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। 24,781 योजनाएं ग्राम समिति को सुपुर्द की जा चुकी ही। बाकी बची योजनाओं को ग्राम समिति को सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है। बताते चलें कि झारखंड में 29,398 गांव हैं। उनमें से 6963 गांवों को पूर्णत: नल के जल से जोड़ा जा चुका है। झारखंड के गांवों में 62,54,059 घर हैं। उनमें से 34,42,332 घरों में नलका से पानी आपूर्ति की जा रही है।

## जेपी के आह्वान से भयभीत इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल : कर्मवीर सिंह

### 21 महीनों तक नहीं हुई थी कोई राजनीतिक जनसभा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बुधवार को संविधान हत्या दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया। प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। सिंह ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से इंदिरा गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त हो चुकी थी। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए था। लेकिन, इंदिरा गांधी ने न सिर्फ न्यायालय के आदेश की अवमानना की, बल्कि देश के संविधान को ही कुचल डाला। कर्मवीर सिंह ने कहा कि 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर से जुटे लाखों लोकतंत्र सेनानियों को संबोधित करते हुए जेपी ने आह्वान किया था कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। लेकिन, आधी रात को देश में एक काले अध्याय की शुरुआत हुई।

## शिबू सोरेन से अस्पताल में जाकर मिले राज्यपाल



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से गुरुवार को दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वहीं चिकित्सकों से उनके उपचार की प्रगति के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि मैं ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## बांग्लादेशी युवती निपाह अख्तर को अदालत ने किया बरी

### चार महीने जेल में काटने के बाद मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के न्यायिक दंडाधिकारी पीके वर्मा की अदालत ने बुधवार को एक अहम फैसले में बांग्लादेशी युवती निपाह अख्तर उर्फ खुशी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। निपाह पर भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रहने का आरोप था। सुनवाई के दौरान आरोपी निपाह को हजारीबाग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। बचाव पक्ष की ओर से डालसा के एलएडीसी अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप ने प्रभावशाली पैरवी की।

थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद, निपाह अख्तर पर ही अपराध में संलिप्तता का आरोप लगाकर जेल भेज दिया गया। उसने करीब चार महीने जेल में बिताए, जिसके बाद उसे जमानत मिली।

**अदालत का फैसला :** मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि निपाह अख्तर के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि उसने जानबूझकर भारत में अवैध प्रवेश किया था या अपराध में संलिप्त थी। ऐसे में अदालत ने उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

**अन्य आरोपी अब भी फरार :** इस मामले में नामजद अन्य दो आरोपी — पायल दास उर्फ निम्पी बरुआ और अनिका दत्ता उर्फ शर्मिन अख्तर — अब तक फरार हैं, और उनके खिलाफ प्रक्रिया अलग कर दी गई है।

### मामला क्या था?

31 मई 2024 को बरियातू थाना के तत्कालीन प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने निपाह अख्तर उर्फ खुशी, पायल दास उर्फ निम्पी बरुआ, और अनिका दत्ता उर्फ शर्मिन अख्तर के खिलाफ अवैध रूप से सीमा पार करने और फर्जी दस्तावेजों के ज़रिए भारत में बसने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, निपाह को बांग्लादेश से ब्यूटी पार्लर में काम दिलाने के बहाने कोलकाता लाया गया, और फिर एक दलाल द्वारा कार से रांची लाया गया।

## कोयलांचल विवि में हो जनजातीय भाषा की पढाई : डॉ लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता**



● पूर्व विधायक ने राज्यपाल संतोष गंगवार को लिखा पत्र

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर झारखंड की क्षेत्रीय तथा जनजातीय भाषा यथा कुरमाली, संथाली एवं खोरठा की पढ़ाई शुरू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि इस विश्वविद्यालय के 2017 में स्थापना के बाद अब तक कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई यहां के अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक आरंभ नहीं की गई है सिर्फ कुछ संबद्ध (एफिलिएटेड) महाविद्यालय में इसकी पढ़ाई की सामान्य व्यवस्था है। दूसरी तरफ स्नातकोतर पर टीआरएल का विभाग तक खोला नहीं गया है। इस कारण यहां के बहुत से छात्र- छात्राएं एवं शोधार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई आरंभ नहीं होने से परेशान है, मायूस है और भटक रहे हैं। विशेष कर यहां की छात्राओं को इन भाषाओं की पढ़ाई छोड़ने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में इस बात की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है कि राज्य के रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय आदि में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक हो रही है पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय इन भाषाओं के अध्ययन अध्यापन से दूर है।

## 4 इंस्पेक्टर और 7 सब इंस्पेक्टर का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थापित 11 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। इनमें चार इंस्पेक्टर और सात सब-इंस्पेक्टर शामिल हैं। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी (कार्मिक) ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी की है। पाकुड़ जिला बल में सबसे अधिक छह पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग की गई है।

### किस पुलिस पदाधिकारी की कहां हुई पोस्टिंग

- **पाकुड़ जिला बल** : इंस्पेक्टर बबलू कुमार, इंस्पेक्टर मदन शर्मा, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर विनय कुमार, सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार और सब इंस्पेक्टर बलबंत दुबे
- **साहेबगंज :** इंस्पेक्टर संतोष कुमार और सब-इंस्पेक्टर प्रकाश रंजन
- **जमशेदपुर :** इंस्पेक्टर अजय कुमार ठाकुर
- **चाईबासा :** सब-इंस्पेक्टर नवीन कुमार
- **चतरा :** सब-इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह

## नैरोबी में प्रवासी भारतीयों के साथ संजय सेठ ने किया संवाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्या प्रवास के दौरान नैरोबी में प्रवासी भारतीयों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। श्री सेठ ने दुनिया भर में रह रहे भारतवंशियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को इनके साथ साझा किया। आतंकवाद को लेकर भारत के जीरो टॉलरेंस की स्पष्ट नीति और अटूट प्रतिबद्धता से इन्हें अवगत कराया।

प्रधानमंत्री के नए भारत के लक्ष्य और दृष्टिकोण को रेखांकित किया और भारत की परिवर्तनकारी विकास यात्रा और उपलब्धियों से इन्हें अवगत कराया। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और इसके उभरते वैश्विक नेतृत्व पर प्रकाश डाला। विकसित भारत 2047 सिर्फ भारत का नहीं, बल्कि दुनियाभर में रह रहे हर भारतीय का संकल्प है। इस संकल्प को साकार करने के लिए इनसे भी सहयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से यह स्पष्ट दिखा कि भारत से इनका जुड़ाव और जड़ें, दोनों ही भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। इस संवाद कार्यक्रम ने केन्या में भारतीय समुदाय के भारत के साथ स्थायी सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंधों को भी जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर केन्या में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त सुशील प्रसाद, उच्चायोग के अधिकारी, केन्या में प्रतिष्ठित भारतीय संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भारतीय समुदाय ने सेठ को किया सम्मानित

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को एंटानानारिवो में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान, मंत्री ने आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने भारत में हाल के घटनाक्रमों के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी, जिसमें पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के तेजी से हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने नया भारत के विजन को साझा किया और वैश्विक विकास के प्रमुख चालक के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित करते हुए, विकसित भारत 2047 के रोडमैप पर विस्तार से बताया। मंत्री ने मेडागास्कर में भारतीय समुदाय को भारत-मेडागास्कर साझेदारी को और मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**औद्योगिक विकास** झारखंड चैंबर और वियतनाम के वीएएफआईई के बीच द्विपक्षीय बैठक

# वैश्विक निवेश सहयोग की दिशा में अहम पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल बुधवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में वियतनाम एसोसिएशन ऑफ़ फॉरेन इन्वेस्टेड इंटरप्राइजेज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक वियतनाम के अंतरराष्ट्रीय दौरे के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करना तथा झारखंड राज्य में विदेशी निवेश को आकर्षित करना था।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच झारखंड के प्राथमिक क्षेत्रों यथा खनिज, कृषि-प्रसंस्करण, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी और टूरिज्म क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही, आपसी हितों एवं संभावित विकास के क्षेत्रों की पहचान करने और सहयोग को सुदृढ़ करने के तरीकों पर विचार किया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा झारखंड की आर्थिक क्षमता, संसाधनों और निवेश अनुकूल वातावरण की जानकारी साझा की गई जिसे वेफी के अधिकारियों ने सराहा। बैठक के अंत में दोनों संगठनों ने विस्तृत प्रस्तावों के आदान-प्रदान और भविष्य में सहयोग को औपचारिक रूप देने हेतु एक समझौता ज्ञापन तैयार करने की सहमति बनी।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, सदस्य कमल सिंघानिया, निरंजन शर्मा, अरूण भरतीया, मनोज मिश्रा, चंद्रप्रकाश ढेलिया, राजीव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विकास मोदी, विशाल वधवानी, सुमित कक्कड के अलावा वेफी के वाइस चेयरमैन गुयेन नोइ, जनरल सेक्रेटरी हाबा तुयान, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल गुयेन थी मिन्ह शामिल थे।

### द्विपक्षीय व्यापार के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद

चैंबर अध्यक्ष ने कहा की यह बैठक झारखंड के लिए वैश्विक व्यापारिक मंचों से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति देगी। वेफी के चेयरमैन डॉ गुयेन एन त्वां ने भी भारत के साथ साझेदारी को लेकर उत्साह प्रकट किया और द्विपक्षीय व्यापार के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड चैंबर की यह पहल न केवल झारखंड के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध होगी।

## पैनम कोल के खिलाफ पीआईएल पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** पैनम कोल माइंस के द्वारा अवैध खनन किए जाने की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि पैनम के विरुद्ध उठाए गए, अब तक की कानूनी कदमों की विस्तृत जानकारी कोर्ट को आज दे दी जाएगी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है। दरअसल पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था।

## न्यूज बॉक्स

### गणेश रेड्डी यूएनजीसीएनआई के सचिव नियुक्त



**रांची।** गणेश रेड्डी को 2025-27 के कार्यकाल के लिए यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (यूएनजीसीएनआई) में गवर्निंग काउंसिल के सचिव के रूप में चुना गया है। वह सिटिज़न्स फ़ाउंडेशन के संस्थापक और सीईओ भी हैं। वह पहले यूएनजीसीएनआई के संयुक्त सचिव और प्रशासन समिति के सदस्य (2023-25) रह चुके हैं।

### 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार




**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत अशोक कुंज, कश्यप विहार स्थित एक किराये के मकान से दो युवकों को 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उस इलाके में कुछ संदिग्ध युवक नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर सिटी एसपी के निर्देश पर हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। इसके तहत नवनीत कुमार विश्वास के किराये के मकान पर विधिवत छापामारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार को 400 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। इस मामले में तीन अन्य नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष

**गंगा नदी को देवघर तक लाने की...**

गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयोजक डॉ राधाकृष्ण लाल एवं सहसंयोजक डॉ शूलपाणि सिंह, प्रो मलियज, दीप ज्योति, अमूल्य चंद्र, डॉ दत्त ने किया।

डॉ राधाकृष्ण लाल एवं डॉ शूलपाणि सिंह ने बताया कि बैठक में झारखंड जल संसाधन विभाग, रांची के पत्रांक 3/एमपीसी/एनडब्ल्यूडीए-308/2019/213 13 जून 2025 के पत्र को महानिदेशक को सौंपा गया। परियोजना को शीघ्र धरातल पर लाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द से जल्द तैयार कर सचिव एवं मंत्री को सूचित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर उन्हें झारखंड सरकार के पत्र की जानकारी दी। मंत्री पाटिल ने गंभीरता से इस विषय को लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ राजभूषण चौधरी से भी भेंट कर गंगा जल को देवघर तक लाने की आवश्यकता बताई। मंत्री ने इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय मानते हुए हरसंभव प्रयास का भरोसा दिया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू भी प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित थे। बताया गया कि बाद में प्रतिनिधिमंडल ने देवघर के सांसद डॉ निशिकांत दुबे से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात की। उन्होंने तत्क्षण ही जल संसाधन विभाग के सचिव से फोन पर वार्ता कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस महत्वपूर्ण पहल के उपलक्ष्य में डॉ शूलपाणि सिंह के आवास पर एक विशेष सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में तिरुपति बालाजी संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो आरके ठाकुर, कमला दास, विभा पटनायक सुधा कांत दास, जगन्नाथ सान्याल, दिल्ली एवं अन्य गण्यमान्य अतिथि उपस्थित हुए। श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी की वाणी, भजन-कीर्तन एवं आनंद बाजार के साथ सभी उपस्थित गुरु भाई अत्यंत भावविभोर हुए। ज्ञात हो कि यह परियोजना न केवल आस्था का विषय है, बल्कि इससे देवघर व आसपास के हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा, शुद्ध पेयजल, एवं पर्यटन विकास का सीधा लाभ मिलेगा। गंगा नदी से पाइप के जरिए डढ़वा नदी सहित गोड्डा के कझिया व गेरुआ नदी में पानी लाने की सैद्धांतिक मंजूरी जल शक्ति मंत्रालय द्वारा दी जा चुकी है। राज्य सरकार से भी इसकी स्टडी रिपोर्ट आ गई है। मंगलवार (24 जून) को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भी मुलाकात हुई है। इन योजनाओं को जल्द धरातल पर उतरने की सहमति मिल गई है। जल्द ही योजना का डीपीआर तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया चालू होगी। इस प्रोजेक्ट से डढ़वा नदी में गंगा के पानी का बहाव होगा। साथ ही, देवघर को नया सरकुंडा डैम मिलेगा। इस इलाके में पेयजल सहित सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी मिलेगा।

**लोहरदगा के कुडू में लेवी वसूलने...**

इस घटना को लेकर कुडू थाना कांड संख्या 74/25, दिनांक 21.06.2025, धारा 308(2)/308(4)/ 324(5)/3(5) भा.न्या.सं. एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लोहरदगा के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी वादी से लेवी की रकम लेने आने वाले हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किस्को वेदांत शंकर के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। पुलिस निरीक्षक लोहरदगा अंचल, थाना प्रभारी कुडू व जोबांग, तकनीकी शाखा, सैट-78 और सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी कर उग्रवादियों को 30,000 रुपए लेवी की रकम लेते वक्त गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को 25 जून 2025 को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश में जुटी है। छापामारी दल में वेदांत शंकर, एसडीपीओ, किस्को, सुधीर प्रसाद साहू, पुलिस निरीक्षक, लोहरदगा अंचल, मनोज कुमार, थाना प्रभारी, कुडू, हर्षवर्धन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, जोबांग, कुन्दन कुमार रवानी, अश्विनी कुमार राणा, प्रकाश कुमार, तकनीकी शाखा, सैट-78 एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

**चाइनीस एप का प्रयोग कर पुलिस को चकमा दे रहे थे नक्सली :** पुलिस गिरफ्त में आए पीएलएफआई के उग्रवादी निखिल मुंडा व सुनील सांगा ने अपने संगठन के संदर्भ में कई महत्वपूर्ण खुलासे पुलिस के समक्ष किए हैं। इन उग्रवादियों की तलाश पुलिस को लंबे समय से थी, पर मोबाइल फोन में चाइनीज एप का कथित प्रयोग कर पुलिस को चकमा दे रहे थे। इस ऐप में नक्सलियों का स्थान व लोकेशन पल-पल बदलता है। धमकी लोहरदगा से देने पर दूसरे राज्य का लोकेशन मिलता था। पुलिस ने टेक्निकल सेल के माध्यम से इन्हें दबोचा।

**संदिग्धों की सूचना पुलिस को दें : एसपी**

**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि नक्सली, उग्रवादी और अपराध की अन्य घटनाओं को नियंत्रित करने में जन भागीदारी नितांत आवश्यक है। जन सहयोग के बिना असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण लगाना मुश्किल होगा। अपराध व उग्रवाद से जुड़े संदिग्धों की सूचना और जानकारी को लोग पुलिस को देना सुनिश्चित करें, तो बेहतर समाज के निर्माण में मदद मिलेगी।

**भारत की नई उड़ान, फ्लोरिडा...**

और करीब आ गए हैं। फाल्कन 9 रॉकेट पर लांच होने के बाद क्रू नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर ऑर्बिटिंग प्रयोगशाला की यात्रा करेगा। ये 14 दिन का मिशन है। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और नासा के संयुक्त सहयोग से विकसित उन्नत खाद्य और पोषण संबंधी प्रयोगों का संचालन करेंगे। वहीं, बेटे को अंतरिक्ष में उड़ान भरते हुए देखकर शुभांशु शुक्ला का परिवार काफी भावुक हो गया। शुभांशु की मां की आंखों में आंसू भर आए। लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के माता-पिता ने एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग की लाइव तस्वीरें देखीं। मिशन के उड़ान भरने पर वे जश्न मनाते हुए नजर आए।

# पांच शतकवीरों के बावजूद टेस्ट मैच हारने वाली पहली टीम बनी भारत

**लीड्स (आईएएनएस)**



**1948** में हेडिंग्ले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन चेज किए थे।

**1673** रन किसी भी ऐसे टेस्ट मैच में पांचवां सबसे बड़ा योग है, जो ड्रॉ में समाप्त नहीं हुआ।

भारत पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने पांच शतकवीर बल्लेबाजों के बावजूद टेस्ट मैच गंवाया। भारत लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दोनों पारियों में पांच शतकों के बावजूद मैच पांच विकेट से हार गया। इससे पहले सिर्फ एक बार ऐसा हुआ था जब किसी टीम ने चार सेंचुरी के बावजूद टेस्ट गंवाया। ऑस्ट्रेलिया ने 1928 में इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में ऐसा किया था। भारत ने हेडिंग्ले टेस्ट में कुल 835 बनाए। यह किसी भी हारने वाली टीम का चौथा सबसे बड़ा योग है। भारत का इससे पहले पिछला रिकॉर्ड 759 रन का था - 2014 में (एडिलेड, 2014) में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा हुआ था। तीन टेस्ट मैच ऐसे हुए हैं, जिनकी चारों पारियों में 350 या उससे अधिक रन बने हैं। इससे पहले ऐसा केवल दो बार हुआ - 1921 में एडिलेड और 1948 में हेडिंग्ले में ऐसा हुआ था। दोनों बार एशेज सीरीज के दौरान ऐसा हुआ था। इंग्लैंड की टीम ने हेडिंग्ले में 371 रनों का लक्ष्य हासिल किया। टेस्ट क्रिकेट में चौथी पारी में इंग्लैंड का यह दूसरा सबसे बड़ा सफल पीछा है, और भारत के खिलाफ किसी भी टीम का दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले इंग्लैंड ने ही 2022 में एजबस्टन में भारत के खिलाफ 378 रन चेज किए थे।

इंग्लैंड को पहले टेस्ट के पांचवें दिन की शुरुआत में 350 रन चाहिए थे। टेस्ट के अंतिम निर्धारित दिन इससे बड़ा लक्ष्य सिर्फ एक बार हासिल हुआ है। 1948 में हेडिंग्ले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन चेज किए थे। हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत द्वारा कुल 1673 रन बनाए गए। यह दोनों टीमों के बीच किसी भी टेस्ट मैच का सबसे बड़ा योग है। पिछला रिकॉर्ड 1614 रन का था (मैनचेस्टर, 1990 -- ड्रॉ मैच)। ये 1673 रन ऐसे टेस्ट मैच के लिए पांचवां सबसे बड़ा योग भी है, जो ड्रॉ के रूप में खत्म नहीं हुआ। चौथी पारी में पांचवीं बार 300+ रन का सफल पीछा हेडिंग्ले में हुआ है। भारत के खिलाफ इंग्लैंड का 371 रन का पीछा इस मैदान पर दूसरा सबसे बड़ा है। डर्बन का किंग्समीड इकलौता ऐसा मैदान है जहां इससे ज्यादा (3) 300+ रन के सफल चेज हुए हैं। बेन डकेट ने चौथी पारी के दौरान 149 रन बनाए, जो भारत के खिलाफ (चौथी पारी) में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जो रूट के नाम था - 142* (एजबस्टन, 2022)। डकेट का 149 रन इंग्लैंड के लिए चौथी पारी में किसी ओपनर द्वारा दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी है। इससे ऊपर सिर्फ माइक आथर्टन हैं, जिन्होंने 1995 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 185* बनाए थे। डकेट और जैक क्रॉली के बीच 188 रनों की ओपनिंग साझेदारी हुई। यह चौथी पारी में पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है। इंग्लैंड के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी है।

## भले ही हम दबाव में थे लेकिन हमें विश्वास था कि हम मैच पलट देंगे : बेन स्टोक्स

**लीड्स (आईएएनएस)**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स टेस्ट के अंतिम दिन बेन डकेट और जैक



क्रॉली की 188 रन की साझेदारी की जमकर तारीफ की। पहले टेस्ट में उनकी टीम ने हेडिंग्ले में 371 रन का पीछा करते हुए इतिहास बना दिया। तीन साल पहले इंग्लैंड में इन दोनों टीमों की आखिरी भिड़ंत तब 378 रन के रिकॉर्ड चेज से सीरीज बराबरी पर खत्म हुई थी (एजबस्टन, 2022)। इस बार का मुकाबला मैच के अंतिम घंटे की पहली ही गेंद पर खत्म हुआ। हालांकि इंग्लैंड की असली मेहनत पहले दो सत्रों में हुई, जिसमें डकेट ने पहले 62 और फिर दूसरी पारी में 170 गेंदों पर 149 रन बनाकर "प्लेयर ऑफ द मैच" का अवॉर्ड जीता। उनकी ये पारी इंग्लैंड की चेज के शुरुआती 55 ओवरों तक चलती रही। स्टोक्स ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा, "यह अविश्वसनीय था। जब तक आप इसमें शामिल न हों, आप चौथी पारी का दबाव समझ नहीं सकते। इंग्लैंड में ओपनिंग करना वैसे भी मुश्किल है। इसलिए जैक और डकी की शुरुआत बेहतरीन रही। दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह संतुलित करते हैं। जाहिर है कि डकी ने बड़ा स्कोर किया जो जीत में अहम रहा। लेकिन मुझे लगा जैक का शांत रहना, स्थिति को समझना और यह जानना कि डकी तेजी से रन बना रहा है, यह सब बहुत महत्वपूर्ण था। हालांकि इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में आक्रामक बैटिंग के लिए जानी जाती है।

## लीड्स की दोनों पारियों में शतक का तोहफा, करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रेटिंग पर ऋषभ पंत...



लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले ऋषभ पंत और बेन डकेट ने आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। भारतीय उप-कप्तान पंत ने पहले टेस्ट में 134 और 118 रन की पारी खेली। वह जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के बाद एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने। पंत टेस्ट बल्लेबाजों की लिस्ट में एक स्थान ऊपर उठकर सातवें पायदान पर पहुंच चुके हैं। पंत ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग (801) हासिल की है। दूसरी ओर, पहली पारी में 62 रन और अंतिम दिन 371 रनों के रोमांचक लक्ष्य का पीछा करते हुए 149 रन जड़कर 'प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार' जीतने वाले डकेट ने 787 की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेन डकेट पांच पायदान की छलांग लगाते हुए टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हालांकि, भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच गंवा बैठी, लेकिन शतकवीरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कप्तान शुभमन गिल पांच पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 20 की सूची में वापस आ गए हैं।


### आईएसपीएल ने नई दिल्ली टीम का एलान किया

## बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बने टीम के मालिक

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश की पहली और सबसे बड़ी टेनिस-बॉल टी10 क्रिकेट लीग- इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने अपने तीसरे सीजन से पहले एक बड़ा ऐलान किया है। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अब आईएसपीएल की नई दिल्ली फ्रेंचाइजी के मालिक होंगे। यह नई टीम आईएसपीएल में उस समय शामिल की गई है, जब लीग ने अपने दूसरे सीजन में रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल की है। आईएसपीएल के सीजन 2 ने टीवी पर 2.8 करोड़ से अधिक दर्शकों की पहुंच बनाई और पहले सीजन की तुलना में 47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। इसने आईएसपीएल को देश के सबसे बड़े खेल और मनोरंजन फेस्टिवल में से एक बना दिया है, जो क्रिकेट के साथ-साथ संगीत और सितारों के संगम का अद्वितीय अनुभव दर्शकों को देता है। सलमान खान के शामिल होने से न सिर्फ नई दिल्ली टीम को मजबूती मिलेगी, बल्कि पूरे लीग को एक नया जोश और नई पहचान भी मिलेगी।

अब वह उन मशहूर हस्तियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने पहले से आईएसपीएल की अन्य टीमों का मालिकाना हक संभाला हुआ है। इनमें अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), अक्षय कुमार (श्रीनगर के वीर), सूर्या (चेन्नई सिंहम्स), ऋतिक रोशन (बैंगलोर स्ट्राइकर्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) जैसे नाम शामिल हैं। हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्टार सलमान खान ने कहा, "क्रिकेट हर भारतीय गली की धड़कन है, और जब वही ऊर्जा स्टेडियम तक पहुंचती है, तो आईएसपीएल जैसी लीग जन्म लेती है। मैं हमेशा इस खेल को लेकर जुनूनी रहा हूं, और आईएसपीएल से जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह लीग न सिर्फ जमीनी स्तर के क्रिकेट को बढ़ावा देती है।



### तीसरे सीजन में 42 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन, नई टीम का होगा एलान

आईएसपीएल की संचालन समिति में भारत रत्न सचिन तेंदुलकर, केंद्रीय मंत्री एवं एशियन क्रिकेट काउंसिल के सदस्य आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और लीग कमिश्नर सूरज सामत शामिल हैं। इस समिति का उद्देश्य देशभर की गलियों और कस्बों से उभर रही प्रतिभा को मुख्यधारा के क्रिकेट से जोड़ना है। तीसरे सीजन के लिए अब तक 42 लाख से ज्यादा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन किया है। आईएसपीएल की संचालन समिति के सदस्य सचिन तेंदुलकर ने कहा, "पहले दो सीजन को देशभर से शानदार समर्थन मिला, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल भी ऊंचा हुआ है।

## एमएलसी 2025 : दादा भारत के लिए खेले पोते ने अमेरिकी लीग में दिलाई टीम को जीत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 15वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को 52 रन से हराया। टीम की जीत में शुभम रांझणे का अहम योगदान रहा, जिन्होंने ताबड़तोड़ 70 रन की पारी खेली। शुभम का जन्म 26 मार्च 1994 को महाराष्ट्र में हुआ। क्रिकेट उनके खून में है। इस ऑलराउंडर के पिता सुभाष महाराष्ट्र के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व भी किया है। वहीं, दादा वसंत रांझणे भी एक ऑलराउंडर रहे, जिन्होंने भारत के लिए सात टेस्ट खेले। शुभम रांझणे को आईपीएल-2019 में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था, लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिल सका। साल 2016 में मुंबई के लिए अपना फर्स्ट क्लास डेब्यू करने वाले शुभम 15 प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके हैं।




यह सीजन में टेक्सास सुपर किंग्स की चौथी जीत रही। शुरुआती तीन मैच जीतने के बाद इस टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, दूसरी ओर लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सीजन का अपना चौथा मैच गंवा बैठी है। इस टीम ने हार की हैट्रिक लगाने के बाद एक जीत दर्ज की, लेकिन इस लय को बरकरार नहीं रख सकी। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टेक्सास की टीम ने आठ विकेट गंवाकर 196 रन बनाए।

## अनीश, सिफ्ट कौर और उमामहेश ने ट्रायल्स टी3 जीता

**देहरादून (आईएएनएस)**

ओलंपियन अनीश भनवाला, सिफ्ट कौर समरा और जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता उमामहेश मड्डिनेनी ने त्रिशूल शूटिंग रेंज, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून में आयोजित ग्रुप 'ए' एथलीटों के लिए तीसरे नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स (टी3) में क्रमशः 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरुष, 50 मीटर 3 पोजिशन महिला और 10 मीटर एयर राइफल पुरुष वर्ग में जीत हासिल की। अनीश ने फाइनल में 33 अंक हासिल किए, जो उनके राज्य साथी आदर्श सिंह से चार अंक अधिक थे। आदर्श 29 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि नौसेना के प्रदीप सिंह शेखावत ने 23 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्वालिफिकेशन के स्टेज 1 में अनीश ने 293 और स्टेज 2 में 289 अंक बनाकर कुल 582-21x अंकों के साथ फाइनल में पहला स्थान हासिल किया।



## नेमार का सैंटोस से कॉन्ट्रैक्ट 2025 तक बढ़ा

**रियो डी जेनेरियो (आईएएनएस)**

नेमार ने सैंटोस के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट दिसंबर तक बढ़ा दिया है। इसका ऐलान ब्राजील के सीरी ए क्लब ने किया है। 33 वर्षीय पूर्व बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन फॉरवर्ड सऊदी प्रो लीग की टीम अल-हिलाल से अलग होने के बाद जनवरी में छह महीने के कॉन्ट्रैक्ट पर अपने बचपन के क्लब में लौट आया है। ब्राजील के सर्वकालिक शीर्ष गोल स्कोरर का नाम मेजर लीग सॉकर में जाने या यूरोप में वापसी की अटकलों से जुड़ा हुआ था, लेकिन उन्होंने अब 2025 सीजन के अंत तक सैंटोस क्लब में बने रहने पर सहमति जताई है। नेमार ने क्लब की वेबसाइट पर एक बयान में कहा, "मैंने एक फैसला लिया और अपने दिल की बात सुनी। सैंटोस सिर्फ मेरी टीम नहीं है। यह मेरा घर, मेरी जड़ें, मेरा इतिहास और मेरा जीवन है। उन्होंने आगे कहा, "यहां मैं एक लड़का था, जो एक आदमी बन गया। मुझे सच में बहुत प्यार मिलता है। यहां मैं वास्तव में खुश हूं। यहीं पर मैं अपने करियर में अधूरे सपनों को पूरा करना चाहता हूं। मुझे कोई नहीं रोक सकता। मैं जाता हूं, वापस आता हूं और यहीं रहता हूं। जहां से यह सब शुरू हुआ और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा। नेमार ने 2009 में सैंटोस के लिए अपना प्रोफेशन डेब्यू किया और क्लब के लिए 243 मैच खेले। इस दौरान 141 गोल किए और 69 असिस्ट दिए। चोटों के कारण वह इस साल आठ बार के ब्राजीलियाई सीरी-ए चैंपियन के लिए सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं। सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने कहा, "यह ब्राजीलियन फुटबॉल के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। सैंटोस एफसी के फैंस के लिए एक तोहफा है। हमारा आइडल, हमारा लड़का, हमारी नंबर 10 शर्ट वाला राजकुमार हमेशा बना रहेगा। यह पुनर्निर्माण प्रक्रिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण है। हमें मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह नेमार की जरूरत थी। नेमार ने ब्राजील के लिए 128 मैचों में 79 गोल किए हैं, लेकिन अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से उन्होंने पांच बार के विश्व कप विजेता का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीयों से सालाना 10 अरब डॉलर की खरीददारी करेगा वॉलमार्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




- वॉलमार्ट के सीईओ मैकमिलन ने कहा कि कंपनी का भारत के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण है।
- मैकमिलन ने कहा कि वॉलमार्ट कई वर्षों से भारत में मौजूद है और यह उपस्थिति आगे भी जारी रहेगी।

वॉलमार्ट ग्लोबल के सीईओ और प्रेसिडेंट डग मैकमिलन ने कहा कि भारत आपूर्तिकर्ताओं से 2027 तक प्रति वर्ष 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना हमारा लक्ष्य है। अपनी भारत यात्रा पर मैकमिलन ने कहा कि भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को इतनी तेजी से बढ़ते देखना दुर्लभ है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मैकमिलन ने कहा कि एक यात्रा में भारत में क्या हो रहा है, इसकी केवल एक झलक मिल सकती है। भारत की कहानी को समझने के लिए उन्होंने बार-बार यात्राएं की हैं। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में हम केवल कुछ ही श्रेणियों के उत्पादों को भारत से खरीदते थे, लेकिन जब हमने यहां पर ध्यान केंद्रित किया तो हमारा सोर्सिंग बिजनेस देश में काफी तेजी से बढ़ा और यह आज प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है, जो कि एक बड़ा लक्ष्य है। वॉलमार्ट ने दिसंबर 2020 में भारत से प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर से उत्पादन सोर्स या खरीदने की घोषणा की थी। मैकमिलन ने कहा कि वॉलमार्ट का भारत के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण है। मैकमिलन ने कहा, "हम इतने सालों से यहां हैं और आप उम्मीद कर सकते हैं कि यह जारी रहेगा और हमें पूरी दुनिया में व्यापार करने का मौका मिलता है और इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था का इतनी तेजी से बढ़ना और इतने सारे लोगों के लिए इतने अवसर पैदा करना दुर्लभ है। भारत में वॉलमार्ट के पिछले अधिग्रहणों, फ्लिपकार्ट और फोनपे के बारे में बोलते हुए, मैकमिलन ने कहा कि कंपनी अपने भारतीय अधिग्रहणों, फ्लिपकार्ट और फोनपे से बहुत कुछ सीख रही है। वॉलमार्ट दो दशकों से भारत में मौजूद है और इसने अपने वैश्विक परिचालन के लिए 30 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के सामान की सोर्सिंग की है। 2002 में स्थापित बेंगलुरु में इसके वैश्विक सोर्सिंग कार्यालय भारतीय निर्माताओं को अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, मध्य अमेरिका और यूके के बाजारों से जोड़ता है।

## कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण-2 को दी मंजूरी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण वनाज से चांदनी चौक (कॉरिडोर 2ए) और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी (कॉरिडोर 2बी) को मंजूरी दे दी है। यह चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी कॉरिडोर का विस्तार है। यह रणनीतिक विस्तार पुणे की आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा और अर्बन ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगा। साथ ही महानगरीय क्षेत्र में सस्टेनेबल और इंक्लूसिव डेवलपमेंट में महत्वपूर्ण योगदान देगा। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे, जो चांदनी चौक, बावधन, कोथरुड, खराडी और वाघोली जैसे तेजी से विकसित हो रहे उपनगरों को जोड़ेंगे। इस परियोजना को चार साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लॉन्ग-टर्म मोबिलिटी प्लानिंग के तहत, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों से इंटरसिटी बस सेवाओं को चांदनी चौक में इंटीग्रेट किया जाएगा, जबकि अहिल्या नगर और छत्रपति संभाजी नगर, वाघोली में कनेक्ट होंगे।

## केंद्र ने गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने बुधवार को स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में 417 करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को मंजूरी दे दी। स्वीकृत ईएमसी 2.0 परियोजना का विकास यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) द्वारा किया जाएगा। क्लस्टर 200 एकड़ में फैला होगा और इसमें 2,500 करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है। परियोजना की समीक्षा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने की। आईटी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि



परियोजना को लागू करने में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैष्णव ने कहा, "इस परियोजना से विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का निर्माण होगा और 15,000 नौकरियां पैदा होंगी। यह भारत में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह रोजगार सृजन और विकसित भारत के निर्माण पर सरकार के फोकस को दर्शाता है।" अधिकारियों को परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया गया है। इस क्लस्टर से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स, चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटर हार्डवेयर और संचार उपकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

इस क्लस्टर में स्टार्टअप और एमएसएमई विश्व स्तरीय प्लग-एंड-प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर और शेयर्ड सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इसमें स्टैंडर्ड फैक्ट्री शेड, बिजली, पानी की व्यवस्था, सीवेज ट्रीटमेंट, हॉस्टल, कौशल विकास केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र आदि शामिल हैं।

## ईपीएफओ ने एडवांस क्लेम की सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपए की

**नई दिल्ली** । श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एडवांस क्लेम के लिए ऑटो-सेटलमेंट सीमा को मौजूदा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया है। अब 72 घंटों के भीतर फास्ट-ट्रैक वितरण किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, यह कदम सदस्य सेवाओं को बढ़ाने के प्रयासों में महत्वपूर्ण है। इस कदम से लाखों ईपीएफओ सदस्यों को, खासकर तत्काल जरूरत के समय, जल्दी धन प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## सस्ते में सोना खरीदने का मौका, चांदी का दाम भी 700 रुपए से अधिक गिरा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सोना और चांदी खरीदारों के लिए



खुशखबरी है। दोनों कीमती धातुओं की कीमत में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 106 रुपए कम होकर 97,157 रुपए हो गया है, जो कि पहले 97,263 रुपए था। 22 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 88,996 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 89,093 रुपए था।

वहीं, 18 कैरेट के सोने की कीमत 72,947 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 72,868 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 767 रुपए कम होकर 1,05,200 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,05,967 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी में तेजी देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.32 प्रतिशत बढ़कर 97,335 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.06 प्रतिशत बढ़कर 1,04,979 रुपए थी।

## भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, सेंसेक्स 700 अंक उछला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा



तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,755.51 और निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,244.75 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया, रियल्टी, इन्फ्रा, फार्मा और सर्विसेज इंडेक्स हरे निशान में थे। निफ्टी के प्राइवेट बैंक और पीएसई इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 259.30 अंक या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,881.70 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 275.10 अंक या 1.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,277.85 पर था।

## बासमती चावल निर्यात में 2024-25 में 2,000 करोड़ रुपए वृद्धि

**नई दिल्ली**। ईरान-इजरायल युद्ध के बावजूद भारत के बासमती चावल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 1,923 करोड़ रुपए बढ़ा है। वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। डीजीसीआईएस के आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 50,312 करोड़ रुपए (5.87 अरब डॉलर) के बासमती चावल का निर्यात किया था।